शुक्ल पक्ष, 23 वर्ष, अंक 118 पृष्ठ 08 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज शुक्रवार 24 मई 2024

विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# बीजेपी तीसरी बार सरकार बनाने की राह पर: मोदी

## 4 जून को भाजपा के रिकॉर्ड आंकड़े छूने के साथ ही शेयर बाजार भी नई रिकॉर्ड ऊंचाई को छू जाएगा

**नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जोर देकर कहा है कि भारतीय जनता पार्टी रिकॉर्ड तीसरी बार सरकार बनाने की राह पर है और पार्टी की जीत से देश के शेयर बाजार में भी रिकॉर्ड छलांग दिखेगी। पीएम मोदी ने कहा, "मैं विश्वास के साथ कह सकता हूं कि 4 जून को भाजपा के रिकॉर्ड आंकड़े छूने के साथ ही शेयर बाजार भी नई रिकॉर्ड ऊंचाई को छू जाएगा।"

पीएम मोदी ने कहा कि सेंसेक्स 2024 में 2014 के 25,000 अंक से बढ़कर 75,000 हो गया है। उन्होंने यह भी कहा कि निवेशकों ने उनकी सरकार में विश्वास दिखाया है। उन्होंने कहा, 'शेयर बाजार का हम पर जो भरोसा है, वह पिछले एक दशक के उल्लेखनीय प्रदर्शन से जाहिर होता है। जब हमने कार्यभार संभाला था, सेंसेक्स लगभग 25000 प्वाइंट था। आज, यह लगभग 75000 अंक पर है, जो ऐतिहासिक वृद्धि को दशार्ता है। हाल ही में हम पहली बार 5 ट्रिलियन डॉलर के मार्केट कैप पर पहुंचे हैं। पीएम ने कहा, "पिछले 10 वर्षों में, यदि आप डीमैट खातों की संख्या पर एक नजर डालते हैं, तो आप समझेंगे कि नागरिकों ने भारतीय अर्थव्यवस्था में विश्वास दिखाना कैसे शुरू कर दिया है। म्यूचुअल फंड निवेशकों की संख्या 2014 में 1 करोड़ से बढ़कर आज 4.5 करोड़ हो गई है।



परिणामस्वरूप, हमारे पास घरेलू निवेश का व्यापक आधार है। हमारे निवेशक हमारे द्वारा लागू किए गए बाजार-समर्थक सुधारों से अच्छी तरह वाकिफ हैं। इन सुधारों ने एक मजबूत और पारदर्शी वित्तीय प्रणाली बनाई है, जिससे हर भारतीय के लिए शेयर बाजारों में भाग लेना आसान हो गया है। लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार अपने अंतिम चरण में पहुंचने के साथ ही पीएम मोदी को भरोसा है कि मतदाताओं ने उनकी पार्टी पर भरोसा जताया है। उन्होंने कहा, "इसके विपरीत, विपक्ष की तरफ माहौल बहुत गंभीर और निराशाजनक है। यह दशार्ता है कि हम मौजूदा चुनावों में ऐतिहासिक जीत हासिल करने की राह पर हैं। लोगों को भी इस बात का एहसास है और इसलिए वे कांग्रेस और उसके सहयोगियों पर अपना वोट बर्बाद नहीं करेंगे जो पहले ही चुनाव हार चुके हैं।"

## ठीक से बंटवारा करती कांग्रेस, तो करतापुर साहिब को दूरबीन से न देखना पड़ता : मोदी

**चंडीगढ़**

प्रधानमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को पंजाब के पटियाला में इंडी गठबंधन और कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने एकतरफ देश का बंटवारा कर दिया और उसमें भी गड़बड़े कीं। इसका परिणाम यह हुआ कि 70 सालों तक करतारपुर साहिब के दूरबीन से दर्शन करने पड़ते थे। प्रधामनंत्री ने आज यहां पटियाला से प्रत्याशी परनीत कौर



व अन्यो के समर्थन में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। प्रधानमंत्री ने पंजाब में अलग-अलग और दिल्ली हरियाणा में एकसाथ लड़ने वाली आम आदमी पार्टी और कांग्रेस को एक जैसा बताया। उन्होंने कहा कि पंजाब में दिखावे के लिए दोनों पार्टियां अलग लड़ रही हैं लेकिन और पंजा और झाड़ू की एक ही दुकान हैं। उन्होंने कहा कि देश के सामने एक तरफ भाजपा और एनडीए है, दूसरी तरफ भ्रष्टाचारियों का ईडी-गठबंधन है, इंडी गठबंधन जिसके पास ना नेता है ना नीयत है। इडी-गठबंधन समाज को, देश को बांटना चाहता है लेकिन मोदी, भारत को विकसित बनाना चाहता है। मोदी ने कहा कि राष्ट्र रक्षा हो, आस्था और संस्कृति की रक्षा हो या फिर देश का विकास, पंजाब ने, सिख समाज ने, हमेशा आगे बढ़कर काम किया है।

## लाहौर जाकर चेक कर आया हूं...' पीएम मोदी



**नई दिल्ली**

लोकसभा चुनाव के बीच पाकिस्तान का जिक्र खूब हो रहा है। कुछ दिनों पहले कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर का एक वीडियो काफी वायरल हुआ, जिसमें उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के पास एटम बम है, इसलिए उस देश की इज्जत करनी चाहिए। कांग्रेस नेता के इस बयान पर भाजपा नेताओं ने निशाना साधा। मणिशंकर अय्यर के बयान पर पीएम नरेंद्र मोदी ने एक बार फिर प्रतिक्रिया दी है।

**पीएम मोदी ने अपने पाकिस्तान दौरे का किया जिक्र**

नरेंद्र मोदी ने एक निजी टीवी चैनल को दिए इंटरव्यू में कहा कि उनकी (पाकिस्तान) ताकत मैं खुद लाहौर जाकर चेक कर आया हूं। वहां पर एक रिपोर्टर बोल रहा था कि हाय अल्लाह तौबा, हाय अल्लाह तौबा। ये बिना वीजा के पाकिस्तान कैसे आ गए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आगे कहा," आखिर पाकिस्तान से क्या डरना। किसी जमाने में वह हमारा ही हिस्सा था।"

**पीएम मोदी ने नवाज शरीफ से की थी मुलाकात**

बता दें कि नरेंद्र मोदी पीएम बनने के एक साल बाद साल 2015 में पाकिस्तान के लाहौर पहुंचे थे। तत्कालीन प्रधानमंत्री नवाज शरीफ से मुलाकात करने के बाद उन्होंने इनकी मां को उपहार भी दिए थे। उस दिन वो शरीफ की पोती की निकाह में भी शामिल हुए थे। पाकिस्तानी पीएम नवाज शरीफ ने एयरपोर्ट पर उनकी अगवानी की और गले मिलकर स्वागत किया था। एयरपोर्ट पर ही मोदी को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया था। पीएम मोदी ने अचानक पाकिस्तान पहुंचकर पूरी दुनिया को चौंका दिया था।

## राजस्थान में 48 डिग्री सेल्सियस टेम्परेचर एक की मौत

**नई दिल्ली**

उत्तर भारत भीषण गर्मी की चपेट में है। बुधवार (22 मई) को देश में सबसे गर्म शहर राजस्थान का बाड़मेर रहा। यहां अधिकतम तापमान 48 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग ने राजस्थान, पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश में चार दिन के लिए हीटवेव का रेड अलर्ट जारी किया है। जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, गुजरात, मध्य प्रदेश, दिल्ली और महाराष्ट्र में भी लू का अलर्ट है। राजस्थान में आने वाले दिनों में तापमान 50 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। राज्य के 19 शहरों में बुधवार को तापमान 45 डिग्री सेल्सियस के पार रिकॉर्ड किया गया था। वहीं गर्मी से राजस्थान के बालोतरा जिले की निमार्णाधीन रिफाइनरी में काम कर रहे एक मजदूर की मौत हो गई। गुजरात के अहमदाबाद और गांधीनगर में आज और कल (23-24 मई) तापमान को लेकर रेड अलर्ट घोषित किया गया है। मौसम विभाग के मुताबिक, रात 10 बजे भी टेम्परेचर 40 डिग्री रहेगा।

## सरकारी नीति की आलोचना विपक्ष का अधिकार : चिदंबरम

**नई दिल्ली**

चुनाव आयोग (ईसीआई) ने कांग्रेस को अग्निपथ योजना के नाम पर सेना पर सियासत से परहेज करने का निर्देश दिया है। आयोग के इस फैसले पर पार्टी के नेता पी. चिदंबरम ने नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग ने उनकी पार्टी को अग्निवीर योजना का राजनीतकरण नहीं करने का निर्देश देकर बहुत गलत किया है। चुनाव आयोग ने बुधवार को जाति, धर्म, समुदाय, संविधान और अग्निवीर योजना को लेकर सियासत करने पर सत्तारूढ़ पार्टी भाजपा और मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस को फटकार लगाई थी।

**चुनाव आयोग के निर्देश पर चिदंबरम ने दी प्रतिक्रिया**

चुनाव आयोग के इस निर्देश पर कांग्रेस के वरिष्ट नेता पी. चिदंबरम ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा, "चुनाव आयोग द्वारा कांग्रेस को अग्निवीर योजना को लेकर राजनीति नहीं करने का निर्देश देना गलत है।"

## सातों सीट जीतने के लिए कांग्रेस और आआपा कार्यकर्ता मिलकर काम करें : राहुल गांधी

**नई दिल्ली**

**कांग्रेस** के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने दिल्ली में चुनाव प्रचार के आखिरी दिन गुरुवार को दिलशाद गार्डन में उत्तर पूर्वी दिल्ली से कांग्रेस उम्मीदवार कन्हैया कुमार के समर्थन में जनसभा की। उन्होंने इंडी गठबंधन उम्मीदवारों के लिए वोट की अपील करते हुए पार्टी कार्यकताओं से कहा कि दिल्ली में सातों सीटों को जीतना है। इसके लिए कांग्रेस और आम आदमी पार्टी (आआपा) के कार्यकर्ता मिलकर काम करें। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि इस चुनाव में लड़ाई भारतीय संविधान की रक्षा के लिए है। कांग्रेस नेता ने कहा,



ह्लयह महज एक किताब नहीं है, हमारा संविधान गांधी, अंबेडकर और नेहरू की हजारों साल की वैचारिक विरासत को समेटे हुए है ह्व राहुल ने आरोप लगाया कि भाजपा हमेशा संविधान को फाड़कर फेंक देना चाहती है। आरक्षण को लेकर कांग्रेस नेता ने कहा कि भाजपा के लोग आरक्षण को खत्म करने की बात करते हैं लेकिन कांग्रेस ने अपने मेनिफेस्टो में कहा है कि हम आरक्षण से 50 प्रतिशत की लिमिट खत्म कर उसे 50 प्रतिशत से आगे बढ़ाएंगे।

## किर्गिस्तान में भारतीयों पर हमले, स्टूडेंट बोली- हमें बचाओ

### कहा- सड़कों पर मारपीट हो रही, लड़कियों से रेप, विदेश मंत्री बोले- सब कुछ सामान्य

**सूरत**

**किर्गिस्तान** की राजधानी बिश्केक में 13 मई को मिस्र और अरबों के बीच लड़ाई के बाद हिंसा भड़क उठी है। किर्गिज लोग भारत, पाकिस्तान और बांग्लादेश के छात्रों को निशाना बना रहे हैं। उधर, बिश्केक स्थित भारतीय दूतावास ने बयान जारी कर कहा



कि पिछले कुछ दिनों में एक अप्रिय घटना हुई है।यहां विभिन्न शहरों में करीब 17000 भारतीय छात्र हैं। इसके अधिकांश छात्र बिश्केक में रहते हैं। हिंसा का असर किर्गिस्तान में पढ़ रहे कुछ गुजराती छात्रों पर भी पड़ रहा है। रिया ने कहा हम हॉस्टल तो दूर, एयरपोर्ट भी नहीं छोड़ सकते। हमने सभी मंत्रियों को ट्वीट और मेल किया है लेकिन अभी तक किसी ने जवाब नहीं दिया है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि सब कुछ सामान्य हो गया है। लेकिन हमारी सरकार को यहां के बारे में कुछ भी पता नहीं है। सिर्फ हम ही जानते हैं कि यहां क्या हो रहा है। भारत सरकार हमारी मदद कब करेगी। रिया ने बताया किर्गिस्तान के बिश्केक में एक हफ्ते पहले चोरी जैसी मामूली घटना हुई थी, जिसमें छात्रों के बीच मारपीट हो गई। इसके बाद मारपीट का वीडियो स्थानीय सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। कहा जाने लगा कि विदेशों से लोग हमारे देश में आ रहे हैं और लोगों को मार रहे हैं। जिससे स्थिति बिगड़ी। स्थानीय छात्रों की पिटाई का मुद्दा गरमा गया और इसके बाद चारों तरफ मारपीट और दंगे होने लगे। स्थानीय लोग खासतौर पर अरब, मिस्र, भारतीय और पाकिस्तानी छात्रों को निशाना बना रहे हैं। हालात बदतर होते जा रहे हैं।

## सिद्धारमैया ने पीएम को चिट्ठी लिख प्रज्वल का पासपोर्ट रद्द करने को कहा



**बंगलूरू**

**प्रज्वल रेवन्ना** अश्लील वीडियो मामले में कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक पत्र लिखा। उन्होंने पीएम मोदी से जेडीएस सांसद प्रज्वल रेवन्ना का राजनयिक पासपोर्ट रद्द करने का अनुरोध किया। इसके साथ उन्होंने प्रज्वल रेवन्ना को भारत वापस लाने और उनके खिलाफ त्वरित कार्रवाई करने की भी मांग की। सूत्र के अनुसार, विदेश मंत्रालय ने कर्नाटक सरकार की चिट्ठी का जवाब दिया। उन्होंने बताया कि इस मामले में कार्रवाई की जा रही है। अपने पत्र में सीएम सिद्धारमैया ने कहा, "शर्मनाक है कि प्रज्वल रेवन्ना 27 अप्रैल को अपने राजनयिक पासपोर्ट के जरिए जर्मनी निकल गए। वो भी अपने घिनौनी कृत्यों की खबरें सामने आने के बाद। इसके कुछ ही घंटों बाद उन पर एफआईआर भी हुई थी।"

**कर्नाटक के गृह मंत्री ने भी की थी पासपोर्ट रद्द करने की मांग**

इससे पहले कर्नाटक के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने अश्लील वीडियो मामले में केंद्र सरकार से प्रज्वल रेवन्ना का राजनयिक पासपोर्ट रद्द करने की मांग की थी। केंद्र की तरफ से कोई प्रतिक्रिया न मिलने पर उन्होंने कहा था कि यह केंद्र की जिम्मेदारी है कि तय कानून के तहत मदद करे और राजनयिक पासपोर्ट को रद्द करे।

बता दें कि कर्नाटक में प्रज्वल रेवन्ना का मामला काफी विवादों में है।

## अपने गुरु को धोखा देने वाला दिल्ली के लोगों का विश्वास कैसे जीत सकता है : राजनाथ

**नई दिल्ली**

**पश्चिमी** दिल्ली लोकसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की प्रत्याशी कमलजीत सहरावत के पक्ष में चुनाव प्रचार करने पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आज नजफगढ़ पहुंचे। यहां रोशन गार्डन में आयोजित जनसभा में उन्होंने आम आदमी पार्टी (आआपा) तथा दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की



कार्यशैली की आलोचना की।

राजनाथ सिंह ने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने अपने गुरु अन्ना हजारे को धोखा दिया है। वह दिल्ली के लोगों का विश्वास कैसे जीत सकते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे व्यक्ति पर कैसे विश्वास किया जा सकता है कि वह दिल्ली की जनता को धोखा नहीं देगा।

राजनाथ सिंह ने आगे कहा कि जो दिल्ली सरकार महिलाओं को सुरक्षा नहीं दे सकी, उसे सत्ता में रहने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है।

उन्होंने कहा कि आआपा कांग्रेस गठबंधन की 'बी' टीम के रूप में काम कर रही है।

## कलकत्ता हाईकोर्ट ने ममता सरकार को लगाया 'तमाचा': शिवराज

**भोपाल**

मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पश्चिम बंगाल में मुसलमानों को ओबीसी आरक्षण देने के मामले में कलकत्ता हाईकोर्ट के फैसले का स्वागत किया है। साथ ही इसे पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस सरकार के लिए तमाचा करार दिया है। उन्होंने कहा कि सिर्फ वोट बैंक की राजनीति करने वाली ममता जी की कलई खुल गई है। तुष्टिकरण पर उतारु ममता बनर्जी हाईकोर्ट के फैसले को मानने के बजाय कह रही हैं कि मैं ये फैसला नहीं मानती हूं। यह फैसला लागू नहीं होगा। क्या ये संविधान का अपमान नहीं है? ममता बनर्जी अपने आप को समझती क्या हैं? दिल्ली में पत्रकारों से बात करते हुए शिवराज ने कहा कि क्या ममता संविधान के ऊपर हैं? आजादी के बाद से आज तक संवैधानिक पद पर बैठे किसी व्यक्ति ने कभी यह नहीं कहा कि मैं कोर्ट के फैसले को नहीं मानूंगा।

## चुनाव आयोग बूथ वार वोटिंग डेटा देने के खिलाफ

### सुप्रीम कोर्ट में कहा- इसमें बैलेट पेपर के आंकड़े भी होंगे, इससे वोटर्स में भ्रम फैलेगा

**नई दिल्ली**

**चुनाव आयोग ने** चुनाव के 48 घंटे के भीतर बूथ वार वोटिंग का डेटा सार्वजनिक करने की मांग का विरोध किया है। सुप्रीम कोर्ट में दाखिल एफिडेविट में आयोग ने बुधवार को कहा, 'फॉर्म 17सी (हर मतदान केंद्र पर डाले गए वोटों का रिकॉर्ड) के आधार पर वोटिंग डेटा का खुलासा करने से मतदाताओं के बीच भ्रम पैदा होगा, क्योंकि इसमें बैलेट पेपर की गिनती भी शामिल होगी।' आयोग ने कहा, 'ऐसा कोई कानून




नहीं है, जिसके आधार पर सभी मतदान केंद्रों का फाइनल वोटिंग डेटा जारी करने के लिए कहा जा सके। फॉर्म 17सी केवल पोलिंग एजेंट को दे सकते हैं। इसे किसी अन्य व्यक्ति या संस्था को देने की अनुमति नहीं है।' फॉर्म 17सी वह प्रमाण पत्र है, जिसे पीठासीन अधिकारी सभी प्रत्याशियों को प्रमाणित करके देता है। चुनाव आयोग ने कहा, 'कई बार जीत-हार का अंतर नजदीकी होता है। आम वोटर फॉर्म 17सी के अनुसार बूथ पर पड़े कुल वोटों और बैलेट पेपर को आसानी से नहीं समझ सकते। ऐसे में इसका इस्तेमाल गलत तरीके से चुनावी प्रक्रिया पर कलंक लगाने के लिए किया जा सकता है, जिससे मौजूदा चुनाव में अव्यवस्था फैल सकती है।'

**चुनाव आयोग पर वोटिंग पर्सेंट देर से जारी करने का आरोप**

दरअसल, एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स ने सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका लगाई है। इसमें वोटिंग के 48 घंटे के भीतर सभी बूथ का फाइनल डेटा आयोग के वेबसाइट पर जारी करने की मांग की गई है। चुनाव आयोग पर लोकसभा चुनाव के पहले दो चरणों में वोटिंग पर्सेंट जारी करने में देरी का आरोप लगाया। याचिका में कहा गया कि पहले तो डेटा जारी करने में देरी हुई। इसके बाद शुरूआती डेटा के मुकाबले फाइनल डेटा में वोटिंग पर्सेंट काफी बढ़ गया। याचिका के मुताबिक, चुनाव आयोग ने 19 अप्रैल को पहले चरण के मतदान के 11 दिन बाद और 26 अप्रैल को दूसरे चरण के मतदान के चार दिन बाद 30 अप्रैल को फाइनल वोटिंग पर्सेंट जारी किया था। इसमें वोटिंग के दिन जारी शुरूआती आंकड़े के मुकाबले वोटिंग पर्सेंट लगभग 5-6 प्रतिशत ज्यादा था।

**चुनाव आयोग बोला- चुनाव प्रक्रिया को लेकर संदेह पैदा करने का अभियान चल रहा**

सुप्रीम कोर्ट ने 17 मई को एनजीओ की याचिका पर सुनवाई करते हुए चुनाव आयोग से एक हफ्ते में जवाब मांगा था। बुधवार (22 मई) को आयोग ने कहा, 'चुनाव प्रक्रिया को लेकर भ्रामक दावों और निराधार आरोपों से संदेह पैदा करने का अभियान चल रहा है। इसे समझना होगा। सच सामने आने तक नुकसान हो चुका होगा।


# एक तरफ भ्रष्टाचारी तो दूसरी तरफ नेकदिल नीरज त्रिपाठी : केशव प्रसाद मौर्य

## शंकरगढ़ वासियों को चार जून के बाद मिलने लगेगी रोडवेज बस की सुविधा, राजा की कोठी में हुई सभा में की घोषणा, पेयजल का भी होगा स्थाई समाधान

**अखंड भारत संदेश**

**शंकरगढ़।** सूबे के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा, देशवासियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का दस साल का कार्यकाल देखा। चौतरफा विकास देखा। एक्सप्रेस वे और हाईवे देखा। संगमनगरी में सिविल एयरपोर्ट का विकास और वाटर वे देखा। कश्मीर में धारा 370 को हटते देखा और सदियों की प्रतीक्षा के बाद अयोध्या में राम मंदिर को बनते देखा।

नगर पंचायत शंकरगढ़ में आयोजित चुनावी जनसभा में योगी सरकार के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा, भाजपा सरकार के द्वारा दस बरस में किया गया यह विकास तो सिर्फ ट्रेलर है। असली पिक्चर तो तीसरे कार्यकाल में चार जून के बाद दिखाई देगी। भाजपा प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी के चुनाव प्रचार के अंतिम दिन राजा शंकरगढ़ की कोठी के मैदान पर आयोजित सभा में मतदाताओं का अभिवादन करते हुए केशव प्रसाद मौर्य ने सपा-कांग्रेस के गठजोड़ पर भी निशाना साधा। कहा, वह भी आप लोगों ने देखा है, जब विकास के लिए कांग्रेस 100 रुपया भेजती थी तो 15 रुपये काम पर खर्च होता था



और 85 रुपया भ्रष्टाचारियों की जेब में चला जाता था। विधानसभा बारा से विधायक डा. वाचस्पति की तारीफ करते हुए कहा कि वह क्षेत्र के विकास में निरंतर लगे रहते हैं। मुझे पूरे भरोसा है कि बारा विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी को एक लाख वोटों की लीड मिलेगा। मौजूदा लोकसभा चुनाव का हवाला देते हुए कहा, चुनाव में एक तरफ गुंडे, माफिया, अपराधी, दंगाई और भ्रष्टाचारियों की फौज है तो दूसरी तरफ एक नेकदिल और ईमानदार प्रत्याशी के रूप में नीरज त्रिपाठी। चाय बेचने वाले गरीब परिवार के बेटे नरेंद्र मोदी के दस वर्ष का विकास आप सब देख रहे हैं। आज भारत का डंका पूरी दुनिया में बज रहा है।

**चुनाव बाद शंकरगढ़ में लगाऊंगा चौपाल :**

जिलाध्यक्ष विनोद प्रजापति, जिलाउपाध्यक्ष जय सिंह पटेल, संतोष त्रिपाठी, कमलेश का नाम लेते हुए कहा, शंकरगढ़ से मेरा भी बड़ा गहरा नाता है। मुझे मालूम है कि शंकरगढ़ की सबसे बड़ी समस्या पेयजल की है और दूसरी रोडवेज बस के न चलने की है। चार जून के बाद रोडवेज की समस्या अपने आप खत्म हो जाएगी और पानी की समस्या के लिए नरेंद्र मोदी की सरकार द्वारा हर घर नल योजना का संचालन किया जा रहा है।शंकरगढ़ के लिए विशेष रूप से योजना चलाकर इस समस्या को दूर किया जाएगा। चुनाव जीतने के बाद मैं स्वयं शंकरगढ़ आऊंगा और चौपाल लगाकर यहां की समस्याओं को दूर करूंगा। डिप्टी सीएम ने कहा कि गरीब हो या फिर अमीर, सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा, चिकित्सा जैसी मूलभूत सुविधाएं सभी को मिलेंगी।

**गरीबी रेखा से बाहर आए 25 करोड़ लोग :**

नरेंद्र मोदी ने कहा है कि तीसरे टर्म में देश की अर्थव्यवस्था को तीसरे पायदान पर ले जाएंगे। गरीबी और रोजगार की समस्या को दूर करेंगे। मोदी की इसी गारंटी की वजह से विपक्षी परेशान हैं। यदि यह समस्याएं दूर हो जाएंगी तो विपक्षियों की राजनीति ही खत्म हो जाएगी। नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में देशभर से 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आए। करोडों लोगों को आवास, शौचालय, आयुष्मान, उज्ज्वला समेत दर्जनों योजनाओं का लाभ मिला। जबकि विपक्षी दलों के शासन में आम जनता इन्ही सुविधाओं के लिए तरसती थी। नरेंद्र मोदी ने कहा है कि न खाऊंगा और न खाने दूंगा। विपक्षी सिर्फ इसीलिए परेशान हैं कि अब उन्हे भ्रष्टाचार करने का मौका नहीं मिलने वाला और भ्रष्टाचारियों को जेल का भय अलग से सता रहा है। वह दिन गए, जब बूथ लूट लिया जाता था केशव प्रसाद मौर्य ने कहा, अब वह दिन चले गए, जब बूथ पर कब्जा कर लिया जाता था। वोट खरीद लिए जाते थे। जनता ने इसकी भारी कीमत चुकाई और अब वह देश केविकास के साथ खड़ी है। जनसभा को बारा विधायक डॉक्टर वाचस्पति, राजा महेंद्र प्रताप सिंह, योगेश शुक्ला, सुबोध सिंह, विभवनाथ भारती, भागवत पांडेय आदि ने भी संबोधित किया। इस मौके पर विभूति नारायण, पार्वती कोटार्य,डॉ विनोद त्रिपाठी, संतोष त्रिपाठी, गोपालदास गुप्ता, सुधा गुप्ता अनूप केशरवानी, रोहित केसरवानी,रतन केसरवानी, अरविंद केसरवानी,राजेन्द्र केसरवानी, सुजीत केसरवानी, मसुरिया दीन वर्मा, रामजतन बंसल, उमा वर्मा, नेहा सिंह, ज्योति कनौजिया, कमलेश त्रिपाठी, अखिलेश सिंह, सतीश विश्वकर्मा, राकेश निषाद समेत हजारों लोग मौजूद रहे। संचालन शिवराम सिंह परिहार और अनूप केसरवानी ने संयुक्त रूप से किया।

# थानापुर ढाबे पर बम कांड में मुकदमा पंजीकृत कर पुलिस जांच में जुटी

**अखंड भारत संदेश**

**सहसों।** थरवई थाना क्षेत्र के थानापुर गांव के सामने दो बाइक से आए चार युवक ने ढाबा संचालक पर जान से मारने की नीयत से बम फेंक कर फरार हो गए। जिसमें ढाबा संचालक एवं कर्मचारी बाल बाल बच गए। सूचना पर पहुंची पुलिस सीसीटीवी फुटेज को खगालते हुए ढाबा संचालक की तहरीर पर एक नामजद तथा तीन अज्ञात के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत जांच में जुटी है। जानकारी के अनुसार थानापुर गांव के रहने वाले कृपा शंकर शुक्ला गांव के सामने ही राजमार्ग पर ढाबा चलाते हैं। उन्होंने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि बुधवार की रात लगभग 11 बजे दो बाइक पर आए चार युवकों ने भोजन करने के पश्चात बेसिन में हाथ धो रहे ग्राहक से वाद विवाद करने लगे। संचालक के हस्तक्षेप के पश्चात बाइक सवार युवक चले गए लगभग 2 घंटे के बाद साढ़े बारह बजे बाइक से वापस लौटे तथा एक बम उन्होंने ढाबे पर फेंका इत्तेफाक से वह फटा नहीं। आगे जाकर पुनः वापस लौटकर दूसरा बम उन्होंने संचालक को जान से मारने की नीयत से ढाबा संचालक पर फेंका। जो फट गया जिससे भोजन कर रहे ट्रक चालक धनंजय सिंह निवासी करणपुर थाना रुद्रपुर जिला देवरिया को मामूली चोट आ गई। संयोग से ढाबा संचालक व कर्मचारी पूरी तरह बच गए। बम के फटने से ढाबा पर अफरा तफरी मच गई। इसकी सूचना तत्काल उन्होंने थरवई पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज को खंगालते हुए ढाबा संचालक की तहरीर पर पवन यादव उर्फ छोटू निवासी बेरूई थाना थरवई सहित तीन अज्ञात के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर जांच में जुटी हुई है। थाना अध्यक्ष अरविंद कुमार गौतम का कहना है कि तहरीर मिलने पर एक ज्ञात तथा तीन अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर जांच की जा रही है। मामले में आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# चुनाव में अराजकता एवं गड़बड़ी फैलाने वालों पर होगी कार्रवाई : राजेश उपाध्याय

**अखंड भारत संदेश**

**मेजा।** लोकसभा चुनाव को लेकर मेजा पुलिस प्रशासन ने कमर कस ली है। मेजा पुलिस हर हाल में शांतिपूर्ण चुनाव कराने को लेकर इन दिनों अलर्ट है। सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत मेजा कोतवाली क्षेत्र के सभी चौराहों एवं कस्बों में पुलिस एवं सेना के जवान जहां पैदल गश्त करते नजर आ रहे हैं वहीं आम जनमानस को सुरक्षा व्यवस्था का भी एहसास दिलाते हुए लोगों को मतदान के लिए जागरूक कर जा रहे हैं। ऐसे में मेजा थाना प्रभारी राजेश उपाध्याय ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि चुनाव सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में होगा और चुनाव के दौरान अराजकता एवं गड़बड़ी फैलाने वालों पर कठोर कार्यवाही की जाएगी उन्हें किसी भी कीमत पर बक्शा नहीं जाएगा।

उल्लेखनीय है कि लोकसभा चुनाव के दो दिन पूर्व बृहस्पतिवार



को मेजा थाना प्रभारी राजेश उपाध्याय के नेतृत्व में पुलिस टीम और सेना के जवान क्षेत्र के कई संवेदनशील बाजारों मेजारोड सिरसा मेजा खास रामनगर ऊंचडीह एवं कस्बों में पैदल गश्त कर लोगों सुरक्षा व्यवस्था का एहसास दिलाया। और कहा कि 25 मई को क्षेत्र के सभी बूथों पर होने वाला मतदान सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में कराया जाएगा क्षेत्र के सभी मतदाता शांति पूर्ण ढंग से अपने मताधिकार का प्रयोग करें। इस दौरान कही भी कोई अराजकता एवं गड़बड़ी नहीं होनी चाहिए। इतना ही नहीं थाना प्रभारी ने यह भी हिदायत देते हुए कहा कि चुनाव के दौरान यदि कोई अराजकता एवं चुनाव में गड़बड़ी फैलाने की कोशिश करेगा उसके विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी चाहे वह कितना ही प्रभावशाली क्यों न हो उसे किसी भी कीमत पर बक्शा नहीं जाएगा। गश्त के दौरान उन्होंने यह भी बताया कि पुलिस की इंटरनेट मीडिया और सोशल मीडिया पर भी पैनी नजर होगी भड़काऊ पोस्ट डालने अथवा किसी प्रकार का गलत दुष्प्रचार करने वाले संबंधित लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कर जेल भेजा जाएगा। प्रभारी निरीक्षक राजेश उपाध्याय ने क्षेत्र के लोगों का आह्वान करते हुए चुनाव में शांति व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करने एवं किसी भी प्रकार की अराजकता न फैलाने की अपील किया है। इस मौके पर चौकी प्रभारी मेजारोड अरविन्द

सोनकर, उपनिरीक्षक सुभाष गौतम बलवंत यादव बृजेश यादव दरोगा शिम्पी सिंह यादव, दरोगा आयूषी बाजपेई, विकास शर्मा, अखिलेश यादव, अमित कुमार के अलावा बड़ी संख्या में सेना के जवान प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में बंद कमरे में फांसी लगाकर युवक ने दी जान मचा कोहराम

**मेजा।** मेजा थाना के जेवनिया पुलिस चौकी अंतर्गत शुकुलपुर चिलबिला में एक युवक का कमरे में लटकता हुआ शव देख परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची चौकी पुलिस शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया। प्राप्त जानकारी अनुसार उक्त गांव निवासी राममनि हरिजन का पुत्र आशीष कुमार का शव कमरे के अंदर संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी से लटकता हुआ सुबह जब परिजन देखा तो उनके पैरों तले जमीन खिसक गई और घर कोहराम मच गया। बताया जाता है कि युवक जिस कमरे में फांसी लगाया था उसका दरवाजा अंदर से बंद था। लेकिन किस कारण से युवक फांसी ने फांसी लगाया यह फिलहाल स्पष्ट नहीं है। सूचना पर जेवनिया चौकी प्रभारी मनोज कुमार माय फोर्स मौके पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर जांच में जुटे हुए हैं। मृतक चार भाइयों में सबसे छोटा था फांसी किस कारण से लगाया है जांच पड़ताल के बाद ही स्पष्ट होगा। इस घटना से घर में परिजनों का रो रो का बुरा हाल।

# मंहगाई बेरोजगारी और संविधान बचाने के लिए उज्जवल को करें मतदान : पप्पू शर्मा

**मेजा।** प्रयागराज संसदीय क्षेत्र के मेजा तहसील के गांव कठौली समहन बंधवा विर्तिया मैदनिया बरसैता छतवा तथा रामनगर सहित कई गांवों में घर घर जाकर इंडिया गठबंधन प्रत्याशी उज्जवल रमण सिंह के लिए वरिष्ठ समाजसेवी हरिशंकर पप्पू भैया जी वोट मांगते हुए कहा कि देश में निरंतर बढ़ती मंहगाई बेरोजगारी और संविधान बचाने के लिए मतदान करें और उज्जवल रमण सिंह को भारी मतों से विजई बनायें।उल्लेखनीय है कि लोकसभा चुनाव के दौरान अपनी साफ सूथरी छवि एवं जनता में बढ़ती लोकप्रियता की बदौलत अक्सर अखबारों की सुर्खियों में रहने वाले समाजसेवी हरिशंकर शर्मा पप्पू भैया जी ने गठबंधन प्रत्यशी उज्जवल रमण सिंह को बड़ी जीत दिलाने के लिए क्षेत्र के मतदाताओं में पूरी ताकत झोंक दिए हैं। श्री शर्मा अपने समर्थकों के साथ बराबर पूरे सर्किल में घूम घूम कर पूरी तन्मयता के साथ जहां मतदाताओं से जनसंपर्क कर रहे हैं वहीं गठबंधन प्रत्याशी उज्जवल रमण सिंह

**समाजसेवी हरिशंकर शर्मा ने अपने समर्थकों के साथ मेजा के दर्जनों गांवों में कांग्रेस प्रत्याशी उज्जवल रमण के समर्थन में किया घर घर व्यापक जनसंपर्क**



को हांथ के पंजे के सामने की बटन दबाने और उन्हें भारी मतों से विजई बनाने के लिए मतदाताओं को जागरूक भी कर रहे हैं। जनसंपर्क के दौरान उन्होंने आम जनमानस का आह्वान करते हुए कहा की भाजपा सरकार में दलितों पिछड़ों एवं अल्पसंख्यकों का घोर शोषण किया जा रहा है मंहगाई बेरोजगारी चरम सीमा पर है। उन्होंने आम जनता के बीच स्पष्ट लहजे में कहा यदि बढ़ती हुई मंहगाई बेरोजगारी दूर करने के साथ साथ संविधान पर मडराने वाले खतरे को बचाना है तो गठबंधन प्रत्याशी उज्जवल रमण को बड़ी जीत दिलाकर दिल्ली की संसद में भेजना है क्योंकि उज्जवल रमण ही ऐसे जमीनी प्रत्याशी हैं जो यहां के आम जनमानस के दुख दर्द एवं पीड़ा के साथ साथ उनका विकास कैसे होगा भली भांति जानते हैं। श्री शर्मा ने 25 मई को क्षेत्र गांव एवं क्षेत्र के सभी मतदाताओं से हांथ के पंजे के सामने की बटन दबाकर कांग्रेस प्रत्याशी उज्जवल रमण सिंह को भारी मतों से विजई बनाने की अपील किया है। इस मौके पर सत्य प्रकाश शर्मा सचिन अवस्थी ग्राम प्रधान शंभू लाल विजय मिश्रा उर्फ बबलू पयासी मंगला निषाद राजकुमार सोनकर मैनेश सोनकर मुरारी लाल कनौजिया मनिक चन्द्र शर्मा मिश्री लाल सोनकर दिलीप सोनकर कामता हरिजन सुरेश पटेल रमाशंकर नई तथा आकाश नई आदि के अलावा कई अन्य समर्थक प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# जन जन की यही पुकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीसरी बार- पंडित विजय शर्मा



**प्रतापपुर।** भारतीय जनता पार्टी प्रतापपुर विधानसभा के वरिष्ठ नेता पंडित विजय शर्मा ने प्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र के देवली, पिड़ौना, उदगी, उग्रसेनपुर आदि गांवों में जनसंपर्क किया और उपस्थित लोगों से भाजपा प्रत्याशी डाक्टर विनोद कुमार बिंद को भदोही लोकसभा क्षेत्र से सांसद बनाने की अपील किया। विजय शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में देश प्रदेश का सर्वांगीण चहुंमुखी विकास हो रहा है यह विकास अनवरत चलता रहे इसके लिए भदोही से डाक्टर विनोद कुमार बिंद को मतदान करके सांसद बनाएं सबका साथ सबका विकास हो यही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी का प्रयास है। निवर्तमान मंडल अध्यक्ष प्रतापपुर आशुतोष त्रिपाठी ने कहा कि एक- एक मत राष्ट्रवाद एवं विकास पर प्रधानमंत्री मोदी एवं भदोही प्रत्याशी डॉ विनोद बिंद को प्राप्त होगा।कार्यक्रम में अपना दल नेता विनोद मौर्य, आचार्य मयंक मिश्रा, जगदीश द्विवेदी, श्वेतांक मिश्रा, अच्छे लाल पटेल, सुरेंद्र, महंत लाल, प्रदीप बिंद सहित तमाम सम्मानित कार्यकर्ता एवं ग्रामवासी मौजूद रहे।

# विकास के लिए जरूरत है लक्ष्मी हम सब की जरूरत है कमल का फूल : केशव प्रसाद मौर्य

**सहसों।** छत्रपति शिवाजी डिग्री कॉलेज सहसों की बाग में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने फूलपुर से भाजपा प्रत्याशी प्रवीण पटेल के समर्थन में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि विपक्ष के पास न तो नेता हैं, न नीति है, और न हीं नियति है। उन्होंने कहा आप सब की बदौलत हम सब नई ताकत, नई ऊर्जा का संजीवनी लेकर आगे बढ़ा जाएगा। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री जी दिन रात देश व देशवासियों की सेवा बिना छुट्टी लिए हुए कर रहे हैं। जिनकी बदौलत विकसित भारत, विकसित उत्तर प्रदेश एवं विकसित प्रयागराज बन रहा है। आगे भी तीसरी बार अपना अमूल्य मत देकर मोदी सरकार बनाएं। उन्होंने कहा विकास के लिए लक्ष्मी की जरूरत होती है जो कमल पर बैठकर आती हैं हम सब की जरूरत है कमल का फूल। उन्होंने कहा मोदी सरकार के







कार्यकाल में आज देश नई ऊंचाई पर पहुंच गया है। भ्रष्टाचार मुक्त, भय मुक्त एवं गुंडाराज खत्म करने के लिए इस महायज्ञ में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। उन्होंने सड़क, बिजली, पानी, राशन और उज्जवला योजना, आवास साहित्य आदि जनकल्याणकारी योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि अभी तो यह झांकी है पूरी पिक्चर बाकी है। उन्होंने विकास व सुशासन के लिए प्रवीण पटेल को भारी से भारी मतों से विजई बनाने का जनता से आह्वान किया। जनसभा के अंत में उन्होंने आगामी 25 तारीख को 70 फीसदी मतदान के आवाहन के साथ कहा कि सुबह सबसे पहले मतदान फिर जलपान करने का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष गंगापार अनिरुद्ध सिंह पटेल ने किया। इस अवसर पर जिला कोषाध्यक्ष गंगापार आशीष केसरवानी ने चांदी का मुकुट, ब्लॉक प्रमुख बहरिया शशांक मिश्रा ने गदा एवं सत्यम मिश्रा हिंदू ने राम दरबार की प्रतिमा भेंट कर डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य का स्वागत एवं सम्मान किया। इस मौके पर जिला अध्यक्ष कविता पटेल, लोकसभा संयोजक विधायक गुरु प्रसाद मौर्य, पूर्व सांसद नागेंद्र सिंह पटेल, ब्लॉक प्रमुख सहसों गीता सिंह, प्रमुख फूलपुर विपेन्द्र सिंह पटेल, प्रमुख बहादुरपुर अरुणेंद्र यादव डब्बू, रमेश कुमार द्विवेदी, वीरेंद्र बहादुर सिंह, अरुण मिश्रा पिंटू, अनिल सरोज, संजय सिंह, जय प्रकाश द्विवेदी, राजधर दुबे, कुमार शुक्ला अमन सिंह राजपूत सहित भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# ललितेश पति त्रिपाठी के चाचा बृजेश पति त्रिपाठी ने किया जनसंपर्क

**प्रतापपुर।** प्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र के पूरेडीह, प्रतापपुर, बगदहा, हवासाबाद, घुड़दौली, उग्रसेनपुर, सराय हरिराम, भोगवारा गांव में इंडिया गठबंधन के भदोही लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी ललितेश पति त्रिपाठी के समर्थन में उनके चाचा बृजेश पति त्रिपाठी अपने समर्थकों संग जनसंपर्क किया और ललितेश पति को मतदान करने की अपील किया। वक्ताओं ने कहा कि भाजपा शासन में महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार चरम पर है, शिक्षित नौजवान डिग्री लेकर बेरोजगार होकर दर दर भटक रहे हैं।भाजपा परिवारवाद, जातिवाद की परिभाषा अपने ढंग से बनाकर जनता को भ्रम में डालकर अपना उल्लू सीधा करने का प्रयास कर रही है। क्योंकि उसे अपनी सरकार के 10 वर्षों के कार्यों के विषय में बताने को कुछ है नहीं। प्रधानमंत्री द्वारा झूठ को सच बताना और सच को झूठ बताना विरोधी नेताओं के बयान को तोड़-मरोड़ कर बताना और उनकी खिल्ली उड़ाना प्रधानमंत्री की गरिमा पर प्रश्न चिह्न लगाता है। जनसंपर्क के दौरान नेताओं ने लोगों से अपील किया कि भाजपा के बहकावे में ना आयें इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी को वोट देकर विजयी बनाएं।इस अवसर पर राजनारायण शुक्ला, अमरनाथ बिंद, गरुण पांडेय, अरुण यादव, रायचंद सरोज, शिव बालक सरोज सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जन प्रिय राजनेता नेता : महेंद्र नाथ पांडेय

**जंघई।** भारतीय जनता पार्टी प्रतापपुर विधानसभा द्वारा बृज कुंज गेस्ट हाउस जंघई में पूर्व विधानसभा प्रत्याशी प्रतापपुर इंजीनियर घनश्याम पांडेय द्वारा कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया।मुख्य अतिथि पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं भारी उद्योग मंत्री भारत सरकार महेंद्र नाथ पांडेय ने भदोही संसदीय क्षेत्र के एनडीए गठबंधन प्रत्याशी डॉ विनोद कुमार बिंद के समर्थन में उपस्थित कार्यकताओं एवं पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए मोदी सरकार की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मोदी सरकार ने हर वर्ग के विकास के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं क्रियान्वित की इसका लाभ हर वर्ग को मिल रहा है कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुंचायी गयी है।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल में देश व जनता के हित में कई अहम फैसले लिये गये, उन्होंने





इंडिया गठबंधन की जमकर आलोचना करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हर असंभव काम को पूरा किए हैं। कश्मीर से धारा 370 हटाना या अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण ऐसे कई ऐतिहासिक कार्य किया इसलिए देश की जनता तीसरी बार प्रधानमंत्री बनना चाहती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए भदोही से योग्य उम्मीदवार डॉ विनोद बिंद को भारी मतों से विजयी बनाएं विनोद बिंद हर सुख-दुख में शामिल रहेंगे बहुत उदार मिलनसार व्यक्तित्व के इंसान हैं हमेशा सबके सुख दुःख में खड़े रहते हैं।कार्यक्रम आयोजक इंजीनियर घनश्याम पांडेय द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत किया गया और डॉ विनोद बिंद को प्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र से 50 हजार मतों से विजयी बनाने का आश्वासन दिया।कार्यक्रम का संचालन मंडल अध्यक्ष जंघई संदीप गुप्ता तोगड़िया ने किया।इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य बृजकुमारी पांडेय, लोकसभा प्रभारी अभिमन्यु सिंह, श्याम बिहारी पांडेय, विधानसभा प्रभारी इंद्रकुमार सिंह, विधानसभा संयोजक ईश्वर चंद्र बिंद, भाजपा नेता रमेश पांडेय, अवधेश तिवारी, नागेंद्र प्रताप सिंह, प्रभात पांडेय, देवेंद्र दुबे, राममिलन दुबे, नन्हे मिश्रा, बालकृष्ण तिवारी, हरि प्रसाद मिश्र, अशोक तिवारी, मनोज सिंह आचार्य, अवधेश शुक्ला शेरा, विवेक सिंह, विवेक मिश्र, जवाहर गौड़, राजू यादव नहटी, डिंपी पांडेय, ब्रह्म तिवारी, बृजेश मिश्र, बच्चन मिश्रा प्रधान, पिंटू मिश्रा प्रधान, संतोष सिंह, विकास पांडेय, आशीष पांडेय, अभिषेक पांडेय, निहाल पांडेय, लल्लन दुबे, रवि दुबे, गिरिश तिवारी, कुशलेष दुबे, संगम शुक्ला, विशाल मिश्र, विजय मौर्य, सुयश तिवारी, पुष्पराज यादव, दिनेश यादव, चांद बाबू, आशीष शुक्ल, श्रीशचंद्र दुबे, कमला शंकर पांडेय, आशुतोष त्रिपाठी, मयंक मिश्रा, आशुतोष पांडेय, प्रदीप शर्मा, मनोज दुबे, पूनम पटेल, अनिता सिंह, रीना सिंह सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# प्रयागराज के सर्वांगीण विकास में नीरज त्रिपाठी की भूमिका होगी अहम : रामकृष्ण त्रिपाठी

**मेजा।** लोकसभा के चुनाव की तारीखें जैसे जैसे नजदीक आ रही है भाजपा प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी के समर्थन में आम जनता का रुझान एवं कमल खिलाने कवायद तेज होती जा रही है जिसका प्रत्यक्ष उदाहरण भाजपा प्रत्याशी के समर्थन प्रत्येक कार्यक्रमों में उमड़ती भारी भरकम भीड़ एवं क्षेत्र के कुशालपुर गांव निवासी समाजसेवी रामकृष्ण त्रिपाठी की अगुवाई में खुलकर समर्थन में आए वहां के ग्रामीण मतदाता हैं जिन्होंने समाजसेवी रामकृष्ण त्रिपाठी के नेतृत्व में बराबर क्षेत्र में जनसंपर्क का सिलसिला जारी रखा है। ऐसे में प्रयागावसियों को क्षेत्र के विकास के लिए डबल इंजन की सरकार पर पूरा भरोसा है। उल्लेखनीय है कि क्षेत्र में आयोजित हो रही जनसभाओं एवं भाजपा के कार्यकर्ता सम्मेलन में समाजसेवी पं रामकृष्ण त्रिपाठी ने भाजपा प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी के समर्थन में पूरी ताकत झोकते हुए कहा कि डबल इंजन की सरकार द्वारा किए जा रहे विकास और अधिक गति देने में प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी की भूमिका अहम होगी। क्योंकि उनके पिता केशरीनाथ त्रिपाठी का राजनीति एवं भाजपा से पुराना रिश्ता रहा है जिसका कर्ज बीजेपी को उतरना है। श्री त्रिपाठी कहते हैं कि नीरज त्रिपाठी का ताल्लुक एक बुद्धिजीवी समाज से है और भाजपा ने उन्हें काफी सोच समझकर प्रयागराज के नेतृव की जिम्मेदारी दी है जिस पर वे पूरी से खरा उतरने के लिए कृत संकल्प है। उन्होंने आगे कहा कि नीरज त्रिपाठी अपने स्व पिता द्वारा विरासत में मिली राजनीति एवं बचपन के संस्कार को भली भांति निभाना जानते हैं। इतना ही नहीं पंडित रामकृष्ण त्रिपाठी ने



यह भी कहा कि प्रयागराज के उन्नति के लिए केशरीनाथ त्रिपाठी द्वारा देखा गया सपना पूर्ण करने के लिए उनके बेटे नीरज त्रिपाठी आम जानता के बीच आए हैं जिसमें क्षेत्र की जनता उनके स्व पिता के अधूरे सपनों को पूरा करने के लिहाज से तन मन से नीरज त्रिपाठी के साथ कदम से कदम मिलाकर न केवल उनके समर्थन में खड़ी है बल्कि उनके साथ इस लोकतंत्र के महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए चुनावी जंग के प्रचार प्रसार में कूद पड़ी है। श्री त्रिपाठी का मानना है कि प्रयागराज का सर्वांगीण विकास भाजपा एवं उसके यशश्वी बुद्धिजीवी प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी में ही निहित है। उन्होंने 25 मई को क्षेत्र के सभी मतदाताओं से कमल के फूल के निशान के सामने की बटन दबाकर भाजपा प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी को भारी मतों से विजई बनाने के साथ साथ देश के यशश्वी पीएम मोदी के हांथो को मजबूत करने की अपील किया है।

# लोकसभा सामान्य निर्वाचन को सकुशल निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण सम्पन्न कराये जाने को लेकर पुलिस आयुक्त व डीएम ने अधिकारियों संग की बैठक

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्वक सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत गुरुवार को पुलिस कमिश्नर रमित शर्मा व डीएम नवनीत सिंह चहल द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन में अपर पुलिस कमिश्नर एन एच कोलांची, सीडीओ गौरव कुमार, डीसीपी सिटी दीपक भूकर/ यमुनानगर/गंगानगर अभिषेक भारती / प्रोटोकॉल, अपर पुलिस उपायुक्त अपराध/यमुनानगर श्रद्धा नरेंद्र पांडे व अन्य राज्यों/अन्य जनपदों से आये सुरक्षा बल, केंद्रीय सुरक्षा बल एवं कमिश्नरेट प्रयागराज के अन्य राजपत्रित व अराजपत्रित पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों व जोनल मजिस्ट्रेट/सेक्टर मजिस्ट्रेट की ब्रीफिंगकर आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए बताया गया कि चुनाव आयोग द्वारा जारी गाइडलाइन (एमसीसी) का पूर्णतः पालन कराया जाये। पोलिंग बूथ के अन्दर एक बार में एक व्यक्ति ही जायेगा उसके साथ दूसरा व्यक्ति नही जायेगा तथा साथ में कोई भी कैमरा/मोबाइल फोन लेकर नही जायेगा और न ही कोई अन्दर सेल्फी लेगा। चुनाव ड्यूटी में सभी कर्मचारी मॉकपोल से पूर्व तैयार हो जायेंगे परन्तु तैयार होने में इस बात का विशेष ध्यान रखेंगे कि पोलिंग बूथ को खाली नही छोड़ेंगे। उस समय भी कम से कम एक कर्मचारी अवश्य रहेगा। पोलिंग के दौरान शुरू में सुबह जब लम्बी लाइन लग जाती है तथा सायंकाल जब लाइन लग जाती है उस समय अवांछित लोगों द्वारा फर्जी वोटिंग किये जाने का प्रयास किया जाता है। अतः उक्त समय पर पहले से तैयार रहते हुए विशेष सतर्क रहे और अनावश्यक भीड़ न इकट्ठा होने दे जो वोट दे चुका है उसे निर्धारित दूरी से बाहर करा दें। मतदान केन्द्र पर आये अशक्त/ि दव्यांग मतदाताओं की सहायता की जाये तथा मतदान केंद्र पर मतदान हेतु आये व्यक्तियों को व्यवस्थित/ लाइन लगवाकर मतदान कराया जाये। मतदाताओं को प्रदान की गयी मतदान पर्ची पर किसी भी पार्टी का चुनाव चिन्ह अंकित नही है यदि इस तरीके के कोई पर्ची लिये है या वितरित की जा रही है तो तत्काल रोका जाये तथा चुनाव ड्यूटी के दौरान किसी भी राजनैतिक दल/व्यक्ति के बारे में चर्चा/टिप्पणी न की जाये। पोलिंग पार्टियों के साथ लगे पुलिस बल को समय से पोलिंग पार्टियों के साथ मतदान स्थलों पर पहुँचना तथा मतदान समाप्ति के बाद उसी वाहन से स्ट्रांग रूम तक ईवीएम को सुरक्षित पहुँचाना हमारा दायित्व है। मॉकपोल या पोल के दौरान यदि किसी ईवीएम में कोई इशू आता है तो सम्बन्धित जोनल/सेक्टर मजिस्ट्रेट/मास्टर ट्रेनर से सम्पर्क कर तत्काल दूर/रिप्लेस करवाये। इसके लिए सभी को सम्पर्क नम्बर उपलब्ध कराये गये है।

फ्लाइंग स्क्वॉड टीम (एफएसटी), स्टेटिक सर्विलांस टीम (एसएसटी), वीडियो निगरानी टीम (वीएसटी) द्वारा 24 घण्टे सतर्क दृष्टि रखी जाये। अन्तर्राज्यीय/ अन्तर्जनपदीय सीमाओं पर बने पुलिस चेक पोस्टों पर दिन व रात्रि में संदिग्ध व्यक्तियों/ वाहनों की सघन चेकिंग की जाये। क्यूआरटी, क्लस्टर मोबाइल, सेक्टर मोबाइल, जोनल मोबाइल, रिजर्व मोबाइल में लगे पुलिस बल द्वारा लगातार भ्रमणशील रहकर प्रभावी एवं सतत चेकिंग की जाये। आज शाम से शराब की दुकानें 25 मई को चुनाव समाप्ति तक पुर्णतः बन्द रहेंगी, इसका अनुपालन सुनिश्चित कराया जाये एवं इसके अतिरिक्त अवैध शराब आदि की रोकथाम हेतु प्रभावी चेकिंग की जाये। संवेदनशील तथा अति संवेदनशील क्षेत्रों का नियमित भ्रमण कर स्वतन्त्र एवं निष्पक्ष चुनाव तथा मतदान हेतु नागरिकों में आत्मविश्वास पैदा किया जाये। चुनाव प्रचार की समय सीमा समाप्त होने के उपरान्त ऐसे समस्त व्यक्ति जो उस क्षेत्र के मतदाता नही है, उन्हे तत्काल चुनाव क्षेत्र से बाहर किया जाना चाहिये तथा इस सम्बन्ध में अभी से उचित कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। होटल, सराय, कमेटी हॉल, गेस्ट हॉउस आदि की नियमानुसार चेकिंग सुनिश्चित की जाये। असामाजिक तत्वों द्वारा अवैध शस्त्र तस्करी को रोकने हेतु नियमानुसार संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों की सघन चेकिंग की जाये। चुनाव ड्यूटी/मतदान केन्द्र पर किसी भी व्यक्ति/किसी भी दल से खाना, कोई सामग्री अथवा सहायता प्राप्त न की जाये, सभी कर्मिकों का खाना/नाश्ता आदि उनके ड्यूटी स्थल पर ही पहुँचाया जायेगा। मतदान केंद्रो से 100 मीटर की परिधि में चुनाव/ पुलिस/प्रशासन के अधिकारियों के अतिरिक्त किसी व्यक्ति द्वारा मोबाइल फोन, वायरलेस आदि का प्रयोग प्रतिबन्धित है तथा बनाये गये सेल्फी प्वाइन्ट पर ही सेल्फी ली जाए इसका अनुपालन सुनिश्चित कराया जाये। गर्मी का मौसम है, सभी अपने-अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें, अपने साथ दैनिक उपयोग में लायी जाने वाली सामग्री तथा पानी की व्यवस्था अपने पास अवश्य रखे। चुनाव ड्यूटी में लगे सभी अधिकारी/ कर्मचारी अनुशासित रहते हुए निष्पक्ष, निष्ठा एवं कार्य कुशलता से कार्य करते हुए, विनम्रता एवं दृढ़ता से सतर्कता/विवेक से अपने कर्तव्यों का पालन करें और सभी के साथ समान व्यवहार करें, अपना पहचान पत्र अपने पास अवश्य रखें।

## प्रतियोगी छात्र बोले- सरकारी नौकरियों के रिक्त पदों पर हो भर्ती, पेपर लीक रोके सरकार

**प्रयागराज।** पूरब के ऑक्सफोर्ड कहे जाने वाले इलाहाबाद विश्वविद्यालय के सर जीएन झा हॉस्टल के छात्रों ने लोकसभ चुनाव के मद्देनजर अमर उजाला से खास बातचीत में युवाओं ने बेरोजगारी की समस्या को सबसे बड़ी समस्या बताई और आने वाली सरकार से रोजगार के अवसर प्रदान करने की अपेक्षा की । कभी आईएएस फैक्ट्री के नाम से पहचान बनाने वाले सर जीएन झा हॉस्टल के छात्र दिन रात पढ़ाई के साथ ही प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में जुटे हैं। उनका कहना है कि उन्हें आने वाली सरकार से उम्मीद है कि भर्ती परीक्षाएं शुरू होंगी और अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार मिलेगा। यूपीपीएससी का पेपर लीक मामला हो या सिपाही भर्ती परीक्षा रद्द होने का मामला या फिर चार साल की अग्निवीर भर्ती हो सब मुद्दे पर छात्रों ने बेबाकी से अपनी राय रखी। बीए फाइनल के छात्र प्रियांशू ने कहा कि नौकरी की अपेक्षा थी, लेकिन सरकार के रवैये उम्मीद टूट गई। भाजपा सरकार में पर्चे लीक हो रहे हैं। कई साल से रहकर तैयारी कर रहे हैं। लगातार तैयारी करने के बाद भी न तो वैकेंसी आती है, आती भी है तो पेपर लीक होता है। सरकार रोजगार तलने को रोजगार बता रही है।विपिन यादव मध्यकालीन इतिहास के छात्र ने कहा कि लाइब्रेरी चौबीस घंटे नहीं खुलता है। हॉस्टल की फीस बहुत ज्यादा है। गरीब परिवार के लोग आते हैं। छात्र इस सरकार में बहुत पीड़ित, सुधीर मिश्र छात्र ने कहा कि रोजगार कैसे मिले। सरकार को रोजगार का अवसर प्रदान करना चाहिए। अर्थव्यवस्था बढ़ रही है। मेक इन इंडिया, मैन्युफैक्चरिंग, जीएसटी, राम मंदिर जैसे काम बढ़िया किया है, लेकिन रोजगार के मुद्दे पर फेल है।

# अनियंत्रित कार ने किसान को रौंदा

## हादसे में घायल किसान को लोगों ने अस्पताल में कराया भर्ती, इलाज के दौरान मौत





अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** फूलपुर थाना क्षेत्र के मियां पट्टी गांव के एक किसान को अनियंत्रित तेज रफ्तार कार ने रौंद दिया। हादसे के बाद आसपास के लोगों ने घायल किसान को इलाज के अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान की मौत हो गई।मियां पट्टी गांव निवासी लल्लन सिंह पटेल 58 साल 20 मई को दोपहर घर से हनुमानगंज बाजार धान की नर्सरी के लिए बीज खरीदने अपनी मोपेड से जा रहे थे। वे दोपहर को जैसे उतरांव थाना क्षेत्र के सौरा गाँव में एक अस्पताल के पास पहुंचे थे तभी पीछे से एक तेज रफ्तार अनियंत्रित कार ने किसान लल्लन सिंह पटेल को रौदते हुए चली गई। गंभीर रूप से घायल लल्लन सिंह को स्थानीय लोगों की मदद से प्रयागराज के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया।जहाँ इलाज के दौरान को किसान की मौत हो गयी। घर की मुखिया की मौत से घर में कोहराम मचा हुआ है। परिजनों का रो-रो बुरा हाल है। मृतक किसान का शव पोस्टमार्टम के बाद घर पहुंचा तो परिजन दहाड़ मार कर रोने लगे। मृतक किसान के दो बेटे और एक बेटी है पत्नी की बहुत पहले मौत हो चुकी है।

## वरिष्ठ योग्य (पुरूष एवं महिला) मध्यस्थ को नामित किए जाने हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित

**प्रयागराज।** सचिव/एडीजी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया है कि मध्यस्थता केन्द्र, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, प्रयागराज में उत्तर प्रदेश सिविल प्रक्रिया संहिता जिला न्यायालय मध्यस्थता नियमावली, 2021 के अनुसार वरिष्ठ योग्य (पुरूष एवं महिला) मध्यस्थ को नामित किया जाना है। ऐसे अधिवक्ता, जिनके पास न्यायालय में कम से कम 10 वर्ष का अनुभव हों या सेवानिवृत्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश या ऐसे वृतिक/विशेषज्ञ, जिनके पास अपने-अपने क्षेत्र में कम से कम 15 वर्ष का अनुभव हो और जो विधि क्षेत्र से सुपरिचित हों। आवेदक अपना आवेदन दिनांक 27.05.2024 से दिनांक 05.06.2024 तक कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, प्रयागराज में कर सकते है। अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, प्रयागराज में सम्पर्क करें। यह जानकारी दिनेश कुमार गौतम, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रयागराज द्वारा प्रदान की गयी है।

# बुद्ध पूर्णिमा पर संगम स्नान करने पहुंचे श्रद्धालु

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** सर्वार्थ सिद्धि योग में बुद्ध पूर्णिमा पर्व संगम नगरी प्रयागराज में श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है। वैशाख शुक्ल पक्ष पूर्णिमा-बुद्ध पूर्णिमा पर गुरुवार सुबह से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने संगम में स्नान किया। संगम के साथ ही गंगा-यमुना के अन्य घाटों पर सुबह से ही स्नान-दान का सिलसिला चल रहा है। पूर्णिमा तिथि का मान उदयातिथि में गुरुवार शाम 6:41 बजे तक रहेगा।इसके साथ ही कूर्म जयंती भी मनाई जा रही है। पूर्णिमा पर सर्वार्थ सिद्धि योग और जयद योग सुबह 8:54 बजे के बाद शुरू हो गया। गुरु पूर्णा सिद्धि योग शाम 6:41 बजे तक है। बुद्ध पूर्णिमा के मौके पर सामाजिक, सांस्कृतिक संस्थाओं की ओर से कार्यक्रम आयोजित हैं। बुद्ध पूर्णिमा पर श्रद्धालु मोक्ष और पाप मुक्ति के लिए गंगा स्नान के साथ ही धार्मिक अनुष्ठान कर रहे हैं। संगम पहुंचे सैकड़ों श्रद्धालु व्रत रखते हुए भगवान की भक्ति में लीन हुए। संगम के अलावा नैनी, झूंसी, फाफामऊ, बलुआघाट आदि में भी सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ देखने को मिली।

**बुद्ध पूर्णिमा का महत्व :** बुद्ध पूर्णिमा के दिन प्रातः स्नान कर पूरे दिन का उपवास रखा जाता है। रात के समय फूल, धूप, दीप, अन्न, गुड़ आदि से चंद्रमा की पूजा कर जल चढ़ाया जाएगा। पूजा के बाद ब्राह्मण को जल से भरा घड़ा और विभिन्न प्रकार के पकवान दान किए जाएंगे। बुद्ध पूर्णिमा से कई सारी मान्यताएं जुड़ी हैं।

# बटालियन 101 आरएएफ कैम्प में भगवान बुद्ध को याद किया




**फाफामऊ।** 101 आर.ए.एफ. कैम्प परिसर में गुरुवार को भगवान बुद्ध की जयती एवं बुद्ध पूर्णिमा बड़े ही हर्षो उल्लास के साथ मनाया गया। उक्त अवसर पर मनोज कुमार गौतम, कमाण्डेन्ट-101 आर.ए.एफ. के दिशा निर्देशन में वाहिनी चिकित्सालय के सम्मुख स्थापित भगवान बुद्ध की प्रतिमा का माल्यार्पण विनोद कुमार, उप कमाण्डेन्ट द्वारा किया गया। इस शुभ अवसर पर बौद्ध भिक्षु/भंते द्वारा भगवान बुद्ध की शिक्षाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भगवान बुद्ध ने "अहिंसा परमोधर्मा" का संदेश का उपदेश तथा सत्य, अहिंसा एवं एकता का पाठ पढ़ाया और कहाँ कि हमें उनके विचारो कों अपने जीवन में अनुकरण करना चाहिए। इसके उपरांत सभी कार्मिकों एवं उनके परिवार जनों को प्रसाद वितरण किया गया। उक्त अवसर पर डॉ० अशोक कुमार, (द्वि.क.अधि.), बृजेश कुमार दुबे, (उप कमाण्डेन्ट) टी.एन. सिंह, (उप कमाण्डेन्ट) व अन्य अधिकारीगण, अधीनस्थ अधिकारीगण जवान एवं परिवारजन उपस्थित रहे।

## मऊआइमा में 4 अस्पतालों के सीज होने के बावजूद खुले हैं, भर्ती हो रहे हैं मरीज

**मऊआइमा।** मऊआइमा में 27अप्रैल को एसडीएम सोरांव के साथ स्वास्थ्य विभाग की टीम ने क्षेत्र के विभिन्न अस्पतालों का निरीक्षण किया। इस दौरान चार अस्पतालों को सील किया गया था। इस दरम्यान अस्पतालों के संचालक अपना नर्सिंग होम हॉस्पिटल बंद करके फरार हो गए थे। एसडीएम सोरांव डॉक्टर गणेश कुमार कनौजिया, अपर जिला चिकित्सा अधिकारी डॉ. अरुण कुमार तिवारी के संग मऊआइमा ब्लॉक के विभिन्न अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों का 27अप्रैल को निरीक्षण किया था ।ब्लॉक स्थित पूजा अल्ट्रासाउंड सेंटर बगैर फिजिशियन के टेक्नीशियन द्वारा संचालित किया जा रहा था। जबकि पूजा अस्पताल में चार ऑपरेशन के मरीज एडमिट थे और कोई डॉक्टर उपलब्ध नहीं थे। ऐसे में दोनों को सील करते हुए अस्पताल का पंजीकरण निलंबित कर दिया गया।

इसके अलावा कोहली स्कैनिंग सेंटर और राज अस्पताल में भी कोई चिकित्सक और पैरामेडिकल स्टाफ नहीं थे। जबकि अस्पताल में चार मरीज एडमिट थे। इस कारण दोनों को सील करते हुए अस्पताल का लाइसेंस निलंबित किया गया था। आरोप है कि कुछ दिन बंदी के बाद कोहली स्कैनिंग सेंटर खुल गया है। खुलेआम मरीजों को देखा जा रहा है।

# विकसित भारत के लिए भाजपा ही एकमात्र विकल्प : केशव प्रसाद मौय



**कोरांव।** मोदी के नेतृत्व में एनडीए गठबंधन की सरकार बनेगी और कार्यकताओं के बलबूते अबकी बार चार सौ पार का नारा साकार होगा उक्त बाते उत्तर प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने विधानसभा कोरांव के रत्योरा मोड़ में भाजपा व अपना दल के कार्यकताओं की संयुक्त जनसभा को संबोधित करते हुए कहा। उन्होंने इलाहाबाद लोकसभा सीट से नीरज त्रिपाठी के लिए समर्थन की अपील करते हुए उपमुख्यमंत्री ने नीरज त्रिपाठी के पिता पूर्व राज्यपाल स्व पंडित केशरीनाथ त्रिपाठी से पारिवारिक संबंधों का हवाला देते हुए कहा की पंडित जी का जीवन जिस प्रकार जनता के लिए समर्पित रहा नीरज त्रिपाठी उन्ही की विरासत को आगे बढ़ाएंगे वह न सिर्फ पंडित केशरी नाथ त्रिपाठी की विरासत को आगे बढ़ाएंगे बल्कि प्रयागराज के गौरवशाली विरासत को भी आगे बढ़ाएंगे। उन्होंने कहा की भाजपा ही है जिसमे कोई भी कार्यकर्ता अपने मेहनत के दम पर मुख्यमंत्री बन सकता है उसे किसी विशेष परिवार में जन्म लेने की जरूरत नहीं अपने काबिलियत के दम पर डाक्टर मोहन यादव मध्यप्रदेश व नायब सिंह सैनी हरियाणा के मुख्यमंत्री बने है जो हमारे आप जैसे ही परिवार से आये है। वही भाजपा प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी ने जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि जनता के साथ एनडीए कार्यकताओं के लिए वह हमेशा तत्पर मिलेंगे। जनसभा को विधायक राजमणि कोल, पूर्व विधायक राजबली जैसल, पूर्व विधायक त्योंथर श्यामलाल द्विवेदी समेत भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने संबोधित कर आगामी 25 मई को नीरज त्रिपाठी के पक्ष में मतदान की अपील की। जनसभा से पहले चेयरमैन कोरांव ओम प्रकाश केशरी के नेतृत्व में युवा मोर्चा व नगर पंचायत के लोगो ने कोरांव से रत्योरा व लेडियारी से रत्योरा तक भव्य बाइक रैली निकाली। इस दौरान उनके साथ सुमित पांडेय,प्रकाश द्विवेदी, अरविंद तिवारी, शंकर दयाल तिवारी सत्यम द्विवेदी समेत सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## न्यूज झरोखा

### मतदान अवश्य करें पहले मतदान फिर जलपान : सुशील शुक्ला



**नैनी।** नैनी अरैल क्षेत्र में सामाजिक कार्यकर्ता सुशील शुक्ला के नेतृत्व में शिवनगर में सभी मतदाता भाइयों के साथ एकत्रित होकर के सभी नागरिकों से अपील करते हुए सुशील शुक्ला ने कहा कि सभी मतदाता पहले मतदान करें उसके पश्चात तब नाश्ता और भोजन ग्रहण करें मतदान एक महान कार्य है जिस देश की भविष्य बनती बिगड़ती है अपने समझदारी के साथ मतदान करें जो प्रत्याशी देश की रक्षा स्वाभिमान की लड़ाई लड़ सके उसके पक्ष में मतदान करें मतदान हमारा परम कर्तव्य है इस अवसर पर संजय श्रीवास्तव वरिष्ठ पार्षद मयंक यादव छेदी यादव दिनेश यादव दयानंद पांडे डॉक्टर डीएन पांडे नित्यानंद मिश्रा नीरज शर्मा सुनील विश्वकर्मा सुनील कुशवाहा उमेश सिंह। ने मतदाताओं से अपील की मतदान अवश्य करें।

### श्रमिक की मकान निर्माण के समय दीवार गिरने से दर्द नाक मौत, एक गंभीर रूप से घायल




**कोराव।** कोरांव थाना क्षेत्र के ग्राम भगेसर में एक किसान के घर हो रहे निर्माण कार्य के समय दीवार अचानक गिरने से 55 वर्षीय राजित राम पुत्र अंगनू की दर्द नाक मृत्यु हो गई । और एक श्रमिक रामकुमार पुत्र गया अनुसूचित जाति 50 वर्ष की हालत चिंताजनक है। जिसको प्रयागराज उपचार हेतु भेज दिया गया है। बता दें कि ग्राम के ही एक किसान धीरेंद्र सिंह पटेल के यहां उक्त श्रमिक प्रातः दस बजे मजदूरी करने गए थे तभी पुरानी दीवार भरभरा कर गिर गई और दो श्रमिक दब गए। फिलहाल मजदूर पक्ष और निर्माण कार्य कराने वाले गृह स्वामी धीरेंद्र कुमार सिंह पटेल के मध्य कोई समझौता हुआ जिससे मृतक के पुत्र और परिजनों ने मुकद्दमा नहीं लिखाया। और गांव में ही दाह संस्कार कर दिया गया।

### दबंगों ने महिला को जमकर पीटा, घायल

#### पीड़ित की तहरीर पर पुलिस नहीं दर्ज कर रही मुकदमा



**उतरांव।** सराय ममरेज थाना क्षेत्र के गोपालीपुर गांव में दबंगों द्वारा एक महिला की जमकर पिटाई कर दी। वही घायल महिला ने स्थानीय थाने पर दबंगो के खिलाफ नाम जद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की तो आरोप है की दबंगो पर पुलिस मुकदमा नहीं दर्ज कर रही है ।गोपालीपुर थाना सराय ममरेज निवासी राजकुमार जयसवाल जो दूसरे प्रांत में रहकर काम करता है। उसकी पत्नी घर पर अकेले रहती है। 19 मई को राज कुमार की पत्नी व उसके भयो में आपसी कहा सुनी हुई तो भयो ने मायके से आधा दर्जन से ज्यादा लोगों को बुला लिया ।वहीं दबंगों ने महिला को जमकर मारा पीटा। मारपीट में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई और 112 नंबर पर सूचना दी। वही पीड़ित ने बताया कि जहां पर घटना हुई थी वहां पर दुकान में कैमरा भी लगा हुआ है। यदि पुलिस कमरे में खागाले तो वारदात देते हुए लोग दिखेंगे ।पीड़ित महिला ने दबंगो के खिलाफ नामजद लिखित रूप से तहरीर दी लेकिन पीड़ित महिला का आरोप है की पुलिस मुकदमा दर्ज नहीं कर रही है। केस लिखने की बात तो दूर महिला ने बताया कि तहरीर देने के बाद मौके पर पुलिस आई तक नहीं। पुलिस का कहना है मामले की जांच की जा रही है कार्रवाई की जाएगी।

# ज्वाला देवी गंगापुरी में 10 दिवसीय समर कैंप का समापन



**प्रयागराज।** रज्जू भैया प्रसार समिति द्वारा संचालित ज्वाला देवी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज गंगापुरी रसूलाबाद प्रयागराज में 14 मई 2024 से प्रारंभ हुए समर कैंप का समापन आज दिनांक 23 मई 2024 को संपन्न हुआ। समापन के अवसर पर संजय गुप्ता जी (जूडो कोच मदन मोहन मालवीय स्टेडियम प्रयागराज), संजय प्रजापति (प्रवक्ता जीआईसी प्रतापगढ़) श्रीमान शेषधर द्विवेदी जी (प्रदेश निरीक्षक भारतीय शिक्षा समिती काशी प्रान्त)व विद्यालय के प्रधानाचार्य श्रीमान युगल किशोर मिश्र उपस्थित रहे। 10 दिनों तक चले इस समर कैंप में बैडमिंटन का प्रशिक्षण (प्रगति जी द्वारा)योगा का प्रशिक्षण(मोहन जी द्वारा), खो- खो(गौरी जी द्वारा)क्राफ्ट, नृत्य,चित्रकारी (श्रद्धा श्रीवास्तव द्वारा) निशानेबाजी (राजकुमार सिंह द्वारा) संगीत (रोली मालवीय द्वारा) कबड्डी (विजयांग मिश्र द्वारा) बॉलीबॉल (शिवकुमार सिंह द्वारा) प्रशिक्षण दिया गया।इस अवसर पर विद्यालय के सभागार में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों ने अपनी शारीरिक, मानसिक, यौगिक, नैतिक एवं आध्यात्मिक क्रिया- कलापों का प्रदर्शन करते हुए अपने अनुभवों को सभी के मध्य साझा किया। समापन के अवसर पर उपस्थित महानुभावों ने बच्चों के उत्साह एवं शारीरिक तथा बौद्धिक क्षमता को देखकर भूरी-भूरी प्रशंसा की साथ ही स्वस्थ रहने की कामना की और निरंतर ऐसे कार्यक्रमों में उत्साह पूर्वक भाग लेने के लिए आग्रह किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य जी ने सभी बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि इस समर कैंप में आपने जो कुछ भी सीखा है वह भविष्य में कहीं न कहीं जरूर काम आएगा। विद्यालय द्वारा समर कैंप आयोजन का मुख्य उद्देश्य यह था कि शिक्षा के साथ-साथ बच्चों में बहुमुखी प्रतिभा का विकास करना और आप सभी को देखकर ऐसा लग रहा है कि हम सभी अपने संकल्प व उद्देश्य में कामयाब रहे। इस 10 दिवसीय समर कैंप का संचालन विद्यालय के शारीरिक आचार्य शिवकुमार सिंह व प्रधानाचार्य जी के देख- रेख में संचालित हुआ।कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान से हुआ। इस अवसर पर प्रशिक्षकगण, विजय सिंह , सरोज सिंह, रीता विश्वकर्मा एवं अभिभावकगण उपस्थित रहे।

# अफजाल अंसारी मामले में अब 27 मई को होगी सुनवाई

**प्रयागराज।** गाजीपुर से सांसद मुख्तार अंसारी के भाई अफजाल अंसारी के मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट में आज भी सुनवाई पूरी नहीं हो सकी है। इस मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट में अब 27 मई को सुनवाई होगी। करीब डेढ़ घंटे तक हाईकोर्ट में बहस चली। कोर्ट में राज्य सरकार की तरफ से भी पक्ष रखा गया। गैंगस्टर मामले में गाजीपुर एमपी-एमएलए कोर्ट द्वारा मिली 4 साल की सजा के खिलाफ अफजाल अंसारी ने याचिका दाखिल की है। राज्य सरकार और पीयूष राय की तरफ से भी अफजाल अंसारी की सजा बढ़ाने की मांग को लेकर याचिकाएं दाखिल की गई हैं।

**जस्टिस संजय कुमार सिंह की सिंगल बेंच कर रही है याचिकाओं पर सुनवाई**

इससे पहले 21 और 22 मई को दो घंटे तक सुनवाई चली थी। अफजाल अंसारी के वकीलों ने हाईकोर्ट में अपना पक्ष रखते हुए सजा खत्म करने की मांग की थी। कोर्ट को बताया था कि अफजाल अंसारी के चुनाव लड़ने को लेकर संशय बना हुआ है। कोर्ट से अपील किया कि सजा रद की जाए। राज्य सरकार और पीयूष राय के वकीलों ने इसका विरोध किया। उन्होंने अफजाल अंसारी की सजा बढ़ाने की मांग की। इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले से ही तय होगा कि अफजाल अंसारी लोकसभा चुनाव लड़ सकेंगे या नहीं।

**अफजाल और राज्य सरकार के वकील रख रहे अपना पक्ष**

इसमें राज्य सरकार की तरफ से वकीलों ने बहस की। अफजाल अंसारी के वकीलों ने हाईकोर्ट में अपना पक्ष रखते हुए सजा खत्म करने की मांग की। वहीं राज्य सरकार और पीयूष राय की तरफ से भी अफजाल अंसारी की सजा बढ़ाने की मांग की गई है।

बता दें कि बीते साल अफजाल अंसारी को एमपी-एमएलए कोर्ट से गैंगस्टर मामले में 4 साल की सजा हुई थी और उनकी संसद सदस्यता रद्द हो गई थी। सजा के खिलाफ अफजाल अंसारी ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में अपील किया जहां से उनको जमानत तो मिली पर सजा से राहत नहीं मिली। इसके बाद अफजाल की सजा पर सुप्रीम कोर्ट ने अंतरिम रोक लगाई है। हाईकोर्ट को 30 जून 2024 तक अफजाल के मामले की सुनवाई पूरी कर फैसला देने का आदेश दिया गया है। अफजाल की सजा के मामले में आज हाईकोर्ट में सुनवाई होनी है। यदि इस बीच अफजाल अंसारी की सजा हाईकोर्ट से बहाल हो जाती है तो अफजाल चुनाव नहीं लड़ पाएंगे।

# शहजादे जायेंगे विदेश, प्रधानमंत्री बनेंगे मोदीः अमित शाह

## पट्टी के तरदहा में गृह मंत्री ने भाजपा प्रत्याशी के लिये मांगा समर्थन

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि छह जून को दोनों शहजादे विदेश चले जाएंगे तथा नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे। 400 सीटों में संगम लाल का कमल भी भेज देना। गृह मंत्री अमित शाह गुरुवार को पट्टी के तरदहा में प्रतापगढ़ संसदीय सीट के भाजपा उम्मीदवार संगम लाल के समर्थन में चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

अपने भाषण की शुरुआत उन्होंने बाबा घूइसरनाथ धाम, भयहरण नाथ धाम तथा सभी भक्तिधाम का नाम लेकर किया। उन्होंने कहा कि 25 तारीख को वह चुनाव है जो देश का प्रधानमंत्री तय करेगा। एक तरफ नरेन्द्र मोदी हैं तो दूसरी तरफ राहुल बाबा और अखिलेश। मोदी जी 23 साल तक मुख्यमंत्री रहे उनके ऊपर कोई दाग नहीं लगा। मोदी जी बिना छुट्टी लिए लगातार काम कर रहे हैं। एक तरफ चाय वाला है तो दूसरी तरफ राहुल और अखिलेश। अमित शाह ने कहा कि जहां भी जाता हूं ऐसा ही जवाब सुनने को मिलता है लोग मोदी मोदी ही कर रहे हैं। मोदी को प्रधानमंत्री बनाना है तो संगम लाल गुप्ता को जिताना है। संगम को दिया गया एक-एक वोट मोदी को मिलेगा, वहीं उन्हें प्रधानमंत्री बनाएगी। गृह मंत्री ने कहा कि पांच चरण के चुनाव में 310 सीटें भाजपा को मिल चुकी हैं, 4 जून को 400 पर करेंगे। उन्होंने कहा कि राहुल बाबा 40 के पार तथा अखिलेश यादव को चार सीटें ही मिलेगी, पांचवी नहीं मिलेगी। जनसभा में पहुंचने पर अमित शाह का मंत्री अनिल राजभर, पूर्व मंत्री राजेंद्र प्रताप सिंह मोती सिंह, सदर विधायक राजेंद्र कुमार मौर्य, विश्वनाथगंज विधायक जीत लाल पटेल, पूर्व सांसद राजकुमारी रत्ना सिंह, भाजपा महिला मोर्चा की मीडिया प्रभारी सारिका श्रीवास्तव, रश्मि, सुष्मिता सहित भाजपा के नेताओं ने स्वागत किया। शुरुआत में अमित शाह ने बेल्हा के महापुरुषों को याद किया। उन्होंने स्वामी करपात्री जी महाराज पंडित मुनीश्वर दत्त उपाध्याय, डॉक्टर राजेश्वर सहाय त्रिपाठी, बाबा रामचंद्र, झिंगुरी सिंह को याद किया।



लोगों का अभिवादन स्वीकार करते गृह मंत्री अमित शाह।

# नहीं रहे नगर पालिकाध्यक्ष हरिप्रताप सिंह, शहरवासी शोकाकुल

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** शहर के लोकप्रिय जननेता एवं 25 वर्षों से अधिक नगर पालिका परिसर में पालिकाध्यक्ष के पद पर आसीन रहे पूर्व विधायक हरिप्रताप सिंह का बीती रात निधन हो गया। उनके निधन का समाचार सुनकर शहरवासी स्तब्ध हैं। हर सुख-दुख में लोगों के यहां पहुंचने वाले हरिप्रताप सिंह हमेशा खुश-मिजाज के रुप में रहते थे।

उनका मुस्कुराता चेहरा लोगों को भूलता नहीं है। बताया जाता है कि लगभग 25 दिन पहले हरिप्रताप सिंह अपनी बेटी के एक आयोजन में शामिल होने बाहर गये थे, वहीं उन्हें बुखार आया। कुछ अन्य तकलीफ भी उन्हें हुई। वह दिल्ली आ गए जहां बीती रात उन्होंने अस्पताल में अंतिम सांस ली। उनके निधन का समाचार आज प्रातः लोगों को हुआ। उनका शव देर शाम शहर के सदर बाजार स्थित चैराहे के पास आवास पर आएगा, जहां उनके आवास पर आवास भीड़ लगने लगी है। उनकी अन्त्येष्टि कल होगी। उनके निधन का समाचार सुनकर शहर के हर वर्ग में शोक व्याप्त है।



हरिप्रताप सिंह (फाइल फोटो)।

# भाजपा व इण्डिया गठबंधन एक ही थाली के चट्टे-बट्टेः ओवैसी

## पीडीएम प्रत्याशी के पक्ष में खभोर में दहाडे .असदुद्दीन ओवैसी



जनसभा को सम्बोधित करते असदुद्दीन ओवैसी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** छठें चरण के प्रचार के खत्म होने के 24 घंटे पहले एआईएमआईएम के राष्ट्रीय अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने प्रतापगढ़ में दस्तक दी। उन्होंने खभोर गांव में हुई एक बड़ी जनसभा में समाजवादी पार्टी व भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि सपा को वोट देने का मतलब केवल यादव परिवार को आगे बढ़ाना है जबकि पीडीएम पिछड़ा, दलित व मुसलमान की बात करता है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कहते हैं कि मुसलमान ज्यादा बच्चे पैदा करते हैं। जबकि प्रधानमंत्री स्वयं छह भाई हैं और अमित शाह की छह बहनें हैं। उन्होंने कहा कि अगर आपको राजनीति में हिस्सा चाहिये तो पीडीएम का साथ दें। इससे आपको इज्जत की जिन्दगी मिलेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा और इण्डिया गठबंधन दोनों पार्टी सत्ता के लिये जनता को भ्रमित कर रही है। ये दोनों एक ही थाली चट्टे-बट्टे हैं। ओवैसी ने आगे कहा कि अतीक और अशरफ की मौत पर मैंने इसे हत्या का मामला कहकर उठाया था। सपा और सेकुलर पार्टियां कुछ नहीं बोली। उन्होंने ऋषि पटेल को विजयी बनाने की अपील की। इस अवसर पर कौशाम्बी विधायक पल्लवी पटेल ने सपा को सांपनाथ व भाजपा को नागनाथ बताया। चिलबिला-पट्टी मार्ग पर स्थित खमपुर गांव में आयोजित इस चुनावी जनसभा की अध्यक्षता कृष्णा पटेल ने किया। इस सभा में बड़ी संख्या में मुसलमान व अन्य ग्रामीण इकट्ठा हुए थे। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष शौकत के अलावा मोहम्मद इसरार व पीडीएम प्रत्याशी ऋषि पटेल मौजूद रहे।

# गठबंधन सरकार बनने पर अग्निवीर योजना होगी बंदः अखिलेश सिंह यादव

## जीआईसी में सपा प्रत्याशी के समर्थन में सपा, कांग्रेस, जनसत्ता दल, आप की उमड़ी भीड़

### भाजपा प्रत्याशी के रोने पर पूर्व मुख्यमंत्री ने ली चुटकी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं प्रदेश के मुख्ममंत्री अखिलेश सिंह यादव ने कहा कि यहां इस समय बदलाव की आंधी चल रही है। जिन लोगों ने जनता को धोखा दिया है, जनता उनका इस बार हिसाब करेगी। राजकीय इंटर कालेज में गठबंधन प्रत्याशी डा0 एसपी पटेल के समर्थन में आयोजित जनसभा में उमड़ी भीड़ देखकर अखिलेश ने कहा कि जनता का यह सैलाब सत्ता के विरुद्ध गुस्सा दिखाता है। यही कारण है कि प्रत्याशी एसपी पटेल की मेहनत से सभी के समर्थन से उमड़ी भीड़ परिणाम की ओर इशारा कर रही है।उन्होंने कहा कि यहां बदलाव होना तय है। अखिलेश यादव ने पेपर लीक होने तथा इलेक्टोरल बांड में लूट पर भी सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि सरकार इन सब में बेनकाब हुई है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार बनने पर अग्निवीर को समाप्त कर दिया जाएगा तथा गठबंधन की सरकार गेहूं की बजाय पौष्टिक आटा गरीबों को निशुल्क देगी। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि सरकारी अस्पतालों में लोगों को ठीक से इलाज नहीं मिल पा रहा है। इन सबके बावजूद भाजपा जनता को गुमराह कर रही है। अखिलेश यादव ने भाजपा प्रत्याशी संगम लाल गुप्ता के आंसू बहाने पर भी चुटकी ली और कहा कि उन्हें पता चल गया है कि वह हार रहे हैं। अखिलेश यादव ने किसानों का कर्ज माफ करने, गरीब महिलाओं के खाते में एक लाख रुपये देने की भी बात कही। प्रारंभ में अखिलेश यादव के आने पर कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने अखिलेश यादव को इस बात के लिये धन्यवाद दिया कि उन्होंने प्रतापगढ़ जिले के लिये एक पढ़ा-लिखा व्यक्ति को प्रत्याशी बनाया है। इस अवसर पर गठबंधन प्रत्याशी डा0 एसपी पटेल ने स्मृति चिन्ह देकर अखिलेश यादव को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि सबसे अधिक वोट दिलाने वाले बूथ एजेंडों को वह सम्मानित भी करेंगे। कार्यक्रम में सपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष उत्तम पटेल, विधायक आराधना मिश्र मोना, विधायक डा0 आरके वर्मा, विधायक राम सिंह पटेल के अलावा गुलशन यादव, मनीष पाल, कादिर जिलानी, मीडिया प्रभारी वकार, संजय पाण्डेय, शक्ति सिंह, जय सिंह यादव, शांति सिंह, कांग्रेस के जिलाध्यक्ष नीरज तिवारी तथा जिले के अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहे। इसके अलावा समाजवादी पार्टी, आम आदमी पार्टी, कांग्रेस व जनसत्ता दल के कार्यकर्ता बैनर लेकर अखिलेश यादव के सम्बोधन के समय दिखा रहे थे तथा उनके पक्ष में नारे लगा रहे थे।



लोगों का अभिवादन स्वीकार करते सपा मुखिया अखिलेश सिंह यादव।

### कुछ उत्साही युवक पण्डाल पर चढ़े, पुलिस ने उतारा

**प्रतापगढ़।** सपा मुखिया अखिलेश यादव के सम्बोधन के समय कुछ उत्साही युवक खंभे के सहारे पण्डाल पर चढ़ गये और करतब दिखाने लगे। इस पर अखिलेश यादव ने कहा कि भाई दोनों हाथ से खंभा पकड़ो, नहीं तो गिर जाओगे, तब पुलिस सक्रिय हुई और ऐसे सभी लोगों को खंभे से उतार दिया जो खंभे पर चढ़कर उनका भाषण सुन रहे थे।

# लोकसभा सामान्य निर्वाचन को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं सकुशल कराएं सम्पन्नः सामान्य प्रेक्षक

## सेक्टर एवं जोनल मजिस्ट्रेट की जिम्मेदारी का शत् प्रतिशत करें अनुपालन करेंः सीडीओ

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को निष्पक्ष, शान्तिपूर्ण, पारदर्शी एवं सकुशल ढंग से सम्पन्न कराने हेतु भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश पर लोकसभा क्षेत्र 39-प्रतापगढ़ में आगामी 25 मई 2024 को होने वाले मतदान के सम्बन्ध में समस्त सेक्टर/जोनल मजिस्टेट्ट के लिये एक विशेष प्रशिक्षण कार्यशाला और बैठक ग्राम्य विकास संस्थान अफीम कोठी सभागार में आयोजित की गयी जिसमें सामान्य प्रेक्षक पवन कुमार मालापति एवं मुख्य विकास अधिकारी/प्रभारी अधिकारी कार्मिक नवनीत सेहारा ने संयुक्त रूप से विशेष दिशा निर्देश प्रदान किये जैसे दिनांक 24 मई को लोकसभा क्षेत्र 39-प्रतापगढ़ की पोलिंग पार्टियों की रवानगी के दिन सुबह 7 बजे एटीएल ग्राउण्ड पहुॅचकर अपने सम्बन्धित विधानसभावार बनाये गये डिकोडिंग पंडाल में अपनी उपस्थिति देगें, उसके पश्चात् अपनी पोलिंग पार्टियों, विशेषकर पीठासीनों से सम्पर्क स्थापित करते हुये उनकी डिकोडिंग करवाने में सहयोग दें तथा उसके बाद उन्हें अपने विधानसभा के पास इकट्ठा करें, पीठासीनों को अपने विधानसभावार ईवीएम मशीन प्राप्त करवा कर उनकी पार्टी पूरा करें, अगर पार्टी में कोई अनुपस्थित होता है तो रिजर्व पूल में से लेकर कार्मिक की पार्टी पूरा करें और तत्काल अपनी पोलिंग पार्टियों को निर्धारित वाहनों में बैठा कर रवाना करें, इसकी सूचना जोनल मजिस्टेट्ट और कन्ट्रोल रूम को अवश्य दें, हर दशा में दोपहर 12 बजे तक सभी पोलिंग पार्टियॉ रवाना हो जाये, अपने फोन को स्विच ऑफ न करें एवं फोन आने पर उसके जवाब जरूर दें, अपनी ड्यूटी को पूर्ण मनोयोग एवं तत्परता से निभायें इसमें किसी प्रकार की शिथिलता क्षमा योग्य नहीं होगी। इस अवसर पर डीआईओ एनआईसी अनिल एवं विशाल वर्मा द्वारा एमपीएस ऐप यानी मतदाता प्रतिशत संकलन के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। सामान्य प्रेक्षक ने सेक्टर/जोनल मजिस्टेट्ट को निर्देशित किया कि निर्वाचन को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं सकुशल ढंग से सम्पन्न करायें। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि सेक्टर एवं जोनल मजिस्टेट्टों को निर्वाचन कार्य से सम्बन्धित जो भी जिम्मेदारी दी गयी है उसका शत् प्रतिशत अनुपालन करें, निर्वाचन कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही एवं उदासीनता कदापि न बरती जाये। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी राकेश प्रसाद, प्राचार्य अफीम कोठी मंजू वर्मा, जिला विद्यालय निरीक्षक सरदार सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेन्द्र सिंह, प्राचार्य आईटीआई कुण्डा रूपेश कुमार, राज्य स्तरीय सुपर मास्टर टेट्ठनर डाक्टर मोहम्मद अनीस, डा0 विन्ध्याचल सिंह एवं धर्मेन्द्र ओझा सहित नसीमद्दीन और अशोक शुक्ला एवं जय प्रकाश चैधरी भी उपस्थित रहे।



प्रशिक्षण कार्यशाला में बोलते सीडीओ नवनीत सेहारा।

# मतदान के उपरान्त कोई भी ईवीएम एवं वीवीपैट मशीन जमा करने पर न रहे अवशेष

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिला निर्वाचन अधिकारी संजीव रंजन ने बताया है कि 39-प्रतापगढ़ संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में पड़ने वाली विधानसभा 244-रामपुरखास, 247-विश्वनाथगंज, 248-प्रतापगढ़, 249-पट्टी एवं 250 रानीगंज की ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों को तीन विधानसभा 247-विश्वनाथगंज, 248-प्रतापगढ़ एवं 249-पट्टी विधानसभा की ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों को पूरे केशवराय में बने ईवीएम वेयर हाउस/स्ट्रांग रूम से दिनांक 23.05.2024 को सायं 7 बजे से तथा दो विधानसभा 244-रामपुरखास एवं 250-रानीगंज की विधानसभा की मशीनों को वीवीपैट गोदाम/स्ट्रांग रूम से ट्रक पर लोड कर राम राम चैराहा होते हुये कम्पनी गार्डेन से मुड़कर मीरा भवन चैराहा होते हुये विकास भवन रोड से सीधे एटीएल ग्राउण्ड ले जाया जायेगा जहां से दिनांक 24.05.2024 को सुबह से समस्त पीठासीन अधिकारियों को ईवीएम एवं वीवीपैट को उपलब्ध कराया जायेगा तथा वहीं से पोलिंग पार्टियां प्रस्थान की जायेगी तथा दिनांक 25.05.2024 को मतदान समाप्ति के उपरान्त उसी दिन नवीन मण्डी स्थल महुली में बने स्ट्रांग रूम में पीठासीन अधिकारियों द्वारा जमा किया जायेगा। सभी विधानसभा की मशीनों को वितरण एवं जमा कराने की जिम्मेदारी सम्बन्धित सहायक रिटर्निंग आफिसर तथा सेक्टर/जोनल मजिस्टेट्ट की होगी तथा रिजर्व/नान फंक्शनल (मॉक पोल के दौरान खराब) ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों को अफीम की कोठी में बने स्ट्रांग रूम में रखी जायेगी। उन्होने कहा कि मतदान के उपरान्त कोई भी ईवीएम एवं वीवीपैट मशीन पीठासीन अधिकारी एवं सेक्टर/जोनल मजिस्टेट्ट के पास जमा करने से अवशेष नहीं रहनी चाहिये।

## रेलवे फाटक पर नवाबगंज पुलिस ने गिरवाई बालू मिट्टी

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** प्रयागराज-लखनऊ रेल मार्ग के परियावां रेलवे स्टेशन के पश्चिम छोर 35 सी रेलवे फाटक पर रेलवे ट्रैक स्लीपर बदलने के बाद रेलवे ट्रैक को बदलने के लिए रेलवे ट्रैक के किनारे दूसरी लाइन बदलने के लिए लाइन को बगल मे रख दिया है जिसे अभी तक बदला नही गया। इसके बाबजूद रेलवे ट्रैक पर बड़े बड़े बोल्डर डाल दिये गये है जो आये दिन राहगीर के साथ गेट मैन को चोटिल कर रहे है। विगत एक सप्ताह से सोशल मीडिया ग्रुप व समाचार पत्र मे प्रमुखता से वायरल होने पर रेल विभाग के जिम्मेदार अधिकारियो ने गुरुवार की सुबह बोल्डर गिट्टी के ऊपर हल्की मिट्टी डलवा कर खाना पूर्ति कर दिया। कई दिनों से आवागमन के रास्ते को लेकर स्थानीय लोगो व गेट से गुजरने वालो राहगीरों मे आक्रोश होने लगा जो रह रहकर रेल विभाग को कोस रहे थे।

# मतदान करना हमारा जन्मसिद्ध अधिकारः राजेन्द्र केसरवानी

## चौक बजाजा रोड पर व्यापारियों की हुई बैठक

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** लोकतंत्र में मतदान के माध्यम से ही हम देश और जनता के सच्चे देशभक्त राष्ट्रनायक का चयन कर सकते हैं। यह बातें उद्योग व्यापार मण्डल के जिलाध्यक्ष राजेंद्र कुमार केसरवानी ने शहर सहित जनपद के सभी ग्रामीण बाजारों के समस्त पदाधिकारी एवं सम्मानित व्यवसायियों से अनुरोध करके कही। उन्होंने कहा कि हम सभी कृत संकल्पित हो स्वयं मतदान करने के साथ-साथ अपने ईष्ट मित्रों परिजनों पड़ोसियों सगे संबंधियों व अन्य जन सामान्य लोगों को भी मतदान करने के लिए प्रेरित कर राष्ट्रहित व लोकहित में मतदान अवश्य करें। उपरोक्त राष्ट्रहित भावनाओं से प्रेरित होकर मतदान के लिए व्यापारियों एवं जनसामान्य में प्रेरणा लाने के उद्देश्य से आज उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल जिलाध्यक्ष राजेंद्र कुमार केसरवानी के नेतृत्व में एक मतदान प्रण-संकल्प-प्रतिज्ञा गोष्ठी का आयोजन जिलाध्यक्ष राजेंद्र जी के प्रतिष्ठान चैक बजाजा रोड पर सम्पन्न हुआ। जिसमें उपस्थित समस्त व्यापार मंडल के पदाधिकारी एवं सम्मानित व्यवसायियों ने जिलाध्यक्ष जी द्वारा मतदान संकल्प पत्र पढ़कर मतदान करने और औरों से कराने के लिए प्रण लिया। उपरोक्त मतदान प्रतिज्ञा गोष्ठी में मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष राजेंद्र कुमार केसरवानी महामंत्री संजय सोनी कोषाध्यक्ष अभय खंडेलवाल उपाध्यक्ष सुरेश चंद केसरवानी सरदार महेंद्र सिंह के साथ मुख्य रूप से विनय सिंह सरदार कुलविंदर सिंह राहुल केसरवानी अमित केसरवानी सरदार वसिंदर सिंह नारायण खंडेलवाल सुनील जायसवाल शाहिद सिद्दीकी जगदीश मौर्य (जंबो) गुंजन केसरवानी शकील राइन पवन अग्रवाल राजू खंडेलवाल राजू केसरवानी विनोद केसरवानी शिवम् केसरवानी श्याम शंकर सिंह अब्दुल खादुल धर्मेन्द्र यादव शिव कुमार सोनी आदि अन्य अनेक लोग उपस्थित रहे।



शत-प्रतिशत मतदान के लिये शपथ लेते व्यापार मण्डल के पदाधिकारी।

# पावन भिक्खु संघ के आगमन पर हुआ श्रद्धा पूर्वक धम्मदेशना

## हुआ भोजनदान व संघदान पारमिता

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** मैत्री ही सम्पूर्ण धम्म है, जिसमें बुद्ध ने साधना के सारे चरण दिए हैं। इसमें ग्यारह लाभ मार्ग हैं, जिन पर चलकर व्यक्ति अपनी सम्पूर्णता को पाता है और सामुदायिकता को अपने जीवन में समावेशित करता है। मैत्री भावना के सभी चरणों की क्रमिक साधना ही आपको परिपूर्णता की तरफ ले जाती है। उक्त बातें जनपद सुगतानन्द बुद्ध विहार पर आयोजित त्रिपावनी बुद्ध पूर्णिमा पर भिक्खू करुणा मित्र ने कही।

इसके पूर्व पावन भिक्खू संघ आगमन पर जनपद प्रतापगढ़ के धम्मानुरागियों द्वारा पारंपरिक श्वेत वस्त्रो में धम्मध्वजों के साथ भिक्खू संघ भव्य स्वागत किया जिसमें पराम्परागत श्वेत वस्त्र में उपासिकाओं की बड़ी सहभागिता दिखाई दी। तत्वलीन भदंत कल्याणमित्र महास्थविर व भदंत शांति मित्र के पावन स्मृतियों को भी समर्पित कार्यक्रम का बुध्दारम्भ पूज्य भन्ते धम्मदीप, भंते करुणामित्र व भंते अश्वजित के पावन सानिध्य मे त्रिशरण, पंचशील व आनापानसति (ध्यान) द्वारा किया गया। दीपशिखा, सौरभ आनंद व नीलू ने बुद्ध वंदना व स्वागत गीत प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि के रूप में जिला विद्यालय निरीक्षक डा0 सरदार सिंह ने कहा कि आज पूरे विश्व मे त्रिविधि पावनी बुद्ध पूर्णिमा मनाया जा रहा है और जनपद प्रतापगढ़ के उपासक संघ द्वारा समाज के लिए आदर्श प्रस्तुत करके समाज को दिशा देने का कार्य कर रहा है। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक डा सरदार सिंह को स्मृति चिन्ह अंग वस्त्र व धम्म पट्टिका से सम्मानित किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी मुख्यालय विशिष्ट अतिथि शिव बहादुर मौर्य ने कहा कि बुद्धि के नियंत्रण की शक्ति ही बौद्ध धर्म है, ज्ञान ही दुख के निदान का मुख्य साधन है। ज्ञान को आगे ले चलने के लिए बौद्ध धर्म का विस्तार आवश्यक है। आनन्द मोहन ओझा ने कहा कि प्रतापगढ़ के उपासक/उपासिकाओ कि वजह से धम्म पुनः स्थापित हो रहा है। डा0 दयाराम मौर्य रत्न ने कहा कि भगवान बुद्ध का जन्म ,बोध की प्राप्ति तथा महापरिनिर्वाण आज ही के दिन बैसाखी पूर्णिमा के दिन हुआ था।इस लिए यह दिन तिपावनी पूर्णिमा के रुप मे मनाया जाता है। अध्यक्षता कर रहीं सुशीला कश्यप ने कहा कि पूज्य संघ के पावन सानिध्य से जनपद के धम्मानुरागियों में सुखद आध्यात्मिक अनुभूति प्राप्ति हुई। संचालन कर रहे राकेश कन्नौजिया ने कहा कि इस धम्म समागम ने जहाँ धम्म के क्षेत्र की परिलब्धियों को हासिल किया। पाली भाषा एवं साहित्य के संवर्धन, संरक्षण और धम्मिक गतिविधियों में अग्रणी भूमिका निभाने वाले डॉ0 शिवमूर्ति लाल मौर्य को प्रियदर्शी सम्राट अशोक धम्म गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर दिनेश सरोज ने संस्थान द्वारा धम्म के क्षेत्र में किया गए कार्यो का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। इस अवसर पर श्रद्धावान उपासको द्वारा दान पारमिता संस्कार के तहत भोजनदान व रामरप्यारी बुआ जी, बहन लीलावती, नायब तहसीलदार भागीरथी सरोज, अर्चना आनन्द, सुशील दद्दू, वेद प्रकाश,सी0पी0 राव आदि मौजूद रहे।



सुगतानंद बुद्ध बिहार में आयोजित बुद्ध पूर्णिमा पर बोलते अतिथि।

# ई-रिक्शा छोड़ कूदा चालक दबकर विकलांग यात्री की हुई मौत

## मृतक की पत्नी बच्चे और परिवार गांव के लोग भी रोते बिलखते घटनास्थल पर पहुंच गए

अखंड भारत संदेश



**महगाव कौशाम्बी।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र के बदनपुर गांव के पास ई रिक्शा चालक चलती ई रिक्शा से कूद गया है जिससे ई-रिक्शा अनियंत्रित हो गया है और पलट गया है ई रिक्शा पलट जाने से उसमे बैठे विकलांग सवारी ई रिक्शा के नीचे दब गए जिससे गंभीर रूप से वह घायल हो गए और तड़प तड़प कर विकलांग सवारी की मौत हो गई है आसपास के लोग मौके पर पहुंचे ई रिक्शा को सीधा कर उसमें दबी सवारी को बाहर निकाला मामले की सूचना पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है मामले की जानकारी मिलते ही मृतक की पत्नी विकलांग सुशीला देवी अपने दो बेटे और दो बेटी के साथ रोते बिलखते घटनास्थल पर पहुंच गई है। जानकारी के मुताबिक संदीपन घाट थाना क्षेत्र के बदनपुर गांव के मजरा पट्टी नरवर निवासी सजन लाल विकलांग उम्र 40 वर्ष पुत्र भाई लाल गुरुवार की दोपहर मूरतगंज बाजार गए थे बाजार से सामान खरीदने के बाद सजन लाल ईरिक्शा नम्बर यूपी 70 के टी 8360 में बैठकर अपने गांव पट्टी नरवर बदनपुर वापस लौट रहे थे जैसे ही ई रिक्शा बदनपुर के पास पहुंचा ई रिक्शा चालक ननकू पाल चलते ई रिक्शा से कूद गया और घटना स्थल से चालक फरार हो गया जिससे चालक बिहीन होते ही ईरिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया ई रिक्शा पलटने से उसमें बैठी सवारी विकलांग सजन लाल ई रिक्शा के नीचे दब गया और गंभीर चोट लग जाने से तड़प तड़प कर उसकी दर्दनाक मौत हो गई मामले की जानकारी आसपास के लोगों को मिली तो लोगों ने मामले की जानकारी स्थानीय पुलिस और मृतक के परिवार को दी मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है घटनास्थल पर कोहराम मचा है मृतक की पत्नी बच्चे और परिवार गांव के लोग भी रोते बिलखते घटनास्थल पर पहुंच गए हैं और ई रिक्शा चालक पर साजिश करके हत्या करने का आरोप लगा रहे हैं।

## थाना एवं चौकी से न्याय ना मिलने पर पीड़ित व्यक्ति पहुंचा एसपी कार्यालय

**कौशांबी।** थाना एवं चौकी से न्याय ना मिलने पर सराय अकिल थाना क्षेत्र के जुगराज पुर गांव निवासी सुग्गीलाल उर्फ प्रकाश पुत्र छंगू ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शिकायती पत्र देकर बताया कि ग्राम मंहगूपुर में रामजी ईट भट्ठे पर अपनी पत्नी के साथ वह मजदूरी करता है। उसी भट्ठे में म्योहर गांव निवासी चन्दर पुत्र अज्ञात की औरत से उसकी पत्नी का किसी बात को लेकर दिनांक 12.05.2024 को कुछ कहासुनी हुई थी जिसके बाद चन्दर की पत्नी अपने पति व पुत्री के साथ मिलकर उसकी पत्नी रुकमिन को उसकी गैर मौजूदगी में भट्ठे में ही बहुत बुरी तरीके से मारा - पीटा था उसी दिन से उसकी पत्नी कहीं लापता हो गई है। हर जगह ढूंढने के बाद भी उसका कहीं भी सुराग नहीं लगा जिसके बाद 13.05.2024 को इसकी शिकायत पुलिस चौकी कनैली व थाना सराय अकिल में किया जिस पर कोई कार्यवाही नहीं हुई जिसके चलते पीड़ित व्यक्ति बहुत परेशान है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शिकायती पत्र देकर पीड़ित व्यक्ति कार्यवाही की मांग की है।

# बुध्दिस्ट मॉनस्टरी पचामा में आयोजित किया गया त्रिपावनी बुद्ध पूर्णिमा पर्व




**कौशाम्बी।** जिले के सरसंवा ब्लॉक क्षेत्र के पचामा गाँव में गुरुवार को वैशाख पूर्णिमा के दिन तथागत गौतम बुद्ध के जन्मदिवस के अवसर पर भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया।इस अवसर पर करीब आधा दर्जन गांवों के लोगों ने भारी संख्या में मौजूद रहकर तथागत गौतम बुद्ध की शिक्षाओं पर दिए गए वक्ताओं के विचारों को सुना।आयोजकों के द्वारा सभी उपासक और उपासिकाओं को खीर खिलाई गई। लखनऊ से आए संत गुरु रमन साहेब और डाक्टर आर पी मौर्या ने कहा कि गौतम बुद्ध द्वारा दी गई अहिंसा प्रेम और करुणा की शिक्षा सदैव विश्व बंधुत्व एवं जगत के कल्याण हेतु प्रेरणा देती रहेगी गौतम बुद्ध की शिक्षाएं मौजूदा समय में देश ही नहीं विश्व कल्याण के लिए प्रासंगिक हैं। वर्तमान में तमाम देशों के बीच चल रहे युद्ध से विश्वयुद्ध का खतरा दुनिया के सिर पर मंडरा रहा है । ऐसी दशा में शांति की स्थापना गौतम बुद्ध की शिक्षाओं पर चलकर ही स्थापित हो सकती है। अभिषेक सिंह ने कहा कि ढोंग आडंबर अंधविश्वास और पाखंड को छोड़कर गौतम बुद्ध की शिक्षाओं को मानने में ही समाज की भलाई है , पंचशील का पालन सभी लोगों को करना चाहिए । समाज में व्याप्त तमाम बुराइयों का अंत पंचशील का पालन करने से अपने आप हो जाएगा। अमित सिंह ने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि गौतम बुद्ध ने कहा था कि कोई भी बात किसी किताब में लिखी हुई है अथवा किसी ने कहा है इसलिए नहीं माननी चाहिए । तर्क की कसौटी और वैज्ञानिक दृष्टिकोण के आधार पर पर जो बात सही साबित हो इस बात को ही मानना चाहिए । रामविलास पासवान, गुलदीप कुशवाहा, डाक्टर शशीकान्त सिंह, विनय सिंह आदि वक्ताओं ने भी गौतम बुद्ध की शिक्षाओं पर अपने-अपने विचार व्यक्त किया।

# जिले की सम्पूर्ण थाना पुलिस ने किया पैदल गस्त

## गस्त के दौरान संदिग्धों की तलाश में निकली पुलिस

अखंड भारत संदेश



**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में सम्पूर्ण जिले की समस्त थाना पुलिस ने गुरुवार को अपने-अपने क्षेत्र में भारी पुलिस फोर्स के साथ बाजार कस्बा नगर भीड़ भाड़ इलाके में पैदल गस्त किया अपराधियों को कड़ी चेतावनी दी जनपद में शांति एवं सुरक्षा व कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिले के समस्त थाना पुलिस बल द्वारा भीड़-भाड़ एवं मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में पैदल गश्त कर अपराधियों मनचलों पर पैनी नजर रखी गई तथा पुलिस टीम द्वारा गस्त के दौरान आमजनमानस से वार्ता कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया गया इस दौरान थाना पुलिस द्वारा वाहनों की चेकिंग की गयी और लोगों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया गया साथ ही साथ पुलिस टीम द्वारा संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग कर उन्हें कड़े निर्देश दिए।

# डीएम के निर्देश के बाद भी बरियावा तालाब में नहीं भराया गया पानी प्यासे इधर-उधर भटक रहे पशु पक्षी मोर

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** खंड विकास अधिकारी नेवादा और जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा तालाब में पानी भरे जाने के मामले को लेकर जिला अधिकारी को लगातार गुमराह किया जा रहा है मुख्य विकास अधिकारी भी खंड विकास अधिकारी और जिला पंचायत राज अधिकारी के फर्जी आंकड़ों पर रोक नहीं लगा पा रहे हैं 20 दिन पहले जिला अधिकारी की मीटिंग में अधिकारियों द्वारा बताया गया कि गांव गांव के तालाब में पानी भर दिया गया है लेकिन हकीकत यह है कि बरसात को अभी लगभग 20 दिन बचे हैं लेकिन अभी भी 80 प्रतिशत ग्राम पंचायत के तालाब में पानी नहीं भरा गया है जबकि खजाने से बजट निकाल लिया गया है और बरसात का इंतजार किया जा रहा है जिससे बरसात होते ही तालाब में पानी भर जाएगा और उनके झूठे रहस्य पर पर्दा पड़ जाएगा लेकिन अधिकारियों द्वारा तालाब में पानी भरने के मामले में जिलाधिकारी को गुमराह करने के बाद भी अभी तक संबंधित ग्राम प्रधान पंचायत सचिव खंड

**बरियावा में बिना तालाब खुदाई निकाल लिया गया मनरेगा से लाखो रुपए की मजदूरी**



विकास अधिकारी और जिला पंचायत राज अधिकारी के खिलाफ कठोर कार्रवाई नहीं की गई है जिला अधिकारी को गुमराह करके सरकारी खजाने से करोड़ों की रकम निकालने वाले संबंधित अधिकारियो का यह पहला कारनामा नही है जब जिला अधिकारी को गुमराह करके सरकारी खजाने से करोड़ों की रकम निकाल ली गई है बल्कि कई मामलों में जिलाधिकारी को गुमराह करके अधिकारियों द्वारा सरकारी खजाने से योजना की रकम निकाली जा चुकी है जो गंभीर बिंदु है और इस पर कठोर कार्रवाई किए जाने की जरूरत है तालाब में पानी ना भरे जाने से राष्ट्रीय पक्षी मोर सहित विभिन्न पशु पक्षी प्यासे व्याकुल इधर-उधर भटक रहे है गौरतलब है कि नेवादा विकासखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत बरियावा के तालाब सहित अन्य तालाब में अभी तक पानी नहीं भरा गया है यही स्थिति आसपास के अन्य गांव के तालाब की भी है तेज धूप लू तपन से राष्ट्रीय पक्षी मोर सहित विभिन्न पशु पक्षी पानी के लिए प्यासे व्याकुल दिखाई पड़ रहे हैं जबकि जिला अधिकारी को सूचना दे दी गई है कि तालाब में पानी भर गया है ग्राम पंचायत बरियावा के तिबरा तालाब में खुदाई करने के बहाने मनरेगा में योजना की रकम में डाका डाला जा रहा है तालाब की खुदाई नहीं हो सकी है लेकिन फर्जी फोटो बनाकर मनरेगा योजना से लाखों की रकम निकाल ली गयी हैं ग्राम पंचायत के भ्रष्टाचार में खंड विकास अधिकारी नेवादा और जिला पंचायत राज अधिकारी मौन रहकर सहमति दे चुके हैं जिससे सरकारी खजाना लूटने वाले बेखौफ है तालाब में बिना पानी भराए सरकारी खजाने से रकम निकालकर जिला अधिकारी को सूचना देने का यह मामला बेहद गंभीर है और इस मामले में यदि शासन स्तर से जांच कराई गई तो करोड़ों के घोटाले की हकीकत बेपर्दा होगी और कई अधिकारियों पर कठोर कार्रवाई होगी।

# हत्या से संबंधित 02 वांछित अभियुक्त किये गये गिरफ्तार




**कौशांबी।** दिनांक 27.04.2024 को पिपरी थाना क्षेत्र के ग्राम दुगार्पुर के पास सम्पर्क मार्ग पर रामानुज सिंह पुत्र राजाराम सिंह नि० ग्राम दुगार्पुर उम्र लगभग 35 वर्ष की गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी, जिसके सम्बन्ध में थाना पिपरी में अभियोग पंजीकृत किया गया था। उक्त हत्या से सम्बन्धित 02 वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। दिनांक 23.05.2024 को थाना पिपरी पुलिस द्वारा उपरोक्त मुकदमा से सम्बन्धित 02 वांछित अभियुक्त देवेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ विपिन पुत्र विनोद कुमार सिंह उर्फ गंगाराम एवं योगेश प्रताप सिंह उर्फ अंशू पुत्र विनोद कुमार सिंह उर्फ गंगाराम निवासीगण ग्राम दुगार्पुर को मुखबिर खास की सूचना पर ग्राम रामनगर थाना क्षेत्र मेजा जपनद प्रयागराज से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त देवेन्द्र प्रताप सिंह की निशादेही के आधार पर अभियुक्तों के घर भूसे वाले कमरे में भूसे में गाढ़ कर रखे गये गये घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल एक अदद तमन्चा देशी 12 बोर, 04 अदद जिन्दा कारतूस व 05 अदद खोखा कारतूस 12 बोर को बरामद किया गया। बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में 3/25 आर्म्स एक्ट की बढ़ोतरी की गयी। विधिक कार्यवाही के बाद अभियुक्तों को न्यायालय भेजा गया और वहां से पिपरी पुलिस अभियुक्तों को जेल भेजा गया।

## सड़क हादसे में घायल की इलाज के दौरान मौत

**कौशाम्बी।** पश्चिम शरीरा। कोतवाली क्षेत्र के रक्सौली गांव निवासी तिलक का बेटा राजू दिवाकर 28 वर्ष शुक्रवार को करारी कोतवाली के पिपरकुड़ी गांव में अपनी बुआ के यहां से कार्यक्रम करके रात को वापस लौट रहा था वह जैसी ही पुनवार गांव के समीप पहुँचा तभी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे वह बुरी तरह से घायल हो गया गस्त कर रही पुलिस ने एम्बुलेंस की मदद से उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया था लेकिन हालात गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उसे प्रयागराज के स्वरूप रानी रेफर कर दिया जिसका गुरुवार सुबह मौत हो गई।राजू की शादी आठ साल पहले सरायअकिल कोतवाली के रक्सराई गांव की बबुली देवी के साथ हुई थी इनके दो बेटी और एक बेटा है। इस घटना से परिवार के लोगो का रो रोकर बुरा हाल है।पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# डीजीपी को झूठी सूचना देने के मामले में एसपी से शिकायत

**एक मामले में दो अलग-अलग रिपोर्ट पुलिस अधिकारियों को देकर के मुसीबत में फंस गई चरवा थाना पुलिस**

**कौशाम्बी।** चरवा थाना पुलिस अब तो डीजीपी से झूठ बोलकर उन्हें गुमराह करने से भी भय नहीं खाती है एक मामले में दो अलग-अलग रिपोर्ट पुलिस अधिकारियों को देकर के चरवा थाना पुलिस मुसीबत में फंस गई है यदि निष्पक्ष जांच हुई तो कार्यवाही होना तय है चरवा क्षेत्र के धमसेड़ा निवासी सोनिया देवी विधवा पत्नी रामखेलावन के घर में घुस करके 06 अप्रैल 2024 को बरमदीन ने अपने परिवार के नौ लोगों के साथ मिलकर महिला और दो बेटी पर प्राण घातक हमला किया था उसके घर पर कब्जा कर लिया मकान को तोड़फोड़ के नष्ट कर दिया घर के अंदर रखा लाखों रुपए का सामान आरोपी उठा ले गए हैं मकान को आरोपी बरमदीन ने अपनी बहू गोमती देवी के नाम फर्जी तरीके से बैनामा कर दिया है जांच में तहसीलदार ने महिला के मकान को पुष्टि कर रिपोर्ट दी है हमले में तीनों लोगों को गम्भीर चोट आई थी पुलिस ने मामूली धारा में मुकदमा अपराध संख्या 65 सन 2024 दर्ज कर लिया लेकिन डेढ़ महीने बीतने के बाद भी सभी 9 आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं की है मामले में चरवा थाने के उपनिरीक्षक मुन्ना सिंह यादव की भूमिका सवालों के घेरे में है पीड़ित का कहना है कि विपक्षियों को बल देकर परिवार में हत्या करा सकता है मामले की शिकायत पुलिस महानिदेशक लखनऊ के ट्विटर एक्स पर की गई तो थाना पुलिस ने डीजीपी लखनऊ को गुमराह करते हुए ट्विटर एक्स पर लिखा कि आरोपियों के खिलाफ अदालत में आरोप पत्र दाखिल कर दी गई है लेकिन अदालत में आरोप पत्र नहीं पहुंची है आरोप पत्र दाखिल करने के मामले में थाना पुलिस पूरा झूठ बोल रही है आरोपियों को बचाने का प्रयास थाना पुलिस बार बार कर रही है आईजीआरएस में शिकायत करने के बाद थाना पुलिस ने आईजीआरएस की शिकायत को झूठी तरह से निस्तारित करते हुए लिखा है कि उसे मेडिकल रिपोर्ट ही नहीं मिली है मेडिकल रिपोर्ट मिलते ही शीघ्र से शीघ्र गुण दोष के आधार पर विवेचना का निस्तारण किया जाएगा जबकि पुलिस को मेडिकल रिपोर्ट मिल चुकी है और अदालत में आरोप पत्र दाखिल नहीं है आरोपियों को पुलिस बचाने का प्रयास करने के लिए बार-बार झूठ बोलकर अधिकारियों को झूठी रिपोर्ट दे रही है इसके बाद फिर परिवार पर हमला हुआ बेटी के साथ छेड़खानी हुई रास्ते में आरोपी निकलने नहीं दे रहे हैं बार-बार धमकी दे रहे हैं दो बार मे अलग अलग झूठी रिपोर्ट अधिकारियों को देने वाले थाना पुलिस के कारनामे की जांच कराई जाए थाना पुलिस द्वारा भेजे गए दोनों रिपोर्ट की फोटो स्टेट महिला ने पुलिस अधीक्षक को देते हुए झूठी रिपोर्ट देने वाले थाना पुलिस और उप निरीक्षक पर कार्यवाही की मांग की है थाना पुलिस की दो रिपोर्ट में कौन सी रिपोर्ट सही है और कौन सी रिपोर्ट गलत भेजी है इसकी जांच हुई तो थाना पुलिस की मुसीबत बढ़ना तय है महिला ने कहा कि परिवार पर प्राण घातक हमला करने वाले बरमदीन सहित 9 आरोपियों की गिरफ्तारी कराकर उनको जेल भेजा जाए और मेरे परिवार के ऊपर हुए हमले की उचित धाराओ में मुकदमा दर्ज कराया जाए।

## न्यूज झरोखा

### दुर्घटना में घायल व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत



**महगाव कौशांबी।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र में 12 मई को सड़क पार कर रहे ताराचंद उम्र 45 वर्ष पुत्र छोटेलाल निवासी महगांव मस्जिद के पास पुरानी जीटी रोड पर सड़क हादसे में गंभीर घायल हो गए थे पुलिस ने घायल को मूरतगंज सीएचसी में भर्ती कराया फिर जिला अस्पताल रेफर किया गया फिर उसके बाद स्वरूप रानी नेहरू अस्पताल इलाहाबाद में भर्ती कराया था लेकिन घायल की हालात में सुधार नहीं हुआ जिस पर परिजनों ने स्वरूप रानी नेहरू चिकित्सालय प्रयागराज से निकाल कर के ताराचंद को तिल्हापुर के अरमान हॉस्पिटल में भर्ती कराया इलाज के दौरान 22 मई की रात्रि उनकी मौत हो गई है मौत होते ही परिवार में कोहराम मच गया है पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### सद्गुरू नेत्र चिकित्सालय चित्रकूट द्वारा नेत्र शिविर का आयोजन



**महेवाघाट कौशाम्बी।** मंझनपुर ब्लॉक के बैशकटी ग्राम में सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय चित्रकूट द्वारा नेत्र शिविर का आयोजन किया गया नेत्र शिविर में लगभग 100 लोगों के नेत्र की चिकित्सकों द्वारा जांच किया गया और नेत्र रोगियों को दवा एवं चस्मा देकर छोड़ दिया गया एवं लगभग 25 लोगों की जांच में मोतियाबिंद का लक्षण पाया गया जिस पर चिकित्सकों द्वारा मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय चित्रकूट जानकी कुंड नेत्र रोगियों को भेज दिया गया नेत्र शिविर का आयोजन ग्राम प्रधान डॉक्टर संतोष सिंह के द्वारा किया गया जिसमें आसपास क्षेत्र के ग्रामीणों ने शिविर में जाकर अपने अपने आंखों का चेकअप करवाया।

### पुलिस ने देखी मेला की सुरक्षा व्यवस्था



**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में थाना कड़ाधाम की पुलिस टीम द्वारा मेला क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था देखी है पुलिस टीम ने भ्रमण कर बालिकाओं महिलाओं को नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलम्बन के सम्बन्ध में विभिन्न हेल्पलाइन नंबर 1076, 1090, 1930, 1098, 181,112 आदि के बारे में जागरूक किया गया।

# बुद्ध तपस्थली कौशांबी बौद्ध विहार स्थल पर्यटन विकास प्राधिकरण का गठन हो : अजय सोनी

**सकिपा ने धूमधाम से मनाई भगवान गौतम बुद्ध जी जयंती**



**कौशाम्बी।** गुरुवार 23 मई को समर्थ किसान पार्टी के तत्वावधान में ग्राम उदहिन बुजुर्ग ब्लॉक सिराथू में बौद्ध धर्म के संस्थापक भगवान गौतम बुद्ध की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर अजय सोनी एवं अन्य पार्टी कार्यकताओं ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हे नमन किया और मिठाई खिलाकर एक दूसरे को बुद्ध पूर्णिमा की बधाई दी। साथ ही भगवान बुद्ध की जीवन गाथा का इस अवसर पर उल्लेख किया गया। इस अवसर पर पार्टी नेता अजय सोनी ने कहा कि भगवान बुद्ध प्रेम, अहिंसा, दया, करुणा और मैत्री की मूर्ति थे। वे अहिंसा परमो धर्मः के प्रबल समर्थक थे। उन्होंने सारा जीवन मानव जाति के कल्याण के लिए समर्पित कर दिया था। आगे बताया कि भगवान बुद्ध का जन्म लुंबिनी प्रांत नेपाल में 563 ई. पू.बैसाख मास की पूर्णिमा के दिन हुआ था। इसी दिन बैसाख पूर्णिमा को 483 ई. पू.में 80 वर्ष की आयु में उनका परिनिर्वाण कुशनारा वर्तमान नाम कुशीनगर में हुआ था। साथ ही इसी दिन बैसाख पूर्णिमा को ही उन्हें ज्ञान प्राप्त हुआ था। आगे बताया कि भगवान बुद्ध प्राचीन सोलह महाजनपदों मे से एक कौशांबी आया करते थे और यहीं चातुर्मास व्यतीत किया करते थे। कौशांबी उनकी तपस्थली और वास्तव्य स्थली हुआ करती थी। इसी के साथ अजय सोनी ने प्रदेश सरकार एवं केंद्र सरकार से बुद्ध तपस्थली कौशांबी बौद्ध विहार स्थल पर्यटन विकास प्राधिकरण के गठन किए जाने की मांग की। अजय सोनी ने कहा कि प्रयागराज संगम विकास प्राधिकरण की तरह बौद्ध धर्म की प्राचीन नगरी कौशांबी बौद्ध विहार स्थल पर्यटन विकास प्राधिकरण का गठन किया जाए और विश्व पटल पर प्रयागराज की तरह बुद्ध तपस्थली कौशांबी को भी स्थापित किया जाए। आगे कहा कि दुनिया के कई देशों के लोग हर साल बुद्ध तपस्थली कौशांबी आते हैं लेकिन सरकारी उपेक्षा के चलते विदेशी लोगों को यहां समुचित सुविधाएं और पर्यटन से संबंधित तमाम चींजे नही मिलती। जिससे उन्हें काफी असुविधा होती है। आगे कहा कि अगर केंद्र एवं प्रदेश सरकार बुद्ध तपस्थली कौशांबी में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए प्रयागराज संगम विकास प्राधिकरण की तरह यहां भी हर साल फोकस करे तो लाखों विदेश पर्यटक बुद्ध तपस्थली कौशांबी आ सकते हैं और विश्व पटल पर कौशांबी का भी भव्य वजूद स्थापित हो सकता है। साथ ही हर साल करोड़ों रुपए का सरकार को राजस्व और हजारों स्थानीय युवाओं को रोजगार भी मिल सकता है। इस के लिए केंद्र एवं प्रदेश सरकार को वृहद स्तर पर संयुक्त कार्य योजना बनानी और उसे धरातल पर लागू करना चाहिए। अवसर पर डॉ राजेंद्र प्रसाद, ज्ञान केसरवानी, शिव भवन गौतम, राजकरण चौधरी, रमेश सोनकर, कंचन सरोज, जुम्मन अली आदि लोग मौजूद रहे।

### दुष्कर्म के आरोप में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशांबी।** अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना मंझनपुर पुलिस उ०नि० हनुमान प्रतापत सिंह मय हमराह पुलिस बल द्वारा मु0अ0सं0 155/24 धारा 363/366/376 भादवि व 3/4 पॉक्सो एक्ट से संबन्धित वांछित अभियुक्त सुधांशू कुमार पुत्र अमर लोधी नि० पासिनहार मजरा हिसामपुर बहरेमऊ थाना मंझनपुर जनपद को ओसा चौराहा से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध विधिक कार्यवाही के पश्चात न्यायालय भेजा गया और वहां से न्यायालय के आदेश पर दुष्कर्म के आरोपी को कारागार भेजा गया।

### निरोधात्मक कार्यवाही मे 09 अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशांबी।** जनपद में अपराध के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में थाना करारी से 02, थाना संदीपनघाट से 01, थाना सैनी से 02, थाना कड़ाधाम से 01, थाना पश्चिम शरीरा से 03 कुल मिलाकर 09 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायालय के लिए चालान किया गया।

### गेट का ताला तोड़कर बाइक उठा ले गए चोर मुकदमा दर्ज

**कौशाम्बी।** पश्चिम शरीरा ।कोतवाली क्षेत्र के अषाढा निवासी सुनील कुमार केशरवानी ने बताया कि12 मई को शाम अषाढ़ा पेट्रोल पंप के समीप खाद की दुकान में बाइक खडी करके घर खाना खाने चला गया तभी अज्ञात चोरों ने गेट का ताला तोड़कर बाइक उठा ले गई ।जिसमें वृहस्पतिवार को पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### वाहन चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

**कौशांबी।** जनपद में चलाये जा रहे यातायात से सम्बन्धित अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्न थाना क्षेत्र से यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई। चेकिंग के दौरान दो-पहिया/चार पहिया वाहनों को चेक किया गया। यातायात नियमों का उल्लघन करने वाले 64 वाहनों का ई-चालान किया।

# 2024 का लोक सभा चुनाव, परिणाम व भारत का भविष्य :- तार्किक व वैज्ञानिक दृष्टिकोण से ज्योतिषीय गवेषणात्मक विचार, तथ्य व फलादेश--

04 जून 2024 को लोक सभा आम चुनाव का परिणाम आ जायेगा और भारत अपने प्रधानमंत्री का चयन कर चुका होगा। यह प्रश्न प्रत्येक भारतीयों के मन में उठना स्वाभाविक रूप है कि परिणाम किसके पक्ष में जायेगा और भारत का प्रधानमंत्री कौन बनेगा? ज्योतिष विज्ञान की अपनी एक सीमाएं होती है और सीमा में रहकर ही वह फलादेश के चौखट तक पहुंचता है। निर्धारित व सुनिश्चित पार्टी व व्यक्ति में से जब कुंडली का विश्लेषण किया जाता है तो परिणाम सटिकता के अत्यंत करीब पहुंचता है। जब पहले से निर्धारित न हो और अस्पष्टता की स्थिति हो तो परिणाम संदेहास्पद हो जाता है। इस विषय को लेकर मैंने वर्ष 2004 में डा मुरली मनोहर जोशी की कुंडली के विश्लेषण के क्रम में एक शोधात्मक आलेख प्रकाशित करवाया था। कुंडली के दो महत्वपूर्ण पक्ष होते हैं योग और दशा। यह दोनों डेस्टाइन होता है। योग यह बताता है कि क्या घटित होगा जबकि दशा बताता है कि कब घटित होता है। जो जातक योग व दशा के अनुसार एलाइन कर जीवन को आगे बढ़ाता है वह अपने निश्चित दिशा व लक्ष्य को प्राप्त कर लेता है। वर्तमान निर्वाचन संदर्भ में हम आजाद भारत, कांग्रेस पार्टी व राहुल गांधी (कांग्रेस पार्टी इसलिए क्योंकि एक राष्ट्रीय पार्टी होने के साथ साथ मुख्य घटक कांग्रेस के अग्रिम नेतृत्व के बिना गठबंधन की सरकार नहीं बन सकती है ), भारतीय जनता पार्टी व नरेन्द्र मोदी तथा शनि, वृहस्पति, राहु व केतु के गोचर का तुलनात्मक अध्ययन करेंगे। जहां तक भारत की कुंडली का सवाल है वे चार्ट नं एक है। चार्ट नं दो कांग्रेस पार्टी की । चार्ट नं तीन राहुल गांधी की। चार्ट नं चार भारतीय जनता पार्टी की एवं चार्ट नं पांच नरेंद्र मोदी की। भारतवर्ष की कुंडली में चंद्रमा की महादशा में शुक्र की अंतर्दशा व वृहस्पति का प्रत्यंतर दशा चल रही है। कांग्रेस पार्टी की कुंडली में वृहस्पति की महादशा में राहु की अंतर्दशा व शुक्र की प्रत्यंतर दशा चल रही है। राहुल गांधी की कुंडली में मंगल की महादशा में चंद्रमा की अंतर्दशा व शुक्र की प्रत्यंतर दशा चल रही है। भाजपा की कुंडली में चंद्रमा की महादशा में बुध की अंतर्दशा व केतु /शुक्र की प्रत्यंतर दशा चल रही है, जबकि नरेंद्र मोदी की कुंडली में मंगल की महादशा में बुध की अंतर्दशा व वृहस्पति की प्रत्यंतर दशा चल रही है। ऊर्जा ऊर्जा को खींचता है। जिसमें ऊर्जा ही न हो वह समान ऊर्जा को भला कैसे खींचेगा। ऊर्जा के साथ एलाइनमेंट से ही सफलता का सृजन होता है। # सर्वप्रथम हम भारत की कुंडली में निर्मित- योग, दशा, दशा लग्न, सर्वाष्टक व गोचर के मार्फत परिणाम पर विचार करते हैं ।

योग-भारत की कुंडली में केंद्र-त्रिकोण के छह राजयोग तृतीय भाव में बने हुए हैं। वृहस्पति विपरीत राजयोग निर्मित किए हुए हैं जबकि चारों उपचय भाव के स्वामी उपचय भाव में बैठकर शुभ स्थिति में बनाये हुए हैं।

दशा व परिणाम - चंद्रमा /शुक्र / वृहस्पति- शनि । दशाओं में परस्पर त्रिकोण संबंध होने के कारण , संघर्ष के उपरांत आगे बेहतर प्रगति को रेखांकित कर रहा हैं। रहस्यमयी आभासी दुनिया, कम्युनिकेशन व यात्रा से लाभ दर्शित हो रहा है ।

दशा लग्न - स्थायी कर्म से वर्तमान कर्म का गहरा, स्थायी पंचम का वर्तमान पंचम से संबंध, संभव है चुनाव के सरकार के कतिपय निर्णय से जातीय या सम्प्रदायिक संघर्ष हो, किन्तु वृहस्पति के आशीष के कारण नियंत्रित हो जायेगा।

सर्वाष्टक वर्ग - जन्मस्थ शनि 32/2, गोचर शनि 33/4; जन्मस्थ वृहस्पति 31/4, गोचर वृहस्पति 48/6; जन्मस्थ चंद्रमा 32/5, गोचर चंद्रमा 36/6; जन्मस्थ शुक्र 32/4, गोचर शुक्र 48/8 । उक्त सर्वाष्टक व अष्टक वर्ग वर्तमान में एक मजबूत व स्थिर भारत के निर्माण को प्रमाणित करता है।

गोचर- योग कारक शनि (दशम भाव में) स्थिर राशि, वृहस्पति (लग्न में) स्थिर राशि, राहु- केतु (एकादश पंचम) द्विस्वभाव, चंद्रमा व शुक्र (लग्न में )स्थिर राशि में होना यह बता रहा है कि सत्ता व वर्तमान नेतृत्व में कोई परिवर्तन नहीं होगा ।

अब सवाल उठता है भारत के वर्तमान ऊर्जा का संबंध किस पार्टी एवं नेतृत्व के ऊर्जा को एलाइन करने के लिए उत्प्रेरित है। इसके लिए हम कांग्रेस पार्टी व इसके नेतृत्व एवं भाजपा व इसके नेतृत्व की कुंडली पर विचार करेंगे।

## कांग्रेस पार्टी -

योग- तीन ग्रह वक्री (वृ. मं. श.), शुक्र दशम में अस्त, दोनों त्रिकोणेश पीड़ित हैं। पूर्व पुण्य कर्म व प्रारब्ध अच्छा नहीं दिख रहा है। हां, बुध, वृहस्पति व चंद्रमा कमजोर केंद्र त्रिकोण राजयोग निर्मित किए हुए हैं। चारों उपचय भाव के स्वामी उपचय भाव में ही? स्थित हैं, यह संघर्ष के उपरांत ग्रोथ को रेखांकित करता है।

दशा व परिणाम- वृहस्पति / राहु/ शुक्र । तीनों में परस्पर केंद्रीय संबंध है किन्तु कोई विशेष राजयोग निर्मित न होने के कारण पार्टी को कोई विशेष उपलब्धि मिलती नहीं दिख रही है।

दशा लग्न- दशा लग्न सत्ता से विच्छेद दर्शा रहा है। पार्टी भ्रम की स्थिति से गुजरेगी, ऐसा दर्शित हो रहा है।

सर्वाष्टक वर्ग- जन्मस्थ शनि 33/2, गोचरस्थ शनि 28/1; जन्मस्थ वृहस्पति 30/3, गोचरस्थ वृहस्पति 34/3; जन्मस्थ मंगल 32/3, गोचरस्थ मंगल 38/5; जन्मस्थ राहु 28/3, गोचरस्थ राहु 34/1; जन्मस्थ शुक्र 28/4, गोचरस्थ शुक्र 34/4 । सर्वाष्टक व अष्टक वर्ग में शनि, वृहस्पति व राहु का गोचर अनुकूल नहीं है। अतः सकारात्मक परिणाम देने में वह असमर्थ हैं।

गोचर- शनि द्वादश में स्थिर राशि , वृहस्पति तृतीय में स्थिर राशि, राहु केतु लग्न सप्तम में द्विस्वभाव राशि , शुक्र तृतीय में स्थिर राशि । यह बता रहा है कि एक गोचर संबंध कांग्रेस की कुंडली के शुभ भाव से नहीं है और दूसरा सभी के स्थिर राशि में होने के पार्टी के वर्तमान स्टेटस में कोई विशेष परिवर्तन दिख नहीं रहा है।

### राहुल गांधी-

योग- लग्न में उपचयेश का बैठना ठीक नहीं। चंद्रमा का छठे भाव में नीच का बैठना और भाग्येश का नीचे राशि में स्थित होना को विशेष राजयोग का न बनना एक कमजोर कुंडली को रेखांकित करता है। केंद्र त्रिकोण का राजयोग वक्री वृहस्पति व नीच शनि निर्माण में संलग्न है किन्तु यह योग भी विवाह व संतान के उपरांत ही सक्रिय व विशेष क्रियाशील है। विवाह के उपरांत ही इनका राजयोग सक्रिय हैं। वह भी कोई विशेष नहीं है। योग कारक ग्रह की दशा भी प्रचलन में नहीं है। कुंडली बलहीन होने के कारण दूर दूर तक प्रधानमंत्री बनने का कोई योग नहीं है।

दशा व परिणाम - मंगल / चंद्रमा / शुक । मंगल चंद्र का षडाष्टक दुर्योग और मंगल शुक्र का द्वि- द्वादश संबंध संघर्ष को बढ़ाता है। चंद्रमा छठे भाव में नीच का और नीच भंग नहीं हो रहा है। अतः मानसिक पीड़ा मिलना स्वाभाविक है।दशा योग कारक न होने के कारण कोई स्थायी उपलब्धि मिलती नहीं दिख रही है। वर्तमान संघर्ष का कतिपय लाभ राहु की महादशा आरंभ होने के उपरांत मिलेगा। किंतु, कांग्रेस पार्टी की ऊर्जा राहुल गांधी से मैच न करने के कारण इनसे कांग्रेस पार्टी को और कांग्रेस पार्टी से इनको कोई विशेष उपलब्धि मिलती नहीं दिख रही है।

दशा लग्न - जन्मस्थ योग को ही पुष्टि प्रदान कर रहा है और सत्ता से डिटैच दिखा रहा है।

सर्वाष्टक वर्ग- जन्मस्थ शनि 43/5, गोचरस्थ शनि 32/3; जन्मस्थ वृहस्पति 26/3, गोचरस्थ वृहस्पति 24/4; जन्मस्थ मंगल 28/3, गोचरस्थ मंगल 43/5; जन्मस्थ चंद्रमा 29/6, गोचरस्थ चंद्रमा 43/6; जन्मस्थ शुक्र 31/6 गोचरस्थ शुक्र 24/4 । सर्वाष्टक व अष्टक वर्ग में शनि व वृहस्पति का गोचर अनुकूल नहीं है। जबकि मंगल, चंद्र व शुक्र का गोचर तो अनुकूल है लेकिन योग व दशा का सकारात्मक सहयोग प्राप्त न होने के कारण अंतिम परिणाम अनुकूल नहीं होगा।

**गोचर-** शनि का स्थिर राशि में राहु के ऊपर से गोचर वर्तमान परिस्थितियों में किसी शुभ परिवर्तन को रेखांकित नहीं कर रहा है। शनि की ढैया भी चल रही है। अतः इस अवधि में मानसिक कष्ट ही मिलेगा। वृहस्पति का गोचर द्वादश भाव में स्थिर राशि में लग्नेश के ऊपर से होने के कारण स्वास्थ्य और प्रतिष्ठा में थोड़ी सम्मान जनक स्थिति बनेगी। मंगल व चंद्र का गोचर मेष राशि में लाभ भाव में होने व शुक्र का गोचर द्वादश भाव स्थिर राशि में लग्नेश के ऊपर होने के नाते अगर कोई विशेष उपलब्धि नहीं दर्शा रहा है तो बहुत अपमानजनक स्थिति भी नहीं बना रहा है। अतः उनकी स्थिति यथावत बनी रहेगी।

#### भाजपा-

योग- तृतीयेश सूर्य व दशमेश वृहस्पति में स्थान परिवर्तन राजयोग, तृतीय भाव में वृहस्पति शनि में केंद्र-त्रिकोण राजयोग, नवम भाव में बुध वृहस्पति में केंद्र- त्रिकोण राजयोग, नवम भाव में लग्नेश बुध के साथ केतु होने से वह राजयोगकारक, (धर्म व अध्यात्म के क्षेत्र में सफलता व एलाइनमेंट से पार्टी का उत्थान, बुध चतुर्थेश होने नाते जनता व राष्ट्र को अध्यात्म की ओर अग्रसर ), छठे भाव में चंद्रमा नीच भंग राजयोग, राजयोग कारक ग्रहों के साथ मंगल- राहु के होने के कारण वे दोनों भी राजयोग के प्रभाव में सम्मिलित, चारों उपचय भाव के स्वामी सूर्य, मंगल व वृहस्पति उपचय भाव में स्थित होने के नाते संघर्षोंपरांत अनवरत पार्टी का ग्रोथ व सफलता सुनिश्चित है। इस प्रकार, सभी ग्रह किसी न किसी बेहतर राजयोग एवं धन योग निर्माण में तत्पर हैं। अप्रैल 2012 के बाद से भाजपा निरंतर प्रगति में है क्योंकि सूर्य की दशा आरंभ हुई जो एक बेहतर स्थान परिवर्तन राजयोग में संलग्न है। इसकी दशा आने के उपरांत पार्टी स्तर पर देश स्तर पर सभी पुरानी व्यवस्था व नेतृत्व को परिवर्तित करने का मार्ग प्रशस्त कर दिया और आने वाले काल खंड में भी यह अपना वजूद मजबूत करता जायेगा और एकमात्र इकलौती सशक्त पार्टी के रूप में दिखलाई पड़ेगा ।

**दशा व परिणाम-** चंद्रमा / बुध / केतु - शुक्र। पूर्ववर्ती दशा योग कारक सूर्य में बोये गये फसल को चंद्रमा काट रहा है और नीच भंग राजयोग में शामिल चंद्रमा क्रमशः अपनी बुराइयों को दूर करते हुए राजसत्ता का सुख दिलवा रहा है। चंद्रमा का नीच भंग होने के कारण जनता थोड़ा इस दशा में मानसिक कष्ट और धनेश होने के कारण आर्थिक कष्ट से गुजरेगी। युद्ध जीतने के लिए कई बार भावनात्मक विकारों का भी सहारा लिया जायेगा।आनेवाली दशा मंगल में अपने पराक्रम से सबको परास्त करते विश्व पटल पर अपना ध्वज फहरायेगी। अन्तरदशा बुध भी आध्यात्मिक राजयोग में संलग्न होने के कारण न केवल सनातन धर्म व अध्यात्म का उत्थान होगा बल्कि हरेक का भविष्य इसी पार्टी में देखने को मिलेगा। चंद्रमा/बुध/केतु /शुक्र बेहतर राजयोग में संलग्नता के साथ स्थिर राशि में स्थित होने नाते भाजपा के राजयोग व राजसत्ता में कोई परिवर्तन दिखलाई नहीं दे रहा है। इसलिए भारत की वर्तमान राजसत्ता यथावत बना रहेगा।

दशा लग्न- दशम भाव में कई राजयोग निर्मित हो रहे हैं और जन्म के दशम भाव व लाभ भाव से गहरा संबंध बन रहा है। यह दशा व अंतर्दशा दोनों से बन रहा है, अतः स्पष्ट होता भाजपा का मान, सम्मान , प्रतिष्ठा व उसे सत्ता की प्राप्ति होगी।

सर्वाष्टक वर्ग - जन्मस्थ शनि 31/1, गोचरस्थ शनि 24/0 ; जन्मस्थ वृहस्पति 31/2, गोचरस्थ वृहस्पति 30/5 ; जन्मस्थ चंद्रमा 32/5, गोचरस्थ चंद्रमा 36/4; जन्मस्थ बुध 24/5, गोचरस्थ बुध 30/3; जन्मस्थ शुक्र 30/3, गोचरस्थ शुक्र 30/3 । सर्वाष्टक व अष्टक वर्ग में शनि को छोड़कर अन्य सभी ग्रहों का गोचर अनुकूल होने के कारण कतिपय पीड़ा के साथ सकारात्मक परिणाम देने में सहयोग करेगा।

**गोचर-** शनि का गोचर बुध लग्नेश के ऊपर नवम भाव में स्थिर राशि में, वृहस्पति द्वादश भाव में पंचमेश शुक्र के ऊपर स्थिर राशि में, बुध व शुक्र द्वादश भाव में स्थिर राशि में एवं चंद्र चर से स्थिर राशि में जाना चाहेगा। अतः स्पष्ट भाजपा का प्रारब्ध वर्तमान शासकीय स्टेटस में कोई परिवर्तन नहीं करने जा रहा है और वर्तमान स्टेटस यथावत बना रहेगा।

**##### नरेंद्र मोदी -**

योग- लग्न में लग्नेश व नवमेश का केंद्र त्रिकोण राजयोग, लग्न में ही लग्नेश मंगल के मार्फत भाग्येश चंद्रमा से नीच भंग राजयोग, चतुर्थ व दशम भाव में शनि - वृहस्पति के मार्फत केंद्र त्रिकोण राजयोग, चतुर्थ व दशम भाव में ही शुक्र व वृहस्पति के मार्फत एक अन्य केंद्र त्रिकोण राजयोग, एकादश भाव में कर्णेश व लाभेश के साथ बुधादित्य योग निर्मित है। उक्त सभी राजयोग चतुर्थ, दशम व एकादश भाव में बने हैं जो शुभता में और वृद्धि कर रहे हैं। शनि, सूर्य व? बुध तीन उपचय भाव के स्वामी होकर उपचय भाव में ही स्थित है जो अपनी दशा में संघर्षोंपरांत क्रमशः उन्नति को दर्शित करते हैं। शुक्र / बुध व मंगल के प्रत्यंतर में 07.10.2001 को गुजरात के मुख्यमंत्री बने। क्योंकि, महादशा शुक कमजोर ही सही दशम भाव लक्ष्मी विष्णु राजयोग निर्मित कर दशम भाव में स्थित है जबकि, बुध उपचयेश होकर दशमेश सूर्य के साथ एकादश भाव यानी इच्छापूर्ति के भाव में स्थित है, और मंगल लग्न में को विशेष राजयोग में संलग्न है। अतः अप्रत्याशित रूप से अष्टमेश बुध व तत्समय नीच भंग राजयोग से आबद्ध की दशा होने के कारण विवादोपरांत किसी को हटाकर इन्हें मुख्यमंत्री का सिंहासन प्राप्त हुआ।

दशा व परिणाम- मंगल/बुध/वृहस्पति । लग्नेश मंगल लग्न में नीच भंग राजयोग में संलग्न है। भाग्येश चंद्र के साथ लग्न में ही केंद्र त्रिकोण राजयोग बनाये हुए हैं। अंतर्दशा बुध लाभ भाव में कर्मेश बुध के साथ बधादित्य योग बनाये हुए हैं और पंचमेश वक्री वृहस्पति की उसपर नवम दृष्टि है। महादशा व अंतर्दशा के मध्य परस्पर तीन एकादश का संबंध है जो लाभकारी है। वृहस्पति स्वयं विष्णु लक्ष्मी राजयोग में संलग्न होकर चतुर्थ भाव में स्थित है। तीनों दशाएं स्थिर राशि का प्रभाव लिए होने के नाते वर्तमान स्टेटस में कोई परिवर्तन दिखलाई नहीं दे रहा है और शुभता लिए हुए है। अतः ज्योतिष की भाषा में मोदी जी का वर्तमान सिंहासन यथावत बना रहेगा।

**दशा लग्न** - महादशा व अंतर्दशा दोनों जन्मस्थ है।राजयोग, कर्मयोग, भाग्ययोग को ही पुष्टि प्रदान कर रहा हैं। दशा के क्रम में भी कर्म से लाभ का गहरा रिश्ता होने के कारण प्रयास का सकारात्मक परिणाम उपस्थित होने को दर्शा रहा है।

सर्वाष्टक वर्ग - जन्मस्थ शनि 34/3, गोचरस्थ शनि 30/2; जन्मस्थ वृहस्पति 30/4, गोचरस्थ वृहस्पति 26/7; जन्मस्थ मंगल 35/6, गोचरस्थ मंगल 35/3; जन्मस्थ बुध 41/7, गोचरस्थ बुध 26/4 । सर्वाष्टक व अष्टक वर्ग में वृहस्पति ,मंगल व बुध का गोचर विशेष मदद कर रहा है जबकि शनि का गोचर आंशिक मदद कर रहा है। अतः कतिपय व्यवधान के बाद अंततोगत्वा सकारात्मक परिणाम देने में सफल होंगे ।

**गोचर-** शनि चतुर्थ भाव व स्थिर राशि में योग कारक वृहस्पति के ऊपर गोचर, वृहस्पति की सप्तम भाव व स्थिर राशि में गोचर और उसकी एकादश भाव में बुध सूर्य पर दृष्टि, लग्न पर योगकारक मंगल चंद्र पर दृष्टि, योग व शुभता की पुष्टि, लग्न को बल व योग को गति प्रदान कर रहा है। लग्नेश मंगल के छठे भाव में स्वराशि व मूलत्रिकोण राशि में गोचर होने कारण शत्रुहंता योग बनाये हुए है जो कारण शत्रुओं का पराजय सुनिश्चित करता है और बुध सप्तम भाव में स्थिर राशि में गोचर कर लग्न को बल प्रदान कर रहा है। अतः नरेंद्र मोदी जी की कुंडली का योग, दशा व गोचर पुनः विरोधियों को परास्त कर विजयी होने को प्रमाणित कर रहा है।

@ अब सवाल उठता है कि 05 जून 2024 के बाद भारत का सिंहासन कौन संभालेगा, भारत की ऊर्जा किस पार्टी व व्यक्ति को अपने अनुकूल पा रही है ? भारतवर्ष की कुंडली में निर्मित योग, वर्तमान दशा व गोचरीय ऊर्जा भाजपा की कुंडली में निर्मित योग, वर्तमान दशा व गोचरीय योग को अपनी ओर आकर्षित कर रही है। गुरुत्वीय ऊर्जा का संबंध दोनों में बेहतर होने के कारण भाजपा ही अभी देश का नेतृत्व करेंगी और उसी के निर्देशन में वर्तमान में भारत का विकास संभव हैं। जहां तक व्यक्ति विशेष का प्रश्न है ? तो भाजपा की कुंडली का गुरुत्वीय ऊर्जा और नरेन्द्र मोदी जी की कुंडली का गरुत्वीय ऊर्जा समान व सकारात्मक होने कारण मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा विकास संभव है। भारतवर्ष की कुंडली,भाजपा की कुंडली व नरेन्द्र मोदी की कुंडली के योग, वर्तमान दशा व गोचर का गरुत्वीय ऊर्जा अनुकूल व सकारात्मक होने के नाते नरेंद्र मोदी के प्रति खिंचाव स्वाभाविक है और अपने दशा व योग से एलाइनमेंट कर कार्य कर रहे हैं। अतः इन्हें भारत का पुनः प्रधानमंत्री बनने से कोई रोक नहीं सकता। पूर्व जन्म के पुण्य कर्म व प्रारब्ध जागृत होने के कारण भारत व भाजपा का प्रारब्ध इन्हें ही खींच रहा है और निस्संदेह भारत का उत्थान वर्तमान समय में इन्हीं के मार्फत होना है। विरोधी पार्टियां चाहे जो भी युक्ति लगा लें किसी के पूर्व जन्म के पुण्य कर्म एवं वर्तमान प्रारब्ध को छीन नहीं सकते। कांग्रेस पार्टी की योग, वर्तमान दशा व गोचरीय ऊर्जा भारत वर्ष के ऊर्जा के अनुकूल न होने के कारण संघर्ष की स्थिति रहेगी और सफलता संदिग्ध रहेगा। पार्टी व नेता जब तक अपने योग व दशा के साथ एलाइन कर कार्य नहीं करेंगे, कांग्रेस पार्टी और उसके नेताओं के खाते असफलता ही हाथ लगेगी। कांग्रेस पार्टी व भारतवर्ष की गुरुत्वीय ऊर्जा से राहुल गांधी का कोई सकारात्मक संबंध निर्मित न होने के कारण न तो भारत और न ही कांग्रेस पार्टी और न स्वयं का कोई भला होने वाला है। ज्योतिषीय आगणन के उपरांत इस निष्कर्ष पर पहुंचा कि नरेंद्र मोदी पुनः विजयी हो रहे हैं और पूर्ण बहुमत के साथ पुनः भारत के प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं। ज्योतिषीय आगणन के उपरांत संभावना सीटों की संख्या निम्नवत भाजपा 275-290 व ठऊअ 320- 340 हो सकती है।

शोधकर्ता व गवेषणकर्ता - डा संजय कुमार सिंह, मम्फोर्डगंज, प्रयागराज, उ. प्र.। दिनांक 20.05.2024

## संपादक की कलम से

### मेडिकल छात्रों को आखिर ग्रामीण क्षेत्रों में सेवा से परहेज क्यों

सुप्रीम कोर्ट ने कर्नाटक के मेडिकल छात्रों से अगर यह सवाल किया है कि आखिर वे ग्रामीण क्षेत्रों में एक वर्ष सेवा देने की राज्य सरकार की शर्त से छूट चाहते हैं तो ऐसा क्यों? इस मामले पर और बात करने से पहले यह समझा जा सकता है कि आखिर मेडिकल छात्रों की मांग क्या है। दरअसल, कर्नाटक सरकार की पॉलिसी के अनुसार मेडिकल काउंसिल में रजिस्ट्रेशन से पहले ग्रामीण क्षेत्रों में एक वर्ष सेवा देना जरूरी है। इस संबंध में सुप्रीम कोर्ट में पांच मेडिकल छात्रों जोकि प्राइवेट मेडिकल संस्थान से एमबीबीएस की डिग्री हासिल कर रहे हैं, ने इस छूट की मांग की है।

हालांकि इस पर माननीय अदालत ने संबंधित पक्षों को नोटिस जारी किया है। लेकिन उसकी ओर से जो सवाल पूछा गया है, वह अपने आप में बेहद अहम है। प्राइवेट मेडिकल डीम्ड यूनिवर्सिटी से डिग्री हासिल कर रहे इन युवाओं की जिम्मेदारी क्या शहर में रहकर अमीर मरीजों का इलाज करते हुए अपनी जेबें मोटी करना है। बेशक, मेडिकल की पढ़ाई हर कोई नहीं कर सकता। इस पेशे में आने के लिए बचपन से ही पढ़ाई में अव्वल बना रहना जरूरी होता है, वहीं फिर भारी भरकम फीस अदा करके सीट हासिल करते हुए पढ़ाई करनी होती है। सरकारी विश्वविद्यालयों से पढ़ाई के दौरान यह बाध्यता समझ में आती है कि सरकार ग्रामीण इलाकों में जाकर उन मेडिकल छात्रों को इलाज करने को कहे, लेकिन प्राइवेट शिक्षण संस्थान से पढ़ाई करने के बावजूद ऐसी शर्त उन्हें परेशान कर रही है।

हालांकि इसमें दोराय कैसे हो सकती है कि आज ग्रामीण इलाकों में प्रशिक्षित डॉक्टरों की भारी कमी है और जनता बगैर इलाज के परेशानी उठा रही है। ऐसे में सरकार अगर यह नियम बना रही है कि प्राइवेट शिक्षण संस्थानों में मेडिकल की पढ़ाई के बाद ग्रामीण इलाकों में जाकर प्रैक्टिस करनी होगी तो इसमें कुछ भी अनुचित नहीं है, अपितु यह तो समाज सेवा का एक अवसर है।

गौरतलब है कि हरियाणा में एमबीबीएस छात्रों और सरकार के बीच बॉन्ड पॉलिसी को लेकर गतिरोध हुआ था। इसके बाद रोहतक पीजीआई समेत दूसरे जिलों में धरने पर छात्र बैठ गए थे। राज्य सरकार ने एक पॉलिसी बनाई थी, जिसके तहत सात साल तक सरकारी नौकरी और बॉन्ड राशि 40 लाख रुपये अदा करनी थी। इसका मतलब यह था कि हरियाणा से एमबीबीएस करने वाले छात्र को सात साल प्रदेश में ही अपनी सेवाएं देनी होंगी और इसके लिए उसे इस राशि का बॉन्ड भरकर देना होगा यानी अगर सेवाएं नहीं तो बॉन्ड राशि जब्त कर ली जाएगी। हालांकि उस समय सामने आ रहा था कि देश के दूसरे राज्यों में भी बॉन्ड प्रणाली है, लेकिन जितनी राशि हरियाणा में तय की गई है, वह अपने आप में बहुत ज्यादा है। एक तो मेडिकल की पढ़ाई ही इतनी महंगी है, उस पर 40 लाख की बॉन्ड राशि का भार छात्रों और उनके परिजनों पर अनचाही आफत है। इसके बाद राज्य सरकार ने इस पॉलिसी को सही ठहराते हुए अनेक तर्क दिए थे, लेकिन फिर भी सवाल कायम था कि आखिर राज्य सरकार अपने यहां डॉक्टरों की कमी पूरी करने के लिए आखिर ऐसी पॉलिसी को ही क्यों हथियार की तरह इस्तेमाल कर रही है।दरअसल, डॉक्टरों की कमी को पूरा करने के लिए किसी भी राज्य सरकार की ओर से पॉलिसी के जरिये या फिर बॉन्ड प्रणाली के जरिये अगर अनुशासन लाने की कोशिश की जाती है, तो इसे विवाद के रूप में नहीं देखा जा सकता। मेडिकल की पढ़ाई का सीधा संबंध खास और आम मरीजों से है। भारत जैसे देश में सैकड़ों मरीजों के ऊपर एक डॉक्टर है, केंद्र एवं राज्य सरकारें मेडिकल सेवाओं को बेहतर बनाने का दावा करती हैं, लेकिन बगैर चिकित्सकों के यह कैसे संभव हो सकता है। एक राज्य सरकार के लिए अपने नागरिकों के स्वास्थ्य की देखभाल सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। हरियाणा सरकार ने राज्य में स्वास्थ्य के बुनियादी ढांचे को बेहतर बनाने के लिए विभिन्न प्रयास किए हैं, लेकिन डॉक्टरों की कमी से वह सेवाओं का विस्तार नहीं कर पा रही। अकसर यह देखने को मिलता है कि राज्य सरकार के चिकित्सा संस्थानों से डिग्री हासिल करके छात्र देश के अन्य राज्यों में या फिर निजी क्षेत्र में या फिर विदेश रवाना हो जाते हैं। एक सरकार अपने संसाधनों के जरिए छात्रों की पढ़ाई पर जो खर्च करती है, उसके लिए न सरकार को कुछ हासिल होता है और न प्रदेश के नागरिकों को। ऐसे में बॉन्ड पॉलिसी या फिर कोई अन्य प्रणाली बांध की तरह है जोकि छात्रों के राज्य से बाहर होने वाले प्रवाह को रोक सके।

## प्रकृति से आती है दुनिया की आधी जीडीपी

दुनिया भर में कीड़ों की संख्या में गिरावट आ रही है. मधुमक्खियां दुनिया के कुल खाने में से करीब एक-तिहाई के लिए जिम्मेदार हैं. और कई जानकार मानते हैं कि इस ओर ध्यान दिए जाने में काफी देर हो चुकी है.

गर्मी इतनी ज्यादा कि बंदर पेड़ों से गिरकर मर जा रहे हैं. मेक्सिको के तटीय राज्य तबास्को में पिछले हफ्ते में 138 हाउलर बंदर मृत पाए गए हैं. मेक्सिको में जबरदस्त गर्मी पड़ रही है. मार्च से अब तक 26 लोगों की मौत भी हो चुकी है. लेकिन तापमान में थोड़ी सी बढ़ोतरी भी जीवों की कई प्रजातियों के लिए जानलेवा साबित हो सकती है.

नासा के मुताबिक 19वीं शताब्दी के औद्योगिक दौर से पूर्व के औसत तापमान के मुकाबले, साल 2023 में ही पृथ्वी का औसत तापमान 2.5 डिग्री बढ़ चुका था. पिछले दस साल लगातार सबसे गर्म साल रहे हैं. गर्मी की इन घातक स्थितियों से जैव-विविधता को काफी नुकसान पहुंच रहा है.

**जैव-विविधता के कई दुश्मन**

दुनिया में जैव-विविधता पर ऐसे तमाम खतरे हैं.ग्लोबल वॉर्मिंग के अलावा बढ़ता औद्योगीकरण और प्रदूषण भी जैव-विविधता को खतरे में डाल रहे हैं. करीब तीन दशक पहले दिसंबर, 1993 में ही संयुक्त राष्ट्र ने जैव विविधता को लेकर दुनिया भर के लिए कुछ सामान्य नियम तय किए थे. फिलहाल इस समझौते में 196 सदस्य शामिल हैं यानी पूरी दुनिया इन नियमों को मानती है. साल 2000 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 22 मई को अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता संरक्षण दिवस घोषित किया था क्योंकि इसी दिन नियमों के शुरूआती मसौदे पर सहमति बनी थी.

जैव विविधता को लेकर नियमों और कानूनों को और कठोर किए जाने की जरूरत दिनोंदिन बढ़ रही है. फिलहाल दुनिया का करीब 17 फीसदी जमीनी हिस्सा और 8 फीसदी समुद्री हिस्सा संरक्षित है. जहां जैव-विविधता कथित तौर पर वनों की कटाई, संसाधनों के शोषण और प्रदूषण से सुरक्षित है. लेकिन इन इलाकों को भी जलवायु परिवर्तन, बाढ़-सूखा और जंगली आग जैसे खतरे नुकसान पहुंचा रहे हैं.

**खत्म हो जाएंगे बांग्लादेश जितने इलाके के मैंग्रोव वन**

जैव विविधता संरक्षण दिवस पर लुप्तप्राय प्रजातियों की लिस्ट जारी करने वाली संस्था इंटरनेशनल यूनियन फॉर कंजर्वेशन ऑफ नेचर (आईयूसीएन) ने मैंग्रोव वनों को लेकर एक स्टडी जारी की है. इसमें कहा गया है कि जलवायु परिवर्तन, वनों की कटाई और प्रदूषण के चलते दुनिया के आधे से ज्यादा मैंग्रोव वनों पर खत्म होने का खतरा है. संस्था ने पहली बार दुनिया के 36 अलग-अलग इलाकों के मैंग्रोव वनों का अध्ययन करने के बाद यह बात कही है.

दुनिया के 15 फीसदी समुद्र तट मैंग्रोव वनों से घिरे हुए हैं. ये धरती के 1.5 लाख वर्ग किमी इलाके में फैले हुए हैं, यानी बांग्लादेश जितने बड़े इलाके में. 20 फीसदी मैंग्रोव वनों पर खत्म होने का जबरदस्त खतरा है. संस्था के प्रमुख ग्रेथल आगिलार कहते हैं, "इससे साथ मिलकर मैंग्रोव वनों के संरक्षण को लेकर तुरंत कोशिशें किए जाने की जरूरत सामने आई है, जो दुनिया में लाखों अहम जीवों का बसेरा हैं."

**प्रकृति से आती है दुनिया की आधी जीडीपी**

इंसानों के चलते जैव-विविधता को होने वाला नुकसान दुनिया में जीवों के छठे सबसे बड़े खात्मे की वजह बन रहा है. इसके चलते दुनिया में जानवरों और पौधों की एक-तिहाई प्रजातियों के अगली कुछ शताब्दियों में खत्म हो जाने का डर है. यह सिर्फ प्रकृति के लिए ही नुकसान नहीं होगा बल्कि इसका खामियाजा लोगों को भी उठाना पड़ेगा. जैव-विविधता, वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए भी बहुत मायने रखती है।

# मोदी मैजिक फेल, लक्ष्य भी ध्वस्त

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जिस कथित करिश्माई व्यक्तित्व के बल पर भारतीय जनता पार्टी ने इस लोकसभा चुनाव में अपने बल पर 370 और नेशनल डेमोक्रेटिक एलायंस (एनडीए) के बल पर 400 सीटों से ज्यादा का लक्ष्य निर्धारित किया था, वह मतदान के पांच चरण निकलते-निकलते इसलिये हवा में उड़ता नजर आ रहा है क्योंकि अब न तो मोदी के पास कोई नयी बात कहने को रह गई है और न ही उनके व्यक्तित्व से लोग आकर्षित हो पा रहे हैं। इसका कारण यही है कि भाजपा के विमर्श का आधार उनका चेहरा था, जबकि उन्हें टक्कर देता इंडिया गठबन्धन विमर्श के आधार पर कई करिश्माई व्यक्तित्व गढ़ चुका है जो देश के चारों दिशाओं में धूम मचा रहे हैं।

विमर्श की बात करें तो लगता है कि भाजपा के पास अपना कोई भी नैरेटिव नहीं रह गया है। प्रधानमंत्री मोदी जो कहते हैं वही भाजपा का विमर्श और विषय होता है; और मोदी जी जो कहते हैं वह कांग्रेस या इंडिया गठबन्धन के नेताओं द्वारा कही गई किसी बात की प्रतिक्रिया मात्र होती है। अब भाजपा की सभाओं में दिखने वाली भीड़ केवल जुटाई गई होती है जो लौटते वक्त कोई नयी बात लेकर नहीं जा रही है। चूंकि यह हुजूम लाया हुआ है इसलिये वह मोदी या भाजपा के भाषणों के दौरान कहां पर 'मोदी मोदी' कहना है, बखूबी जानता है। इसे ही दरबारी मीडिया प्रस्तुत करता है। यह माहौल बनाने में उसका योगदान होता है जबकि अब तक सम्पन्न हुए 418 लोकसभा सीटों पर मतदान के बाद जो अनुमान आ रहे हैं वे साफ बता रहे हैं कि भाजपा-एनडीए लगभग सभी राज्यों में पिछड़ रही है। मोदी मैजिक तो हवा में उड़ ही चुका है, वह अपने साथ 370-400 पार के नारे को भी उड़ा ले गया है।

अनेक ऐसे संकेत मिल रहे हैं जो इस बात की पुष्टि कर रहे हैं कि खुद भाजपा कार्यकर्ता एवं उसकी मातृ संस्था राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक इस बार के चुनाव को लेकर उदासीन हैं। इसका एक संकेत सभी चरणों में कम मतदान का होना है। भाजपा व संघ दोनों के ही कार्यकर्ता जानते हैं कि मोदी अपने सबसे बड़े लक्ष्य को हासिल करने के लिये संघर्षरत हैं और वे 400 पार लाकर वह करना चाहते हैं जो भाजपा के कहीं पहले संघ का लक्ष्य रहा है- संविधान व लोकतंत्र को समाप्त कर मनुवादी व्यवस्था को लाना। ऐसे आड़े वक्त में अगर दोनों संगठनों के कार्यकर्ता मतदान कराने के लिये 2014 एवं 2019 की तरह घरों से नहीं निकल रहे हैं तो मानकर चलना होगा कि इन पर से मोदी की पकड़ छूट चुकी है। इन संगठनों के कार्यकर्ता यह भी जान गये हैं कि जिन उद्देश्यों के लिये नरेंद्र मोदी ने यह नारा दिया है वह हासिल करने के लायक नहीं है। सम्भवतः उन्होंने यह भी सोच लिया है कि अगर हिन्दू राष्ट्र की अवधारणा को साकार करना भी है तो वह कम से कम नरेंद्र मोदी और अमित शाह के नेतृत्व में तो बिलकुल नहीं करना है क्योंकि दोनों ने इसके प्रति लोगों में शंकाएं एवं अरुचि पैदा कर दी है। इन दोनों संगठनों के कार्यकर्ता यदि अपनी नाराजगी या उदासीनता जो भी रही हो, उसे त्यागकर मोदी की मदद के लिये आना भी चाहते तो अब भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा के उस बयान के बाद तो बिलकुल ही आने से रहे जिसमें नड्डा ने कहा है कि 'अब भाजपा बड़ी हो चुकी है तथा उसे अब राजनैतिक कामों के लिये संघ की जरूरत नहीं रह गई है।' नड्डा का यह भी मानना है कि 'पहले चाहे संघ पर भाजपा आश्रित थी पर अब दोनों अपने-अपने कामों को स्वतंत्रतापूर्वक करते हैं- भाजपा राजनीतिक काम और संघ विचारधारा सम्बन्धी कार्यकलाप व सांस्कृतिक गतिविधियां।' यह तय है कि इस बयान के बाद अब भाजपा को अगले तथा अंतिम दो चरणों में संघ की मदद मिलने से रही।

## जज बने रहने लायक नहीं बांदा सीजेएम

### हाईकोर्ट की तल्ख टिप्पणी, बिजली अफसरों पर करा दिया था फर्जी केस

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बांदा के सीजेएम भगवानदास गुप्ता पर तल्ख टिप्पणी की है। कोर्ट ने कहा कि जज ने निजी हित को पद का गलत प्रयोग किया। बिल भेजने पर बिजली विभाग के अफसरों पर फर्जी केस दर्ज कराया। वह जज बने रहने लायक नहीं हैं। हाईकोर्ट ने हिदायत दी कि निचली अदालत का कोई भी जज बिना जिला जज की अनुमति के मुकदमे दर्ज न करायें। अति गंभीर मामलों पर केस दर्ज करा सकते हैं।

बुधवार को हाईकोर्ट इलाहाबाद के जस्टिस राहुल चतुर्वेदी व मो अजहर हुसैन इदरीसी ने लखनऊ के अधिशासी अभियंता मनोज गुप्ता, एसडीओ दीपेंद्र सिंह व संविदा कर्मी राकेश सिंह की याचिका पर ये आदेश दिया। सीजेएम ने 2023 में तीनों के खिलाफ धोखाधड़ी समेत कई धाराओं में मामला दर्ज कराया था। उन्होंने मामले को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी।

सीजेएम भगवान दास गुप्ता ने 2009 में लखनऊ के अलीगंज में मकान खरीदा था। इस पर एक लाख 66 हजार 916 रुपए का बिजली बिल बकाया था। बिजली कनेक्शन मकान मालिक के नाम था। सीजेएम ने कनेक्शन अपने नाम करवाने को अलीगंज सब स्टेशन पर आवेदन दिया। विभाग ने बताया कि बिल भुगतान के बाद ही नाम बदला जा सकता है। बिजली विभाग ने बिल वसूली को नोटिस भेज दी। सीजेएम भगवान दास ने मकान बेंचने वाले व बिजली विभाग के अफसरों पर लखनऊ में शिकायत की। शिकायत पर कोर्ट ने जांच के आदेश दिये। अफसरों को सम्मन भेजा। बाद में वापस ले लिया। लम्बी कानूनी लड़ाई के बाद कोर्ट ने केस खारिज कर दिया था। सीजेएम ने बांदा कोतवाली में मामला दर्ज कराया। 27 जुलाई 2023 को धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए बिजली विभाग के अफसरों पर बांदा कोतवाली में मामला दर्ज कराया। मामले को हाईकोर्ट में चुनौती देने पर हाईकोर्ट ने अफसरों पर दर्ज मुकदमे को रद्द कर दिया।

कोर्ट ने कहा कि सीजेएम कानूनी लड़ाई हाईकोर्ट तक हारते गये। बांदा कोतवाली में बिजली विभाग के अफसरों के खिलाफ इं दान बहादुर को धमका कर रिपोर्ट दर्ज करा दी। कोर्ट ने आश्चर्य प्रकट किया कि 14 सालों में मजिस्ट्रेट ने सिर्फ पांच हजार रुपये ही बिजली बिल जमा किया।

पूंछने पर कहा कि सोलर पावर इस्तेमाल कर रहे हैं। बिजली विभाग के अधिकारियों पर घूस मांगने का भी आरोप लगाया। बिजली विभाग के अफसरों ने कोर्ट में बताया कि जज ने 201963 रुपए बिजली बिल अब तक नहीं जमा किया। हाईकोर्ट ने कहा कि जज की तुलना अन्य प्रशासनिक पुलिस अफसरों से नहीं की जा सकती। जज भी अन्य अफसरों की तरह लोकसेवक हैं। ये न्यायिक अधिकारी नहीं, जज हैं। जिन्हें भारतीय संविधान से संप्रभु शक्ति का प्रयोग करने का अधिकार प्राप्त है। एक जज का धैर्य व बर्ताव संविधान के अनुरूप होना चाहिए। हाईकोर्ट ने पूर्व चीफ जस्टिस आरसी लाहोटी की किताब का उल्लेख किया। कहा कि जज जो सुनते हैं, देख नहीं सकते। जो देखते हैं उसे सुन नहीं सकते। जज की अपनी गाइडलाइंस हैं। उनके फैसले ऐसे हों, जिसमें उनका व्यक्तित्व दिखाई दे।

## हादसे में महिला की हुई मृत्यु

**अखंड भारत संदेश**

**मऊ/चित्रकूट।** मऊ थाने के छिवलहा गांव के पास हाईवे पर हुए हादसे में एक महिला की घटना स्थल पर मृत्यु हो गई। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा है।

ये हादसा छिवलहा गांव में गुरुवार को अपरान्ह एक बजे हुआ। बताया गया कि चित्रकूट-प्रयागराज हाईवे पर बुलेरो एमपी16/सीबी-2984 से संतोषिया (40) पत्नी बन्ना निवासी भंभेट थाना राजापुर अपने मायके पूजा में आई थी। उसकी घटना स्थल पर मृत्यु हो गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा है।

पीडिता के परिजन रणविजय पुत्र चुनकावन निवासी भंभेट कालोनी राजापुर ने थाने में दी तहरीर में कहा कि चाची संतोषिया देवी अपने मायके छिवलहा देवता पूजने आई थी। सडक किनारे जा रही थी। अचानक बुलेरो चालक ने लापरवाही से ठोकर मारकर घायल कर दिया। सिर व शरीर पर गम्भीर चोटें आईं, इससे उसकी घटना स्थल पर मौत हो गई। वाहन चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया।



पंचायत नामा भरती पुलिस।

## बैंक ने बिना अनुमति काटी बीमा राशि

**अखंड भारत संदेश**

**मऊ/चित्रकूट।** मऊ कस्बे के शिवपुर मोहल्ले के राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के खंड बौद्धिक प्रमुख नवल किशोर त्रिपाठी ने जिलाधिकारी को लिखे पत्र में कहा कि आर्यावर्त बैंक शाखा मऊ में उसके खाते से बिना अनुमति के बीमा के नाम पर 436 रुपये काटे गये हैं।

गुरुवार को उन्होंने कहा कि आर्यावर्त बैंक शाखा मऊ ने खाते से 22 मई को 436 रुपये काट लिये हैं। वह बैंक में पता करने गये तो बताया कि ये धनराशि बीमा की काटी है। उन्होंने कहा कि कोई बीमा नहीं कराया। उनके हस्ताक्षर नहीं हैं, कोई सहमति भी नहीं है। बिना अनुमति खाते से 436 काटना कानूनी अपराध है। बीमा रसीद मांगी तो दिखाने से इंकार किया।

उन्होंने जिलाधिकारी से मांग किया कि मामले की उच्च स्तरीय जांच करवाई जाये। पिछले कई वर्षों से जो धनराशि काटी गई है, उसे वापस करायें।

## उलाहना देने पर हुई पिटाई

**मऊ/चित्रकूट।** मऊ थाने के तिलौली गांव के मजरा चंदई के सूरज कुमार पुत्र ननकू प्रसाद ने थानाध्यक्ष को दी तहरीर में कहा कि 22 मई को पूर्वान्ह साढे 11 बजे वह घर में था। छोटे-छोटे बच्चे आपस में विवाद कर रहे थे। उसने रामलाल पुत्र रजवा के यहां उलाहना देने गया तो रामलाल की पतोहू ने पकडकर डंडों से मारापीटा। गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। पीडित के सिर पर गम्भीर चोट आई है। पीडित ने मामला दर्जकर कानूनी कार्यवाही की मांग की है।

## तथागत गौतम बुद्ध की 2568वी जयंती धूमधाम से मनाई

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** भारतीय बौद्ध महासभा ने बुद्ध पूर्णिमा पर भगवान बुद्ध का 2568वां जन्मोत्सव कर्वी शहर के विद्यानगर स्थित पीताम्बर पैलेस गार्डेन में मनाया।

गुरुवार को बुद्ध के अनुयायियों ने चिलचिलाती धूप- गर्मी में भारी तादाद में एकजुट होकर भगवान बुद्ध के उपदेश सुने। यहां हुई गोष्ठी में दूर-दराज से आये लोगों ने बुद्ध महिमा का वर्णन कर उपदेशों पर चलने का संकल्प लिया। डा ज्ञानचंद्र बौद्ध ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किया। जन्मोत्सव की शुरूआत सवेरे दस बजे से पीताम्बर पैलेस गार्डेन में वंदना व पुष्पार्पण से हुई। बुद्ध अनुयायिओं ने अंबेडकर प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किये। अन्त में सभी बौद्ध भंते व बुद्ध उपासकों ने खीर खाई। संचालक गया प्रसाद बौद्ध ने पंचशील पढकर बुद्ध धम्म पालन को प्रेरित किया। अध्यक्ष डॉ ज्ञानचंद्र बौद्ध ने कहा कि भगवान बुद्ध के संदेश आज भी प्रासांगिक हैं। पंचशील का पालन करने से ही मानव कल्याण संभव है। शांति का संदेश भारत ही नहीं, बल्कि संपूर्ण विश्व में स्मरणीय है। बौद्ध काल में भारत को विश्व गुरु का दर्जा मिला, जो भारतवासियों के लिए गर्व की बात है। आलोक बौद्ध ने कहा कि रूढ़वादिता, अंधविश्वास को त्यागने को महिलाओं को आगे आना होगा। महिलाओं में चेतना पैदा करना आज के समय की जरूरत है। वरिष्ठ युवा समाजसेवी धर्मेन्द्र कुमार भास्कर ने कहा कि इसी तिथि के दिन भगवान बुद्ध ने जन्म लिया था। बौद्ध धर्म से जुड़े लोग इस तिथि को खासतौर से मनाते हैं। ज्ञान-धर्म के रास्ते पर चलने की प्रेरणा देने वाले भगवान बुद्ध को बोधगया में ज्ञान की प्राप्ति हुई थी। इस स्थान पर विशेष पूजा की जाती है। ये जयंती भारत में ही नहीं, बल्कि विश्व के विभिन्न देशों में धूमधाम से मनाई जाती है। आभास महासंघ के जिलाध्यक्ष दिनेश कुमार सनेही ने कहा कि मानव का संपूर्ण विकास बुद्ध के मार्गों से ही संभव है। मध्यम मार्ग को उचित बताते हुए कहा कि विश्व में मध्यम मार्ग से ही समझौता/संधि आपसी देशों में कायम हुई। वैज्ञानिक धर्म जो बौद्ध धर्म को संज्ञा मिली, विदेशों में वैज्ञानिकता को बल बौद्ध धर्म से मिला। जो देश बौद्ध धर्म अपनाते हैं, वे विकसित देश कहलाते हैं। इस मौके पर समाजसेवी रामनाथ, राम औतार, शिवप्रसाद, प्रेमचंद्र वर्मा, कपिल, बाबूलाल संखवार, भइयालाल, माताबदल, विनोद वर्मा, अशीष, डा एसपी वर्मा, नगीना, गीता तमाम लोग मौजूद रहे।



कर्याक्रम में मौजूद लोग।

## मौलिक अधिकारों के प्रति जिले में नहीं है जागरूकता

### गुण्डा एक्ट के मामले में बैकफुट पर आई पुलिस

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिले की जनता आज भी अपने मौलिक अधिकारों के प्रति जागरूक नहीं है। अशिक्षा यहां कूट-कूटकर भरी है- तभी तो लोकसभा चुनाव के पहले व अब तक जिले में बडे पैमाने पर गुण्डा एक्ट की कार्यवाही लोगों पर हुई है। मजाल है कि किसी ने गुण्डा एक्ट के मामले में हाईकोर्ट का रुख किया हो? प्रदेश के कुछ मामलों में हाईकोर्ट के कडे रुख के चलते पुलिस बैकफुट पर आ गई है। गुरुवार को पुलिस के गुण्डा एक्ट मामले में बैकफुट पर आने का खुलासा हुआ। बताया गया कि किसी के खिलाफ गुंडा एक्ट के तहत कार्रवाई करने से पहले पुलिस अब दस बार सोचेगी। लोकसभा चुनाव दौरान गुंडा एक्ट में कार्रवाई थम सी गई है। ये यूं ही नहीं हुआ, हाईकोर्ट की फटकार के बाद पुलिस व प्रशासनिक अफसर गुंडा एक्ट में कार्रवाई मामले में बैकफुट पर दिख रहे हैं।

लोकसभा चुनाव हो या विधानसभा- शांति व्यवस्था कायम रखने की गरज से पुलिस अवांछनीय लोगों पर अभियान चलाकर गुंडा एक्ट की कार्रवाई करती है। पुलिस ने उन लोगों पर भी गुण्डा एक्ट की कार्यवाही कर दी, जिनके खिलाफ केवल एक मुकदमा दर्ज था। हाईकोर्ट ने एक मुकदमे पर गुंडा एक्ट की कार्रवाई पर प्रमुख सचिव गृह पर तीस हजार का जुर्माना लगा दिया। दूसरी ओर हाथरस के मामले में हाईकोर्ट ने एक व्यक्ति के विरुद्ध एक मुकदमे के आधार पर दो बार गुंडा एक्ट की कार्रवाई के आदेश को रद्द कर दिया है। राज्य सरकार को निर्देश दिया है कि वह याचिका कर्ता को एक लाख रुपये के हर्जाने का भुगतान करें। कोर्ट ने कहा कि किसी व्यक्ति को एक या दो केस पर गुंडा घोषित नहीं किया जा सकता। इस आदेश के बाद पुलिस बैकफुट पर आ गई। प्रयागराज में तो पुलिस कमिश्नर रमित शर्मा की कोर्ट ने 2008 से लेकर 2022 तक के ऐसे कई मामलों की जांच कराई। सैकड़ों मामले ऐसे मिले जिनमें एक मुकदमे के आधार पर गुंडा एक्ट का नोटिस जारी किया था। पुलिस कमिश्नर ने एक ही दिन में ऐसे 712 मामलों का निस्तारण किया है।

## 24 से होगी डोंडिया में कथा

**अखंड भारत संदेश**

**बरगढ़/चित्रकूट।** क्षेत्र के डोंडियामाफी गांव में सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ में कथा व्यास आचार्य सूर्यदेव द्विवेदी महाराज प्रयागराज ने भागवत कथा का रसपान 24 मई से करायेंगे। गुरुवार को बताया कि 24 मई को कलश यात्रा निकलेगी। शुक्रवार से 30 मई तक कथा चलेगी। 31 मई को हवन पूर्णाहुति व सोमवार को महाप्रसाद बंटेगा। ये जानकारी आयोजक/मुख्य यजमान रामनिवास द्विवेदी ने दी।

## पुलिस ने दम्पति में कराई सुलह

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर सामाजिक रिश्तों को बचाने को जारी प्रयास में पुलिस कार्यालय स्थित परिवार परामर्श केन्द्र ने पारिवारिक विवाद को समाप्त कराकर एक दम्पति में सुलह कराई।

गुरुवार को राजापुर थाने के चनहट गांव की श्रीमती श्यामा देवी पत्नी गुलाब चन्द्र ने पति गुलाब चन्द्र पुत्र महेश्वरी चनहट पर गाली-गलौज, लड़ाई-झगड़ा, मारपीट व पत्नी को मायके से न ले जाने बाबत पुलिस अधीक्षक को पत्र सौंपा था। पुलिस अधीक्षक ने पत्र निस्तारण को प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र भेजा। केन्द्र प्रभारी श्रीमती गुड्डी देवी, महिला सिपाही शिवांगनी श्रीवास्तव ने शिकायतकर्ता की शिकायतों को विस्तार से सुन- समझकर दूसरे पक्ष को पुलिस कार्यालय बुलाया। दोनों पक्षों को भविष्य में विवाद न करने तथा पारिवारिक कर्तव्यों का पालन करने की बात कही। आपसी सुलह होने पर दम्पति ने तालमेल से रहने व पारिवारिक दायित्यों का निर्वहन करने की बात कही।



विवाद सुलझाती पुलिस।

## सोशलिस्ट पार्टी के युवा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष बने श्रेयांश

**अखंड भारत संदेश**

**मऊ/चित्रकूट।** अखिल भारतीय सोशलिस्ट पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजीव कुमार पांडेय की संस्तुति पर नगर पंचायत मऊ के श्रेयांश उर्फ बेटू बाजपेई को युवा प्रकोष्ठ का जिलाध्यक्ष बनाया गया। सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने वाले श्रेयांश बाजपेई जनहित के मुद्दों को उठाते रहते हैं। गुरुवार को श्रेयांश बाजपेयी को पार्टी के प्रति कड़ी मेहनत व लगन को देखते हुए ये दायित्व सौंपा गया है। उन्हें युवा प्रकोष्ठ का जिलाध्यक्ष बनाने पर क्षेत्रवासियों ने खुशी जताई है। क्षेत्र के विकास द्विवेदी, विपुल पांडेय, डॉ राजा शुक्ला, नेत्र चिकित्सक डॉ मनीष तिवारी, प्रकाश शुक्ला, गोलू द्विवेदी, शादाब गनी, मोफिस खान, सुदेश श्रीवास्तव, नरेंद्र खरे समेत सैकड़ों लोगों ने खुशी जताते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।



श्रेयांश बाजपेई।

## बुद्ध पूर्णिमा पर हुई रामघाट में जांच

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी की देखरेख में प्रभारी एलआईयू निरीक्षक सूर्यकान्त अरुण राय की अगुवाई में डॉग स्क्वायड व एलआईयू की संयुक्त टीम ने वैशाख माह के बुद्ध पूर्णिमा मेला पर सुरक्षा के मद्देनजर रामघाट आदि स्थानों पर जांच की। जांच में पुलिस को कोई आपत्तिजनक वस्तु व संदिग्ध लोग नहीं मिले। ये जांच ऐहतियातन की गई है।

## पहाड़ी पुलिस ने दो को दबोच बरामद की सात साइकिलें

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराधियों पर अंकुश लगाने को प्रभारी निरीक्षक पहाड़ी श्याम प्रताप पटेल की अगुवाई में पहाड़ी पुलिस टीम ने दो लोगों के कब्जे से चोरी की सात साइकिलों समेत गिरफ्तार किया।

ज्ञात है कि 22 मई को सरजो पुत्र सतन पहाड़ी ने थाने में सूचना दी कि वह घर के सामने साइकिल खड़ी कर अन्दर खाना खाने चला गया था। वह भोजन कर लौटा तो साइकिल गायब मिली। खोजबीन किया, साइकिल नहीं मिली। पुलिस ने मामला दर्जकर दरोगा विपिन कुमार मिश्रा को साइकिल बरामद कर आरोपियों की गिरफ्तारी के निर्देश दिये। दरोगा विपिन कुमार मिश्रा की टीम ने मुखबिर की सूचना पर पप्पू निषाद पुत्र कंधई लाल पटका सगवारा हाल मुकाम तुलसीपुर थाना धाता जिला फतेहपुर को चोरी की साइकिल समेत गिरफ्तार किया। आरोपी से पूंछताछ व निशानदेही पर राजा निषाद के घर के बाहर से चोरी की छह साइकिले बरामद की। पप्पू निषाद व राजा निषाद ने पूंछताछ में बताया कि वे दोनो अलग-अलग जगह से साइकिले चोरी करते हैं। बरामदगी पर पुलिस ने मामले में धारायें बढाई। टीम में दरोगा विपिन कुमार मिश्रा, सिपाही शरद व आनन्द शामिल रहे।



पुलिस गिरफ्त में चोर व साइकिलें।

## 125 महिलाओं को ई-रिक्शा का दिया प्रशिक्षण

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** मिशन शक्ति योजना के तहत 125 महिलाओं को दस दिवसीय ई-रिक्शा प्रशिक्षण शुभारम्भ जेपी इंटरमीडिएट कालेज में डिप्टी कमिश्नर उद्योग संदीप केशरवानी ने किया।

गुरुवार को उन्होंने कहा कि ये प्रशिक्षण महिलाओं के विकास में अहम भूमिका निभा सकता है। परिवार का भरण-पोषण कर सकती हैं। सभी मन लगाकर प्रशिक्षण लें। एसआई प्रकाश यादव ने कहा कि प्रशिक्षण से अलग पहचान बना सकती हैं। रोजगार करके परिवार की आर्थिक मदद हो सकती है।

पूर्व जिला समाज कल्याण अधिकारी बैजनाथ सिंह ने कहा कि ये प्रशिक्षण आत्मनिर्भर बनाने में मदद करेगा। संयोजक राकेश कुशवाहा ने प्रशिक्षण के बारे में जानकारी दी। संचालन रमेश कुमार सिंह ने किया। इस मौके पर प्रशिक्षक सूर्य प्रकाश तिवारी, गौरी कुशवाहा, सीमा, रूबी, मनीषा कुशवाहा, सुधा, अर्चना आदि मौजूद रहे।



प्रशिक्षण लेती महिलायें।


## ट्रेन के इंतजार में बैठी महिला की हुई मृत्यु

**अखंड भारत संदेश**

*__मानिकपुर/चित्रकूट।__ मानिकपुर रेलवे स्टेशन पर बिलासपुर जाने को सारनाथ एक्सप्रेस के इंतजार में प्लेटफार्म नंबर एक पर बैठी मां-बेटी में मां की अचानक मृत्यु हो गई। दोनों को सारनाथ एक्सप्रेस से बिलासपुर जाना था। ये हादसा बुधवार को अपरान्ह तीन बजे हुआ। बताया गया कि भौंरी गांव की शकुन्तला देवी (55) अपरान्ह तीन बजे मानिकपुर स्टेशन आई थी। शाम को सारनाथ एक्सप्रेस से उसे बिलासपुर जाना था। शाम छह बजे शकुन्तला देवी की अचानक हालत बिगड़ गई। बेटी आशा तिवारी व आरपीएफ सिपाहियों के सहयोग से एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मानिकपुर ले जाया गया। डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों को भौंरी से मानिकपुर बुलाया गया है।*

# आबादी शिफ्ट करना मानवीय कानूनों का उल्लंघन, युद्ध अपराध

**नई दिल्ली:** अधिकार समूह के कार्यकर्ता सुहास चकमा ने गुरुवार को चीन पर अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानूनों का उल्लंघन और युद्ध अपराध का आरोप लगाया. ह्यूमन राइट वॉच की ओर से बुधवार को जारी एक रिपोर्ट के अनुसार, 'यह तब हुआ है जब चीन, ग्रामीण तिब्बतियों को उनके लंबे समय से स्थापित गांवों को शिफ्ट करने के लिए मजबूर करने के लिए व्यवस्थित रूप से अत्यधिक दबाव का उपयोग कर रहा है.'



रिपोर्ट में दावा किया गया है कि 2016 के बाद से, तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र के अधिकारियों ने 140,000 से अधिक निवासियों वाले 500 गांवों को सैकड़ों किलोमीटर दूर नए स्थानों पर शिफ्ट कर दिया है या वर्तमान में ऐसा कर रहे हैं.

71 पन्ने की रिपोर्ट में कहा गया है कि 'जनता को अपनी सोच बदलने के लिए शिक्षित करें. चीन द्वारा ग्रामीण तिब्बतियों का जबरन पुनर्वास.' विवरण दिया गया है कि तिब्बत में पूरे गांव के पुनर्वास कार्यक्रमों में भागीदारी, जिसमें पूरे गांवों को स्थानांतरित किया जाता है, अंतरराष्ट्रीय कानून के उल्लंघन में जबरन बेदखली के समान है.

अधिकारी भ्रामक दावा करते हैं कि इन स्थानांतरणों से 'लोगों की आजीविका में सुधार होगा' और 'पारिस्थितिक पर्यावरण की रक्षा होगी.' सरकार स्थानांतरित लोगों को अपने पूर्व घरों में लौटने से रोकती है, आम तौर पर उन्हें शिफ्ट होने के एक वर्ष के भीतर इन घरों को ध्वस्त करने की आवश्यकता होती है.

इस मामले में टिप्पणी करते हुए राइट्स एंड रिस्क एनालिसिस ग्रुप के डायरेक्टर सुहास चकमा ने कहा कि 'जनसंख्या स्थानांतरण अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानूनों का उल्लंघन और युद्ध अपराध है. चीन द्वारा तिब्बतियों को उनकी सहमति के बिना ग्रामीण क्षेत्रों से स्थानांतरित करना अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत अवैध है और चीन को ऐसे कदमों को रोकना चाहिए.'

एचआरडब्ल्यू ने चीन के सरकारी मीडिया में 1,000 से अधिक रिपोर्टों से प्राप्त आधिकारिक आंकड़ों का हवाला दिया है, जिसमें बताया गया है कि चीनी अधिकारियों ने 2000 और 2025 के बीच 930,000 से अधिक ग्रामीण तिब्बतियों को शिप्ट किया होगा. इनमें से ज्यादातर 2016 के बाद हुए हैं. रिपोर्ट में कहा गया है कि इनमें से अधिकांश स्थानांतरण - 709,000 से अधिक लोग या 76% स्थानांतरण - 2016 के बाद से हुए हैं.

ह्यूमन राइट्स वॉच ने यह भी पाया कि उच्च-स्तरीय अधिकारी नियमित रूप से ग्रामीण तिब्बतियों को स्थानांतरित करने के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए स्थानीय अधिकारियों पर बलपूर्वक उपाय करने के लिए दबाव डालेंगे.

रिपोर्ट में कहा गया है कि उच्च-स्तरीय अधिकारी नियमित रूप से स्थानांतरण कार्यक्रम को राष्ट्रीय राजधानी बीजिंग या क्षेत्रीय राजधानी ल्हासा से सीधे आने वाली एक नीति के रूप में चिह्नित करेंगे.

रिपोर्ट के अनुसार, जिन 709,000 लोगों को स्थानांतरित किया गया, उनमें से 140,000 को पूरे गांव के पुनर्वास अभियान के हिस्से के रूप में और 567,000 को व्यक्तिगत घरेलू पुनर्वास के हिस्से के रूप में स्थानांतरित किया गया था. पूरे गांवों को सैकड़ों किलोमीटर दूर स्थानों पर शिफ्ट कर दिया गया और 2016 के बाद से ग्रामीण ग्रामीणों और चरवाहों के पुनर्वास में नाटकीय रूप से तेजी आई है.

रिपोर्ट में कहा गया है कि 2000 और 2024 के बीच, कुल 30 लाख, 36 हजार ग्रामीण तिब्बती अन्य कार्यक्रमों से प्रभावित हुए, जिनके लिए घरों का पुनर्निर्माण करना और यदि वे खानाबदोश हैं, तो आवश्यक रूप से स्थानांतरित किए बिना, एक गतिहीन जीवन शैली अपनाने की आवश्यकता थी.

रिपोर्ट में और क्या : रिपोर्ट यह स्पष्ट करती है कि जब किसी गांव को पुनर्वास के लिए टारगेट किया जाता है, तो निवासियों के लिए गंभीर परिणामों का सामना किए बिना स्थानांतरित होने से इनकार करना असंभव है।

# मेरिका में बर्ड फ्लू का दूसरा मानव मामला सामने आया

**वाशिंगटन:** अमेरिका में बर्ड फ्लू से संक्रमित होने वाला दूसरा व्यक्ति सामने आया है. स्वास्थ्य अधिकारियों के हवाले से यह खबर दी गई है. मिशिगन स्वास्थ्य और मानव सेवा विभाग (टऊल्लर) ने कहा कि मिशिगन का एक फार्मवर्कर बर्ड फ्लू से संक्रमित हो गया है. वह बर्ड फ्लू, या एवियन इन्फ्लूएंजा से संक्रमित पशुओं के नियमित संपर्क में था.



रोग नियंत्रण और रोकथाम केंद्र ने कहा कि मिशिगन डेयरी कर्मचारी की एच5एन1 संक्रमित मवेशियों के संपर्क में आने के कारण निगरानी की जा रही थी और उन्होंने स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारियों को लक्षणों की सूचना दी थी. प्रेस विज्ञप्ति में सीडीसी ने कहा, 'रोगी से दो नमूने एकत्र किए गए थे. कर्मचारी की नाक से एकत्र किया गया नमूना राज्य स्वास्थ्य विभाग प्रयोगशाला में इन्फ्लूएंजा वायरस के लिए निगेटिव था।

आंख से लिया गया नमूना परीक्षण के लिए सीडीसी भेजा गया था क्योंकि यह उन कुछ प्रयोगशालाओं में से एक है जहां उन नमूनों का उपयोग सीडीसी ए (एच 5) परीक्षण के साथ किया जा सकता है. नमूना सीडीसी द्वारा प्राप्त किया गया था और परीक्षण के परिणामों से ए(एच5) वायरस संक्रमण की पुष्टि हुई. सीडीसी में नाक के नमूने का दोबारा परीक्षण किया गया और इन्फ्लूएंजा के लिए नकारात्मक होने की पुष्टि की गई।

इसके बाद सरकार को परिणामों के बारे में सूचित किया गया. इसमें कहा गया है कि क्लिनिकल नमूने में वायरस को अनुक्रमित करने का प्रयास चल रहा है और सफल होने पर 1-2 दिनों के भीतर उपलब्ध कराया जाएगा. एमडीएचएचएस ने कहा कि फार्म वर्कर अब ठीक हो गया है. वह फार्म वर्कर के संबंध में कोई अतिरिक्त पहचान संबंधी जानकारी नहीं बताएगा। एक रिपोर्ट के अनुसार इससे पहले अप्रैल में टेक्सास में बर्ड फ्लू का पहला मानव मामला सामने आया था और यह मवेशियों से भी जुड़ा था.

संक्रमित व्यक्ति ने बीमार मवेशियों के साथ काम किया और उनके एकमात्र लक्षण के रूप में आंखों की लाली की सूचना दी. मिशिगन सहित पूरे अमेरिका में बर्ड फ्लू के अब तक केवल तीन मामले सामने आए हैं।

एमडीएचएचएस और सीडीसी के अनुसार लोगों के लिए जोखिम कम है. एमडीएचएचएस की मुख्य चिकित्सा कार्यकारी डॉ. नताशा बागदासेरियन ने एक बयान में कहा, 'मिशिगन ने तेजी से सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रतिक्रिया का नेतृत्व किया है. मिशिगन में पोल्ट्री और मवेशियों के झुंडों में इन्फ्लूएंजा ए (एच5एन1) का पता चलने के बाद से हम इस स्थिति पर बारीकी से नजर रख रहे हैं।

# नेपाल के सहकारी घोटाले की जांच को लेकर संसदीय जांच समिति के गठन पर नहीं बन पाई सहमति

**काठमांडू।** सहकारी घोटाले में गृहमंत्री की संलग्नता की जांच को लेकर संयुक्त संसदीय जांच समिति के गठन पर अब तक सहमति नहीं बन पाई है। गुरुवार को भी बैठक में कोई सहमति न बन पाने के बावजूद सत्ता पक्ष और विपक्ष अपनी-अपनी बात से पीछे हटने के लिए तैयार नहीं है। विपक्षी दल गृहमंत्री के खिलाफ सड़क पर आन्दोलन करने के अपने फैसले पर अड़े हैं। कानून मंत्री पदम गिरी ने बताया कि सत्ता पक्ष और विपक्षी दलों के बीच समिति गठन को लेकर सहमति बनने के बावजूद उसके कायार्देश को लेकर आज भी सहमति नहीं बन पाई है। पिछले चार दिनों से लगातार हो रही बैठक में कोई सहमति न पाने पर विपक्षी दलों की तरफ से मांग अभी भी जारी है। उन्होंने कहा कि कायार्देश में गृहमंत्री का नाम उल्लेख करते हुए उनकी संलग्नता में जितनी भी सहकारी संस्थाओं में अनियमितता हुई है, उस बात का स्पष्ट उल्लेख करने के लिए विपक्ष अपनी बार पर कायम है। इस मामले को लेकर सभी प्रमुख दलों की तरफ से कानून मंत्री के संयोजकत्व में एक पांच सदस्यीय कार्यदल का गठन किया है, जिसे कायार्देश बनाने की जिम्मेदारी दी गई है, लेकिन लगातार की बैठक के बावजूद सहमति नहीं बन पाई है। उन्होंने बताया कि सत्ता पक्ष और विपक्ष कोई भी अपनी बात से पीछे हटने के लिए तैयार नहीं है। समिति की बैठक में शामिल एमाले के प्रमुख सचेतक महेश बतौर्ला ने कहा कि गृहमंत्री के नाम का उल्लेख करने की मांग पर विपक्षी दल अड़े हैं, जिसे सरकार गिराने के षडयंत्र के रूप में लिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि गृहमंत्री की तरफ से यह स्पष्ट कहा जा चुका है कि यदि उनका नाम उल्लेख किया गया और जांच का दायरा सिर्फ उन पर ही केन्द्रित किया गया तो तत्काल वो ना सिर्फ सरकार से अलग हो जाएंगे, बल्कि सरकार से समर्थन भी वापस ले लिया जाएगा। बतौर्ला का कहना है कि इसी को आधार बनाकर नेपाली कांग्रेस गृहमंत्री का नाम उल्लेख कराने पर तुली है, ताकि सरकार अल्पमत में आकर बहुमत के अभाव में गिर जाए। उनका कहना है कि सरकार को गिराने का षडयंत्र किसी भी हालत में पूरा नहीं करने दिया जाएगा। इस समिति की बैठक में शामिल रहे नेपाली कांग्रेस के नेता जीवन परियार और ज्ञानेन्द्र कार्की ने कहा कि गृहमंत्री के नाम का उल्लेख किये बिना समिति का गठन पूरा हो ही नहीं सकता है। उन्होंने कहा कि गृहमंत्री की भूमिका की जांच के बिना समिति का क्या काम? गृहमंत्री रहते उनके खिलाफ जांच होना असंभव है। कांग्रेसी नेताओं का कहना है कि उनके पद पर रहते जांच को ना सिर्फ प्रभावित किया जा सकता है, बल्कि सबूतों के साथ छेड़छाड़ भी की जा सकती है।

# आईसीसी के फैसले के बावजूद हंगरी नेतन्याहू को हिरासत में नहीं लेगा



**बुडापेस्ट:** हंगरी ने कहा है कि वह अपने क्षेत्र में इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की गिरफ्तारी के लिए अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय (कउउ) का वारंट लागू नहीं करेगा. सरकार के मंत्री गेगेर्ली गुलियास ने गुरुवार को बुडापेस्ट में संवाददाताओं से कहा कि अगर नेतन्याहू हंगरी का दौरा करेंगे तो उन्हें हिरासत में नहीं लिया जाएगा. हंगरी रोम संविधि का हस्ताक्षरकर्ता है, जिसने आईसीसी की स्थापना की, लेकिन गुलियास ने कहा कि अदालत के फैसलों को लागू करने के प्रावधान अभी तक मध्य यूरोपीय देश में पूरी तरह से लागू नहीं हैं. हंगरी के प्रधानमंत्री विक्टर ओर्बन को नेतन्याहू के सहयोगी के रूप में देखा जाता है, जिन्होंने आईसीसी के कदम को 'अपमानजनक' बताया.

आईसीसी के मुख्य अभियोजक करीम खान ने सोमवार को कहा कि वह 7 अक्टूबर के हमलों के बाद से इजरायल और गाजा पट्टी में युद्ध अपराधों और मानवता के खिलाफ अपराधों पर नेतन्याहू, उनके रक्षा मंत्री योव गैलेंट और फिलिस्तीनी आतंकवादी समूह हमास के तीन नेताओं के लिए गिरफ्तारी वारंट की मांग कर रहे हैं.

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा।

# ब्रिटेन में 4 जुलाई को होगा चुनाव, जानें क्या हैं मुद्दे, किनके बीच है लड़ाई

## 30वीं बार सफल आरोहण कर सर्वाधिक बार का रिकार्ड भी अपने नाम किया दर्ज

**लंदन :** पांच साल में होने वाला ब्रिटेन का चुनाव इस बार देश के लिए काफी अहम रहने वाला है. कुछ लोगों का कहना है कि यह सत्ताधारी कंजर्वेटिव पार्टी के लिए अस्तित्व का सवाल भी पैदा कर सकता है जो 2010 से सत्ता में है. वैश्विक वित्तीय संकट की गहराई के दौरान केंद्र-दक्षिणपंथी परंपरावादियों ने सत्ता संभाली और तब से दो और चुनाव जीते हैं।



लेकिन वे 14 साल चुनौतियों और विवादों से भरे रहे हैं, जिससे टोरीज, जैसा कि वे आमतौर पर जाने जाते हैं, बाएं और दाएं आलोचकों के लिए आसान लक्ष्य बन गए हैं. लेबर पार्टी को को गैर-जिम्मेदाराना खर्च की प्रतिष्ठा से छुटकारा पाने और यह साबित करने में अपनी चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा कि उनके पास शासन करने की क्या योजना है.

मध्य पूर्व में संघर्ष के कारण दोनों पार्टियां टूट रही हैं, टोरीज को इस्लामोफोबिया के आरोपों का सामना करना पड़ रहा है और लेबर पार्टी पूर्व नेता जेरेमी कॉर्बिन के तहत पनपे यहूदी विरोधी भावना से खुद को दूर करने के लिए संघर्ष कर रही है.

**यहां आगामी चुनाव और दांव पर लगे सबसे बड़े मुद्दों पर एक नजर**

यूनाइटेड किंगडम में चुनाव कब है? प्रधान मंत्री ऋषि सुनक ने चुनाव की तारीख 4 जुलाई निर्धारित की, जो अपेक्षित समय से कई महीने पहले है. उनके पास चुनाव कराने के लिए दिसंबर तक का समय था, जिसे 28 जनवरी, 2025 तक बढ़ाया जा सकता था. बता दें कि यूके में चुनाव की तारीखें सत्तारूढ़ दल अपनी सुविधा के अनुसार तय कर सकता है.

लंदन स्थित थिंक टैंक इंस्टीट्यूट फॉर गवर्नमेंट ने कहा था कि पहले यह उम्मीद थी कि शरद ऋतु के दौरान जब चुनाव को प्रभावित करने वाले आर्थिक कारकों में सुधार होने के बाद चुनाव कराये जायेंगे. लेकिन बुधवार को अनुकूल आर्थिक समाचार ने कहानी बदल दी. ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, यूके में मुद्रास्फीति घटकर 2.3 प्रतिशत पर आ गई.

मतदान कैसे कार्य करता है? पूरे यूनाइटेड किंगडम में लोग पांच साल तक की अवधि के लिए हाउस ऑफ कॉमन्स के सभी 650 सदस्यों को चुनेंगे. जिस पार्टी को कॉमन्स में अकेले या गठबंधन में बहुमत मिलेगा, वह अगली सरकार बनाएगी और उसका नेता प्रधान मंत्री होगा. इसका मतलब है कि नतीजे सरकार की राजनीतिक दिशा तय करेंगे, जिसका नेतृत्व पिछले 14 वर्षों से केंद्र-दक्षिणपंथी परंपरावादियों की ओर से किया जा रहा है. व्यापक तौर पर मध्य-वामपंथी लेबर पार्टी सबसे मजबूत स्थिति में देखी जा रही है.

**लड़ाई में कौन-कौन हैं:** पूर्व ट्रेजरी प्रमुख सुनक, जो अक्टूबर 2022 से प्रधान मंत्री हैं चुनाव में अपनी पार्टी का नेतृत्व करेंगे. उनके प्राथमिक प्रतिद्वंद्वी कीर स्टार्मर होंगे, जो इंग्लैंड में सार्वजनिक अभियोजन के पूर्व निदेशक और अप्रैल 2020 से लेबर पार्टी के नेता हैं. किसी भी पार्टी या गठबंधन को स्पष्ट बहुमत ना मिलने की स्थिति में अन्य पार्टियां, जिनमें से कुछ के पास मजबूत क्षेत्रीय समर्थन है, गठबंधन सरकार बनाने के लिए महत्वपूर्ण हो सकती हैं.

स्कॉटिश नेशनल पार्टी, जो स्कॉटिश स्वतंत्रता के लिए अभियान चलाती है, लिबरल डेमोक्रेट और डेमोक्रेटिक यूनियनिस्ट पार्टी, जो ब्रिटेन और उत्तरी आयरलैंड के बीच संबंध बनाए रखना चाहती है, वर्तमान में कंजर्वेटिव और लेबर के बाद संसद में तीन सबसे बड़ी पार्टियां हैं. कई पर्यवेक्षकों का सुझाव है कि टोरी विद्रोहियों की ओर से गठित नई रिफॉर्म पार्टी कंजर्वेटिवों से वोट छीन सकती है.

**दांव पर कौन से बड़े मुद्दे हैं?**

**अर्थव्यवस्था:** ब्रिटेन उच्च मुद्रास्फीति और धीमी आर्थिक वृद्धि से जूझ रहा है. इन दोनों आर्थिक स्थितियों ने ब्रिटेन के लोगों की जेब पर गहरा प्रभाव डाला है. कंजर्वेटिव मुद्रास्फीति को आधा करने के अपने लक्ष्य को पूरा करने में सफल रहे, जो अक्टूबर 2022 में 11.1% पर पहुंच गई थी. लेकिन 2023 के आखिरी छह महीनों में अर्थव्यवस्था तकनीकी रूप से मंदी के कगार पर पहुंच गई थी जिससे सरकार की नीतियों पर सवाल खड़े हो गये.

आप्रवासन: हाल के वर्षों में हजारों शरण चाहने वालों और आर्थिक प्रवासियों ने कमजोर फुलाने वाली नावों में इंग्लिश चैनल पार किया है, जिससे यह चिंता बढ़ गई है कि सरकार ने ब्रिटेन की सीमाओं पर नियंत्रण खो दिया है. नावों को रोकने के लिए कंजर्वेटिवों की हस्ताक्षर नीति इन प्रवासियों में से कुछ को रवांडा में निर्वासित करने की योजना है. आलोचकों का कहना है कि यह योजना अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन करती है, अमानवीय है और युद्ध, अशांति और अकाल से भागने वाले लोगों को रोकने के लिए कुछ नहीं करेगी.

**स्वास्थ्य सेवा:** ब्रिटेन की राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा, जो सभी को मुफ्त स्वास्थ्य देखभाल प्रदान करती है, दंत चिकित्सा देखभाल से लेकर कैंसर के इलाज तक हर चीज के लिए लंबी प्रतीक्षा सूची से ग्रस्त है. अखबार ऐसी कहानियों से भरे रहते हैं कि गंभीर रूप से बीमार मरीजों को एम्बुलेंस के लिए घंटों इंतजार करना पड़ता है, या अस्पताल के बिस्तर के लिए उससे भी अधिक समय तक इंतजार करना पड़ता है.

**पर्यावरण:** सुनक पर्यावरणीय प्रतिबद्धताओं की एक श्रृंखला से पीछे हट गए हैं, उन्होंने गैसोलीन और डीजल से चलने वाले यात्री वाहनों की बिक्री को समाप्त करने और उत्तरी सागर में नए तेल ड्रिलिंग को अधिकृत करने की समय सीमा को पीछे धकेल दिया है. आलोचकों का कहना है कि ये गलत नीतियां हैं खासतौर से तब जब दुनिया जलवायु परिवर्तन से निपटने की कोशिश कर रही है।

# अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव 2024 में डोनाल्ड ट्रंप को वोट करेंगी निक्की हेली

**वाशिंगटन:** रिपब्लिकन पार्टी की राष्ट्रपति पद की पूर्व उम्मीदवार निक्की हेली ने बुधवार को कहा कि वह नवंबर में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के बजाय पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को वोट देंगी. हडसन इंस्टीट्यूट में अपनी टिप्पणी में हेली ने कहा कि वह ऐसे राष्ट्रपति को प्राथमिकता देती हैं जो दुश्मनों को जवाबदेह ठहराएगा. साथ ही सीमा की सुरक्षा करेगा और पूंजीवाद और स्वतंत्रता का समर्थन करेगा।




निक्की हेली ने कहा, 'ट्रम्प इन नीतियों पर सही नहीं रहे हैं.' एक मतदाता के रूप में मैं अपनी प्राथमिकताएं ऐसे राष्ट्रपति को देता हूं जो हमारे सहयोगियों का समर्थन करेगा और हमारे दुश्मनों को जवाबदेह ठहराएगा और जो सीमा को सुरक्षित करेगा. अब कोई बहाना नहीं होगा.' हेली ने कहा, 'एक राष्ट्रपति जो पूंजीवाद और स्वतंत्रता का समर्थन करेगा, एक राष्ट्रपति जो समझता है कि हमें कम कर्ज की जरूरत है, ज्यादा कर्ज की नहीं।

उन्होंने कहा,'ट्रम्प इन नीतियों पर सही नहीं रहे हैं. मैंने इसे कई बार स्पष्ट किया है लेकिन बाइडेन भी संतोषजनक नहीं रहे हैं. द हिल रिपोर्ट के अनुसार, निक्की हेली ने कहा, 'इसलिए, मैं ट्रंप को वोट दूंगी.' इससे पहले मार्च में हेली जीओपी के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार की दौड़ से बाहर हो गई थीं. उन्होंने कहा था, 'अब मेरे अभियान को निलंबित करने का समय आ गया है।

मैंने कहा कि मैं चाहती हूं कि अमेरिकियों की आवाज सुनी जाए. मैंने वह किया है. मुझे कोई पछतावा नहीं है।

निक्की हेली ने कहा,'मैंने अपने निलंबन भाषण में जो कहा, मैं उस पर कायम हूं. ट्रंप उन लाखों लोगों तक पहुंचने में स्मार्ट होंगे जिन्होंने मुझे वोट दिया और मेरा समर्थन करना जारी रखा.' संस्थान में हेली की टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब वह दौड़ से बाहर होने के बावजूद रिपब्लिकन राष्ट्रपति पद के प्राथमिक परिणामों में महत्वपूर्ण उपस्थिति बनाई हुई हैं, क्योंकि जीओपी में कुछ लोग विरोधी वोटों के माध्यम से डोनाल्ड ट्रम्प के प्रति अपनी निराशा व्यक्त करते हैं।

दक्षिण कैरोलिना के पूर्व गवर्नर को पिछले सप्ताह मैरीलैंड के जीओपी प्राथमिक में 20 प्रतिशत और नेब्रास्का में 18 प्रतिशत वोट मिले. उससे एक सप्ताह पहले, हेली ने इंडियाना के रिपब्लिकन प्राइमरी में लगभग 22 प्रतिशत वोट हासिल किए थे. इस साल की शुरूआत में उन्हें एरिजोना और पेंसिल्वेनिया के दो प्रमुख युद्धक्षेत्रों में से प्रत्येक में 100,000 से अधिक वोट मिले।

# नेपाल : पीएमओ से चल रहा अवैध रूप से अमेरिका भेजने का धंधा, तीन कर्मचारी निलम्बित

**काठमांडू।** नेपाल के प्रधानमंत्री के दफ्तर से अवैध रूप से अमेरिका भेजने का धंधा चलने का खुलासा हुआ है। विश्वकप क्रिकेट मैच के नाम पर लोगों को अवैध रूप से अमेरिका भेजने के काम में संलग्न तीन कर्मचारियो को निलम्बित कर दिया गया है। प्रधानमंत्री कार्यालय के सचिव कृष्णहरि पुष्कर ने बताया कि टी 20 विश्वकप क्रिकेट के नाम पर अवैध लोगों को अमेरिका भेजने में संलग्न पीएमओ के डिप्टी सेक्रेटरी विष्णु सुवेदी और दो सेक्सन अफिसर ज्ञानेन्द्र शर्मा और लक्ष्मी प्रसाई को निलम्बित कर दिया गया है। इन तीनों ने मिल कर बिना स्वीकृति लिये 23 लोगों का नाम अमेरिका भेजने के लिए विदेश मंत्रालय में भेज दिया था। विश्वकप क्रिकेट मैच देखने के लिए क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ नेपाल के अधिकारियों के साथ अन्य लोगों को भी भेजने की प्रक्रिया आगे बढ़ाई गई थी। इस मामले में जांच से पता चला है कि एक टूअर्स एंड ट्रैवेल कंपनी और क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ नेपाल के अधिकारियों की मिलीभगत से लोगों को अमेरिका भेजने की तैयारी थी। नेपाली क्रिकेट टीम और क्रिकेट एसोसिएशन के अधिकारियों के लिए टिकटिंग कराने वाले रूपसे हॉलीडे ट्रैवल एजेंसी ने 23 अतिरिक्त लोगों का टिकट बना कर वीजा प्रोसेस के लिए आगे बढ़ाया था। जांच से पता चला है कि जिन अतिरिक्त लोगों का नाम इस सूची में शामिल किया गया था, उनमें प्रत्येक से 30 से 35 लाख रुपये वसूलने की तैयारी थी।

# जॉर्जिया में कार पलटने से 3 भारतीय-अमेरिकी छात्रों की मौत, 2 घायल



**वाशिंगटन।** अमेरिका के जॉर्जिया राज्य में एक भीषण सड़क दुर्घटना में तीन भारतीय-अमेरिकी छात्रों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। तेज रफ्तार के कारण कार पलटी और दुर्घटनाग्रस्त हो गई। स्थानीय पुलिस के अनुसार, मृतकों की पहचान श्रीया अवसरला, अन्वी शर्मा और आर्यन जोशी के रूप में हुई है। तीनों की उम्र 18 साल बताई जा रही है। बता दें कि यह दुर्घटना सोमवार को मैक्सवेल रोड के उत्तर में स्थित वेस्टसाइड पार्कवे पर गाड़ी चलाते समय हुई। सभी पीड़ित की पहचान आर्यन जोशी, श्रीया अवसरला और अन्वी शर्मा के रूप में हुई है।

**श्रीया अवसरला, आर्यन जोशी और अन्वी शर्मा कौन थे?**

बता दें कि आर्यन जोशी ने हाल ही में अल्फारेटा हाई स्कूल में अपना सीनियर ईयर पूरा किया है, जबकि श्रीया अवसरला और अन्वी शर्मा जॉर्जिया यूनिवर्सिटी में फर्स्ट ईयर के छात्र हैं। घायल छात्रों में जॉर्जिया स्टेट यूनिवर्सिटी में पढ़ने वाले और होंडा एकॉर्ड के ड्राइवर रितवाक सोमपल्ली और अल्फारेटा हाई स्कूल के सीनियर छात्र मोहम्मद लियाकाथ शामिल हैं।

**ड्राइवर ने खोया नियंत्रण, दो की ऑन द स्पॉट मौत**

अल्फारेटा पुलिस के अनुसार, दुर्घटना का मुख्य कारण तेज स्पीड हो सकती है। वे दुर्घटना के सटीक कारण का पता लगाने के लिए गहन जांच कर रहे हैं। दुर्घटना तब हुई जब कार के ड्राइवर ने वाहन पर नियंत्रण खो दिया, जिससे वाहन पलट गया और पेड़ों की कतार में उल्टा जा गिरा। आर्यन जोशी और श्रीया अवसरला की मौके पर ही मौत हो गई। वाहन के पिछले हिस्से में बैठी अन्वी शर्मा को नॉर्थ फुल्टन अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। घायलों का इलाज उसी अस्पताल में चल रहा है।

# सराफा बाजार में सोना स्थिर, चांदी में तेजी

**नई दिल्ली।** घरेलू सराफा बाजार में सोना के भाव में आज कोई बदलाव नहीं हुआ है। देश के ज्यादातर सराफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 74,500 रुपये से लेकर 74,830 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना 68,290 रुपये से लेकर 68,590 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर बना हुआ है। हालांकि चांदी आज एक बार फिर तेजी दिखा कर 96 हजार के स्तर के करीब पहुंच गया है। चांदी में तेजी आने की वजह से आज दिल्ली सराफा बाजार में चांदी 95,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।